राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर



# प्रातः किरण



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 शहीदों के सपनों को साकार करना ही उनके प्रति ...

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 108 | पटना, सोमवार, 27 जुलाई, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद की 15वीं बैठक

# दुर्गावती पंप भंडारण परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : सम्राट



- न्यजीव एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ ईको-टूरिज्म के विस्तार के लिये सरकार प्रतिबद्ध।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विश्व के सबसे ऊंचे एवं महत्त्वपूर्ण बौद्ध स्तूपों में से एक केसरिया स्तूप के संरक्षण, विकास एवं पर्यटन की दृष्टि से समग्र संवर्द्धन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करें।

प्रात : किरण

पटना। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में रविवार को बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद की 15वीं बैठक में वन्यजीव संरक्षण, ईको टूरिज्म और हरित विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद की 15वीं बैठक से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्य में वन्यजीव संरक्षण, प्रकृति आधारित पर्यटन (ईको टूरिज्म) के विस्तार तथा पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

**ईको टूरिज्म को विकसित किए जाएं :** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ ईको टूरिज्म को बढ़ावा देकर रोजगार, निवेश और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर विकसित किए जाएं। उन्होंने सभी प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। पर्यटन स्थलों पर व्यावसायिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए, जिससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर आधुनिक सुविधाओं के विकास, होटल-रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, ट्रैकिंग एवं एडवेंचर्स टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ सभी प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वित करें।

**पर्यटन परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर विकसित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर विकसित करें। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाए। रोहतास एवं दुर्गावती क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा ग्रीन एनर्जी के संभावित निवेश को प्रोत्साहित करने रोहतास क्षेत्र में ईको टूरिज्म के व्यापक विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। बांध के आसपास के क्षेत्रों का समुचित विकास करते हुए होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाय। पर्यटन स्थलों एवं पहाड़ी क्षेत्रों में ट्रैकिंग, भ्रमण, साहसिक गतिविधियों एवं पर्यटक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समग्र विकास योजना तैयार की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विरासत एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण को गति दी जाए।

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का विकसित करना सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध राज्य है। इन धरोहरों का संरक्षण करते हुए उन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा बिहार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान स्थापित करेगा।

ये रहें मौजूद : बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ रामचन्द्र प्रसाद, विधायक शालिनी मिश्रा, विधायक वीरेन्द्र सिंह, विधायक बाबू लाल शौर्य, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह, निदेशक मत्स्य पालन तुषार सिंगला, निदेशक पशुपालन उज्ज्वल कुमार सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर सहित संबद्ध विभागों के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद के सदस्य जुड़े हुये थे।

### सीतामढ़ी में कचरे की रिसाइकलिंग बेंच बनी वेस्ट टू वेल्थ की मिसाल

#### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने की सराहना, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज भगवान उत्सव हॉल जक्कनपुर, पटना में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 136 वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए। आकाशवाणी पर प्रसारित मन की बात के लाइव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के सीतामढ़ी में कचरे की रिसाइकलिंग कर बनाई जा रही बेंच को सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से बना यह बेंच न सिर्फ मजबूत, टिकाऊ और आरामदायक है बल्कि इको फ्रेंडली भी है। यह बताता है कि रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि यह जीवन का एक अहम हिस्सा है। यह अनूठी पहल वेस्ट टू वेल्थ का शानदार उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री देश की भिन्न-भिन्न खासियतों एवं पहलुओं पर देशवासियों से सीधे संवाद कर उन्हें प्रेरित तथा प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े विषयों का उल्लेख किया जाना राज्यवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम में बिहार के सीतामढ़ी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्य को सराहनीय बताया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

प्रधानमंत्री द्वारा कही गयी बातें यह साबित करती हैं कि हम बिहारवासी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी सजग हैं जो हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये बिहार में 'वेस्ट टू वेल्थ' को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिये व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार अपनी सांस्कृतिक धरोहर, कृषि उत्पादों और लोक परंपराओं के माध्यम से देश की समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा इन विशेषताओं को राष्ट्रीय मंच पर स्थान दिए जाने से राज्य के लोगों का उत्साह और बढ़ा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति राज्य की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का संभाला कार्यभार



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रविवार को यहां शिक्षा मंत्रालय का आधिकारिक कार्यभार संभाला। उनके पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का भी प्रभार है। श्री जोशी ने पदभार संभालने के बाद मंत्रालय की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और चल रही विभिन्न योजनाओं और अन्य पहलों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। इस बैठक में शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री टी के अनिल कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इससे पहले श्री जोशी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा, ह्यमुझ पर भरोसा करने और मुझे यह ज़िम्मेदारी सौंपने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का आभारी हूँ। मैं इसे विनम्रता और कर्तव्य की गहरी भावना के साथ स्वीकार करता हूँ। उन्हें श्री धर्मेंद्र प्रधान के पद से त्यागपत्र के बाद शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर श्री प्रधान का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और श्री जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा श्री जोशी उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों का नेतृत्व भी संभालते रहेंगे। शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिलने पर प्रह्लाद जोशी बोले, प्रधानमंत्री ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया। शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के बाद प्रह्लाद जोशी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर पूरा भरोसा जताया है और इसीलिए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा विभाग से जुड़ी सभी जानकारियों की समीक्षा के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं।केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाली है। यह जिम्मेदारी धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उन्हें मिली है, जिन्होंने पेपर लीक को लेकर देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दिया था।पद संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जोशी ने कहा, प्रधानमंत्री ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया है और मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मैं कल कर्नाटक में था, रात को यहां पहुंचा और आज सुबह पद संभालने और मंत्रालय का काम देखने के लिए यहां आया हूं।उन्होंने कहामैंने पूरे मंत्रालय को समझने की कोशिश की है। रविवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मैंने लगातार बैठकें कीं। यह विषय मेरे लिए नया है, इसलिए इसे पूरी तरह समझने के बाद मैं आपसे विस्तार से बात करूंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा देश की चुनौतियों और समाधानों से जुड़े, बनाए भविष्य को उज्जवल : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026 के प्रतिभागियों के साथ संवाद किया और उनके अनुभव जाने। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश का युवा विकसित भारत की ऊर्जा है और उसका सबसे बड़ा लाभार्थी है। ऐसे में युवा शक्ति अगर देश की चुनौतियों और समाधानों से सीधा जुड़े तो देश का भविष्य निश्चित तौर पर उज्जवल होगा। प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के करीब 250 जिलों के युवाओं से जुड़े। उन्होंने कहा कि देश के युवा के जमीन से जुड़ने से विकसित भारत के विजन को व्यापकता मिलती है। इससे उनमें देश के लिए जीने और कुछ करने का संकल्प मजबूत होता है।

## पीओके भारत का अभिन्न अंग, पाकिस्तान से वार्ता हुई तो सिर्फ यही मुद्दा उठाया जाएगा: राजनाथ

प्रात : किरण

द्रास/एजेंसी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। सिंह ने यह घोषणा द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल विजय दिवस समारोह के संबोधन में की। रक्षामंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के साथ भविष्य में कोई भी बातचीत केवल पीओके के मुद्दे पर होगी। पीओके भारत का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपनी राज्य नीति के हिस्से के रूप में आतंकवाद को संस्थागत रूप दिया है और उसके सैन्य प्रतिष्ठान और आतंकवादी संगठनों के बीच कोई अंतर नहीं है। सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों और उनके समर्थकों को कड़ा जवाब दिया है कि भारत किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का और भी अधिक बल के साथ जवाब देने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता को खतरे में डालने की हर कोशिश का हमारे सशस्त्र बल मुंहतोड़ जवाब देंगे। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान शहीद होने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षामंत्री ने इस संघर्ष को न केवल एक सैन्य और कूटनीतिक जीत बताया बल्कि एक ऐसा निर्णायक क्षण भी बताया जिसने दुनिया के सामने भारतीय सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध स्मारक पर अंकित शहीदों के नाम देश के हर क्षेत्र, धर्म और समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं जो भारत की एकता को दर्शाते हैं और देश को बांटने की कोशिश करने वालों को एक कड़ा संदेश देते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तुलना करते हुए सिंह ने कहा कि भारत नवाचार, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और अंतरिक्ष अन्वेषण के माध्यम से प्रगति कर रहा है जबकि पाकिस्तान आतंकवाद, कट्टरपंथ और सीमा पार घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर, स्टार्टअप, उपग्रह और डिजिटल बुनियादी ढांचा बना रहा है जबकि पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध को बढ़ावा दे रहा है।

युद्ध की शौर्य गाथाओं को याद करते हुए सिंह ने कहा कि कई सैनिक अपनी उम्र के शुरूआती बीसवें पड़ाव में थे जिनके कई सपने और अरमान थे फिर भी उन्होंने खुशी-खुशी देश की सेवा में अपनी जान दे दी। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों–जिनमें उनकी माताएं, पत्नियां और बच्चे शामिल थे–द्वारा सहे गए गहरे दुख को भी याद किया।

## काला सागर क्षेत्र में काम करने से पहले विशेष एहतियात बरतें नाविक : विदेश मंत्रालय

- काला सागर और उससे लगे समुद्री क्षेत्रों में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बेहद अस्थिर बनी हुई है

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय नागरिकों के लिए नया परामर्श जारी करते हुए संघर्षग्रस्त काला सागर क्षेत्र में संचालित अथवा वहां से गुजरने वाले कारोबारी जहाजों पर नौकरी स्वीकार करने से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल और ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे के कारण यह क्षेत्र अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है और इस वर्ष अप्रैल से अब तक पांच भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। इसमें कहा गया है कि काला सागर और उससे लगे समुद्री क्षेत्रों में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बेहद अस्थिर बनी हुई है। इन जल क्षेत्रों में संचालित अथवा इनसे गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को मिसाइल और ड्रोन हमलों सहित गंभीर सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। परामर्श में कहा गया, काला सागर और उससे सटे समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति अत्यधिक अस्थिर बनी हुई है। इन जल क्षेत्रों में संचालित या इनसे गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को मिसाइल और ड्रोन हमलों सहित गंभीर सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल 2026 से वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों में तेजी आई है, जिसके परिणामस्वरूप पांच भारतीय नाविकों की दुखद मृत्यु हुई है। मंत्रालय ने संघर्ष प्रभावित क्षेत्र में संचालित जहाजों पर नौकरी करने के इच्छुक भारतीय नागरिकों से नियुक्ति स्वीकार करने से पहले सभी संभावित जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन करने की सलाह दी है।

## राहुल गांधी ने गृह मंत्री को पत्र लिखकर छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता पर मांगा जवाब

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता पर जबाव मांगा है। राहुल गांधी ने इस पत्र को एक्स पर साझा किया है। हमारे छात्र एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे थे। उनकी बात सुनने के बजाय, सुरक्षा बलों ने उन पर अंधाधुंध बल प्रयोग किया, जिसमें घातक हथियारों और आंसू गैस का इस्तेमाल भी शामिल था। सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए लिखा कि सबसे चौंकाने वाली बात पैलेट गन का इस्तेमाल है। मीडिया और सोशल मीडिया की रिपोर्टों में साफ तौर पर उन लोगों को दिखाया गया है जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। मैं 19 साल के छात्र साहिल लोचब से मिला, जो दर्द में है और पैलेट गन की गोली लगने के कारण उसकी एक आंख की रोशनी जाने का खतरा है। दिल्ली में तैनात सुरक्षा बल आखिरकार आपके प्रति जवाबदेह हैं। इसलिए मैं दो सवाल पूछता हूं कि गृह मंत्री के तौर पर क्या आपने छात्रों के खिलाफ पैलेट गन समेत घातक बल के इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। अगर नहीं, तो किसने दी। सादे कपड़ों में छात्रों को लाठियों से पीटते हुए जो लोग दिखे, क्या वे पुलिसकर्मी हैं या स्वयंसेवक। उनकी तैनाती की इजाजत किसने दी? उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन बहुत जरूरी है। प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा करना और बातचीत के जरिए उनकी शिकायतों का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। ऐसी बर्बर हिंसा हर नियम को खत्म कर देती है और इसने देश को आक्रोशित कर दिया है। युवा और छात्र, जो हमारे देश का भविष्य हैं जवाब और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

## 100 दिनों के बाद अगला लक्ष्य : निवेश, उद्योग और रोजगार पर फोकस

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार के पहले 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए। इनकी आधारशिला रखने के बाद अब सरकार का अगला चरण इन सभी नीतियों को मजबूती से सरजमी पर उतारना होगा। अब सरकार का पूरा फोकस बिहार में निवेश एवं उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार का नया केंद्र बनाने पर होगा। इसे लेकर राज्य सरकार के स्तर से एक विस्तृत दस्तावेज तैयार किया गया है। ताकि सभी भावी योजनाओं को समुचित तरीके से मूर्तरूप दिया जा सके। 100 दिनों के दौरान घोषित औद्योगिक, निवेश और व्यापार-अनुकूल नीतियां आने वाले महीनों में बड़े निवेश और रोजगार सृजन का आधार बनेगी। बिहार स्वयं को पूर्वी भारत के उभरते औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकता है। इस 100 दिवसीय पुस्तिका में उद्योग, निवेश, डिजिटलीकरण और नागरिक-केंद्रित शासन पर दिए गए जोर के अनुरूप है।

**अगले चरण में सरकार की प्राथमिकताएं:** राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम की शुरूआत करके उद्योगों को हर स्तर पर सहायता प्रदान करने की पहल की गई है। सरकार के स्तर से औद्योगिक निवेश के प्रोत्साहन से जुड़ी सशक्त नीतियों को निवेशकों तक सुलभता से पहुंचने की कवायद की जाएगी। लाइसेंस, एनओसी एवं अन्य दस्तावेजों को समयबद्ध स्वीकृति प्रदान करने की सुविधा के साथ ही भूमि आवंटन और परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर विशेष जोर रहेगा।

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0:** उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, डिजिटल तथा पारदर्शी बनाकर बिहार को निवेश के लिए प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में खासतौर से पहल की जाएगी। इससे राज्य में निवेश बढ़ने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।

**गन्ना एवं इथेनॉल उद्योग को बढ़ावा:** राज्य में गन्ना एवं एथेनॉल उद्योग का विस्तार करने खास फोकस किया जा रहा है। बिहार गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत नई चीनी मिलों, एथेनॉल डिस्टिलरी, को-जनरेशन और कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) परियोजनाओं में निवेश को गति देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

**ग्रीन इको सिस्टम को किया जाएगा विकसित:** ग्रीन इंडस्ट्री और ईवी इकोसिस्टम इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 के तहत बैटरी चालित वाहनों के लिए चार्जिंग नेटवर्क, विनिर्माण, बैटरी रीसाइक्लिंग उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे बिहार स्वच्छ औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

**एमएसएमई और स्टार्टअप को नई ऊर्जा :** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, स्थानीय उद्यमिता और स्टार्टअप आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर रहेगा।

**डिजिटल और पारदर्शी शासन:** पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, ई-स्टाम्प, ऑनलाइन सेवाएं और एआई आधारित प्रशासनिक प्रणालियों के विस्तार से उद्योगों और नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को और सरल बनाया जाएगा।

**कार्यक्रम** मन की बात में पीएम मोदी ने देशवासियों से पानी की हर बूंद बचाने की अपील की

## बारिश के हर बूंद के सहेजने को जन आंदोलन बनाया जाए : मोदी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 136वें एपिसोड में कैच द रेन अभियान की बात की और लोगों से पानी बचाने की अपील की। इसके साथ ही लोगों से कुएं, बावड़ी और तालाब को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा, पिछले एपिसोड में मैंने कैच द रेन अभियान के बारे में चर्चा की थी। मैंने आग्रह किया था कि बारिश के हर बूंद के सहेजने के इस अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए। कैच द रेन का संदेश बहुत सीधा है, जहां बारिश गिरे वहीं सहेजिए। इसलिए 4 जुलाई से देश भर में एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत बारिश के पानी के संचयन, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, पुराने जल स्रोतों का पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को नई गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मुझे बहुत खुशी है कि गांव हो या शहर, पंचायतें हो या सामाजिक संस्थाएं, हर जगह लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की है। कहीं पुराने तालाबों से गाद निकाले जा रहे हैं तो कहीं कुएं और बावड़ियों को नया जीवन दिया जा रहा है। बंद पड़े बोरवेल अब ग्राउंड वाटर रिचार्ज के माध्यम बन रहे हैं। आइए हम भी अपने आस-पास तालाब, कुएं या बावड़ी की जिम्मेदारी लें और पानी की हर बूंद बचाएं। आज बचाई गई हर बूंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी है।

### प्रधानमंत्री ने की सीतामढ़ी की प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पहल की सराहना

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में बिहार के सीतामढ़ी जिले की प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के पुनः उपयोग और स्वच्छता अभियान का प्रेरक उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री की ओर से इस पहल का उल्लेख किए जाने के बाद जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। अधिकारियों का मानना है कि इससे जिले के इस नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और अन्य जिलों को भी इस मॉडल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। दरअसल, सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड स्थित वेस्ट मैनेजमेंट इकाई में सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण कर उपयोगी फर्नीचर तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत लगभग 40 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे से एक मजबूत और टिकाऊ सिटिंग बेंच बनाई जाती है। इस पहल से एक ओर प्लास्टिक कचरे का सुरक्षित निस्तारण हो रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक उपयोग के लिए टिकाऊ फर्नीचर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने बक्सर की राय इंडस्ट्रीज के साथ व्यावसायिक समझौता किया है। इसके तहत वेस्ट मैनेजमेंट इकाई में संग्रहित चार हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण कर प्रथम चरण में 85 आकर्षक और मजबूत सिटिंग बेंचों का निर्माण किया गया है। इन बेंचों को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों, सरकारी विद्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उपयोग के लिए भेजा गया है, जहां इनका इस्तेमाल आम लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार बंद के दौरान हंगामा, तोड़ फोड़ में गिरफ्तार 26 लोगों को रूपसपुर थाने में लाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत बिहार बंद के दौरान शनिवार को पटना के गांधी मैदान एवं आसपास वे हंगामा, तोड़ फोड़ में गिरफ्तार 26 लोगों को रूपसपुर थाने में लाया गया। जिसमें से एक युवती की तबीयत बिगड़ गई। तत्काल पुलिस ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। जहां से उपचार के बाद उसे वापस लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया गांधी मैदान पुलिस द्वारा सभी को गिरफ्तार कर यहां भेजा गया है। जिन्हें तबीयत के बारे में जानकारी दे दी गई है। सभी को आगे की कार्रवाई के लिए गांधी मैदान थाना भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कर लाई गई एक युवती आफिया की तबीयत खराब हुई थी जिसका उपचार अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है।

### मन की बात के 136वें एपिसोड को भाजपा कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से सुना

औरंगाबाद। शहर के शुभम इंटरनेशनल होटल, कुंडा हाउस में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 136वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी तथा युवाओं की भूमिका सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए।पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का "मन की बात" कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्रहित के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम जनसामान्य को देश के विकास अभियानों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह एक प्रेरक कार्यक्रम है जिसका लोगों को इंतजार होता है। इस अवसर पर टुन्ना प्रसाद गुप्ता, उज्जवल कुमार, विनोद सिंह, अमर उजाला, रघुनाथ राम, चंद्रकांत कुमार, शत्रुघ्न सिंह, मुन्ना, सुनील कुमार सिंह, राम रूप सिंह, मनीष परमार, विकास बारूद, शैलेंद्र सिंह, पप्पू अनिल कुमार, विजय शर्मा, प्रमोद गुप्ता, भोला कुमार, कमल कुमार यादव, रंजन कुमार, कन्हैया यादव, शशि पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कच्ची सड़क बनी परेशानी का सबब मदार नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीण बेहाल

औरंगाबाद। औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड में मदार नदी पर पुल का अभाव ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। बरसात में कच्ची सड़क कीचड़ और जलजमाव से भर जाती है, जिससे स्कूल, अस्पताल और रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। वर्षों पुरानी इस समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राणपुर गांव से भैयाराम बिगहा जाने वाली कच्ची सड़क बरसात के मौसम में ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सड़क पर कीचड़ और जलजमाव के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि बाइक और अन्य वाहनों से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की सबसे बड़ी समस्या मदार नदी पर पुल का नहीं होना है। नदी के दक्षिणी हिस्से में पक्की सड़क बनी हुई है, लेकिन उत्तरी दिशा में अब भी कच्ची सड़क है। पुल के अभाव में बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने पर दोनों क्षेत्रों के बीच संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की खराब स्थिति के कारण बच्चों को स्कूल जाने, राशन लाने और इलाज के लिए प्राणपुर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी होती है।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर करसाव को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र

ओबरा (औरंगाबाद)। प्रखंड ओबरा के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, करसाव ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।एनक्यूएएस प्रमाणन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले संस्थानों को दिया जाता है। यह प्रमाणन मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, दवा उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, संक्रमण नियंत्रण, सेवा प्रबंधन तथा मरीजों की संतुष्टि सहित विभिन्न मानकों के मूल्यांकन के बाद प्रदान किया जाता है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर करसाव ने सभी निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90.77अंक प्राप्त किया जो जिले का अधिकतम अंक यह प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

# सम्राट सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा ने व्यक्त किया आभार, केंद्र व राज्य सरकार को दी बधाई

प्रातः किरण संवाददाता

सम्राट सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर बिहार विधानसभा के कॉन्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। कार्यक्रम में अति पिछड़ा वर्ग की लगभग 30 विभिन्न जातियों के प्रतिनिधियों एवं समाज के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है और अति पिछड़ा वर्ग बड़ी संख्या में इनका लाभ प्राप्त कर रहा है। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ तथा बिहार सरकार की विकासोन्मुखी योजनाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, किसान कल्याण एवं स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों में चल रही योजनाओं से अति पिछड़ा समाज का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ एवं आभार व्यक्त किया।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अति पिछड़ा वर्ग निरंतर प्राप्त करता रहेगा और समाज के सर्वांगीण विकास का मार्ग और अधिक सशक्त होगा। कार्यक्रम का संचालन महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री रणविजय रोशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज प्रतिनिधियों ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का स्वागत करते हुए अति पिछड़ा वर्ग के समग्र विकास के लिए सरकारों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# फरार चल रहे दो NBW वारंटियों पर नदी थाना पुलिस का शिकंजा, दोनों गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता




फतुहा। नदी थाना पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गैर-जमानती वारंट के अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सागर कुमार सहनी (22 वर्ष), पिता राजेश सहनी एवं आकाश कुमार (23 वर्ष), पिता कल्लू सहनी, दोनों निवासी ग्राम सम्मसपुर, थाना नदी, जिला पटना शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके गांव सम्मसपुर से गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। नदी थाना पुलिस का कहना है कि फरार वारंटियों के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आज भाजपा का दामन थामेंगे वार्ड पार्षद मनोज कुमार प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष रहेंगे मौजूद

प्रातः किरण /अभय आर्या



पटना । गयाजी नगर निगम के वार्ड पार्षद एवं लोकप्रिय समाजसेवी मनोज कुमार आज औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस विशेष सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा स्थानीय भाजपा नेतृत्व और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता इस समारोह का हिस्सा बनेंगे। भाजपा की नीतियों और जनहित के कार्यों में अटूट विश्वास भाजपा की सदस्यता लेने से पहले मनोज कुमार ने कहाः मैं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित के प्रति पार्टी के समर्पण पर पूर्ण भरोसा रखते हुए आज भाजपा परिवार में शामिल हो रहा हूँ। मनोज कुमार के भाजपा में शामिल होने से गयाजी क्षेत्र में पार्टी के संगठन को स्थानीय स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत भारतीय सेना अपनी गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन करते हुए प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाती है। यह दिवस उन अमर वीरों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की विजयगाथा को स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया। कारगिल की दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई इस ऐतिहासिक विजय ने भारतीय सैनिकों की वीरता, अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिहार रेजीमेंट केंद्र स्थित वीर स्मृति स्थल पर एकगरिमामयश्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनीश्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर बिहार रेजीमेंट केंद्र के समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट की ओर से वीर स्मृति स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की रक्षा में उनके अद्वितीय साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया श्रद्धांजलि समारोह में समादेष्टा के साथ लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार, लेफ्टीनेंट कर्नल अमित गुंजन, सूबेदार मेजर नारायण प्रधान, सूबेदार संजय सिंह, नायब सूबेदार सुजीत कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी जेसीओ एवं सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सैन्य अधिकारियों एवं जवानों ने वीर स्मृति स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की।समारोह के दौरान सेना के बैंड द्वारा वंदे मातरम्‌ रेजीमेंटल धुनों तथा अन्य देशभक्ति गीतों की मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति और वीरता की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। उपस्थित सभी सैनिकों ने देश की अखंडता, संप्रभुता एवं सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने तथा शहीदों के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प दोहराया। यह श्रद्धांजलि समारोह केवल वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर ही नहीं था, बल्कि भावी पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम,कर्तव्यपरायणता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देने का भी सशक्त माध्यम बना।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का सशक्त माध्यम : प्रो. जगन्नाथ गुप्ता



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश सह-संयोजक राजीव कुमार सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता सहित प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पारंपरिक हस्तशिल्प के संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा विकसित भारत के निर्माण में जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी विचार रखे। वहीं अमृतेष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करता है। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने तथा स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश गुप्ता, मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो, नीरज गौतम, संजीव पाल, दिलीप कुमार गुप्ता, अंजनी गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, अनामिका सिंह, मधु प्रिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना के शताब्दी समारोह में क्यूरा को 26 वर्षों की सेवा के लिए किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना के 100वें स्थापना दिवस एवं 10वें पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्यूरा को वेलनेस के क्षेत्र में 26 वर्षों की समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह ज्ञान भवन, गांधी मैदान, पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्यूरा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अदित्य मिहिर ने ब्रांड की अब तक की यात्रा और भविष्य की परिकल्पना साझा करते हुए लोगों तक विश्वसनीय वेलनेस समाधान पहुँचाने की कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्यूरा कार्यक्रम का प्रायोजक भी रहा, जो वेलनेस को बढ़ावा देने तथा लोगों के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम स्थल पर क्यूरा द्वारा विशेष प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जहाँ आगंतुकों ने ब्रांड के वेलनेस उत्पादों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की, प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा ब्रांड की कार्यशैली और दृष्टि को निकट से जाना। पूरे कार्यक्रम के दौरान इन स्टॉलों पर आगंतुकों की उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। स्वास्थ्य सेवा तंत्र को सशक्त बनाने और सभी के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत क्यूरा, ए.यू.आर.ए. वेलनेस पहल का भी समर्थन कर रहा है। यह एक ऐसा मंच है, जिसका उद्देश्य चिकित्सकों को एक सार्थक डिजिटल पहचान स्थापित करने में सहयोग देना है। इस पहल के माध्यम से चिकित्सकों को लोगों से अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिलती है। यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने तथा विश्वसनीय वेलनेस और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के क्यूरा के विजन के अनुरूप है। इस अवसर पर आदित्य मिहिर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, क्यूरा आयुर्वेदिक एंड यूनानी लिमिटेड ने कहा, "वेलनेस के क्षेत्र में 26 वर्षों की हमारी यात्रा के लिए मिला यह सम्मान हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह सम्मान हमें लोगों तक विश्वसनीय वेलनेस समाधान पहुँचाने तथा समाज के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में सार्थक योगदान देने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। यह सम्मान क्यूरा की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और गुणवत्ता, नवाचार तथा समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ वेलनेस के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने के उसके संकल्प को और अधिक सशक्त बनाता है।

## बिहार ऑप्टोमेट्री कांफ्रेंस विजन बिहार 2026 का सफल समापन आधुनिक ऑप्टोमेट्री और बेहतर नेत्र स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

पटना। बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय बिहार ऑप्टोमेट्री कॉन्फ्रेंस विजन बिहार 2026 का सफल समापन तरुणाई कम्युनिटी प्लाजा, कुम्हरार में हुआ। सम्मेलन में राज्य सहित देशभर से आए विशेषज्ञों ने मायोपिया कंट्रोल, विजन थेरेपी, टेली-ऑप्टोमेट्री, पीडियाट्रिक आई केयर, डिजिटल आई केयर, ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य, क्लीनिकल ऑप्टोमेट्री, कम्युनिटी विजन केयर, स्पोर्ट्स आई सेफ्टी और ऑप्टोमेट्री के बदलते स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। समापन समारोह की मुख्य अतिथि बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि विजन बिहार 2026 जैसे सम्मेलन नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और विशेषज्ञों के अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त मंच हैं। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजन बिहार में ऑप्टोमेट्री सेवाओं को नई दिशा देंगे और बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर दृष्टि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन का अहम आधार होती है और इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। सम्मेलन के दौरान बिहार में ऑप्टोमेट्री काउंसिल के गठन तथा सरकारी एवं स्वास्थ्य संस्थानों में ऑप्टोमेट्रिस्ट के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिन्हा ने समापन संबोधन में कहा कि विजन बिहार 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि बिहार में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में हुई चचाओं और सुझावों को सरकार एवं संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि ऑप्टोमेट्री शिक्षा, रोजगार और मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल हो सके। वहीं एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश झा ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन से बिहार के नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंच सकेंगी। जबकि एसोसिएशन के सचिव उदय कुमार मेहता ने कहा कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों के साथ कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 20 विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अगले वर्ष हम पुनः इस कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन के संरक्षक राजीव प्रसाद, रविन्द्र कुमार पांडेय, अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष राजेश झा, सचिव उदय कुमार मेहता, संयुक्त सचिव जयंत झा, मनीष कुमार एवं कोषाध्यक्ष चंदन कुमार की अहम भूमिका रही।

## बांकीपुर उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को दिया बिना शर्त समर्थन



पटना। आज पटना स्थित राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस से लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने अपने पार्टी पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने समान विचारधारा एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के आधार पर 182.बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी श्री तनवीर आलम को अपनी पार्टी की ओर से बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की । उन्होंने समर्थन पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पशुपति कुमार पारस को सौंपते हुए कहा कि लोहिया जनता दल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी श्री तनवीर आलम के पक्ष में जनसंपर्क एवं चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे तथा उनकी विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। लोहिया जनता दल के इस समर्थन पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पशुपति कुमार पारस ने श्री राजू प्रसाद चंद्रवंशी एवं उनकी पार्टी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समर्थन सामाजिक न्याय एवं समान विचारधारा की ताकत को और अधिक मजबूत करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के 182.बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्री तनवीर आलम अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री अफाक सलानी बिहार प्रदेश के प्रधान महासचिव श्री महताब आलम राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अनेक पदाधिकारीए लोहिया जनता दल के पदाधिकारी तथा दोनों दलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार के प्रदेश प्रवक्ता श्री चंदन कुमार ने दी।

# रथ यात्रा के अवसर पर सनफीस्ट यिप्पी ने पेश किया स्वाद और परंपरा का अनोखा संगम

पटना । पुरी में रथ यात्रा के अवसर पर सनफीस्ट यिप्पी ने बारो मासा, यिप्पी परबा के जरिए ओडिशा की शानदार खान-पान की विरासत का जश्न मनाया। यह अपनी तरह का पहला सांस्कृतिक और खान-पान का अनुभव था, जो राज्य की मशहूर सोच बारो मासा, तैरो परबा से प्रेरित था। यिप्पी नूडल्स की खासियत को दिखाते हुए, इस कैंपेन ने ओडिशा के सबसे पसंदीदा त्योहारों वाले व्यंजनों को नए और अनोखे नूडल डिश में बदला, जिससे ग्राहकों को जाने-पहचाने स्वाद का एक नया अनुभव मिला। इस जश्न को और खास बनाते हुए, मास्टरशेफ सीजन 6 के विजेता अविनाश नायक ने विज़िटर्स से बातचीत की और खास तौर पर तैयार की गई यिप्पी डिशेज पेश कीं। इससे कंज्यूमर्स को ओडिशा के त्योहारों के दौरान बनने वाले खान-पान से प्रेरित नूडल्स के इन नए और अनोखे वर्जन को आजमाने का मौका मिला। अली हैरिस शेरे, बीयू चीफ एग्जीक्यूटिव, स्नैक फूड्स एंड बेवरेजेज, फूड्स डिवीजन, आईटीसी लिमिटेड ने कहा कि ओडिशा की बारो मासा, तैरो परबा सोच त्योहारों, परंपराओं और खाने-पीने के जरिए साथ मिलकर खुशियाँ मनाने का जश्न है। यिप्पी नूडल्स के साथ ओडिशा के कुछ सबसे पसंदीदा त्योहारों वाले व्यंजनों को नए अंदाज में पेश करके हमने खाने का एक अनोखा अनुभव तैयार किया है। इसने स्थानीय परंपराओं का सम्मान किया और साथ ही ग्राहकों को अपने पसंदीदा नूडल्स का मजा लेने के नए और रोमांचक तरीके खोजने के लिए प्रेरित किया। "पटरंगम 2026" का भव्य समापन, सामाजिक सरोकारों से जुड़े नाटकों ने छोड़ी गहरी छाप पटना, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से तथा विश्वा, पटना (वाईटल इन्वेंशन औफ सोशल हार मोनी विथ आर्ट) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोक नाट्य महोत्सव पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव" का आज प्रेमचंद रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में सफलतापूर्वक समापन हुआ। विगत 12 वर्षों से बिहार में रंगकर्म, लोककला और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक चेतना के प्रसार में सक्रिय विश्वा, पटना द्वारा आयोजित इस महोत्सव के अंतिम दिन भी रंगप्रेमियों का उत्साह देखने योग्य रहा। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि, रंगकर्मी, साहित्यकार, कलाकार एवं बड़ी संख्या में कला-प्रेमी दर्शकों ने समारोह में सहभागिता की। अतिथियों ने रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बताते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। शाम 5:30 बजे आयोजित नुक्कड़ नाटक सत्र में नाद, पटना द्वारा "तुमका का बताएं भईया" का मंचन किया गया। नाटक के लेखक अभिषेक चौहान एवं निर्देशक मो. जानी हैं। सामाजिक समस्याओं पर आधारित इस प्रस्तुति में आम जनजीवन की विडंबनाओं, सामाजिक विसंगतियों और बदलते परिवेश की चुनौतियों को व्यंग्य और सहज संवादों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर गंभीरता से सोचने के लिए भी प्रेरित किया।

## बब्बन राय हत्याकांड में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की तेज

दानापुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने बब्बन राय हत्याकांड मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने मृतक के भाई पप्पू राय के बयान पर पिंटू व धर्मवीर समेत नौ लोगों को नामजद किया है। जिसके साथ ही पुलिस ने आरोपितों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी तेज कर दी है। बताया जाता है कि पुलिस के हाथों कुछ सुराग लगे हैं। उधर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद पीएमसीएच से बब्बन राय का शव शाहपुर के सिकंदरपुर नीतीश आहार स्थित घर पर पहुंचा। शव पहुंचते ही चीख पुकार मच गया। पुलिस को दिए ब्यान में पप्पू राय ने अपने चचेरे भाई पिंटू एवं धर्मवीर समेत नौ लोगों पर हत्या की आरोप लगाया। इसे बताया है कि पुराने विवाद को लेकर उसके भाई बब्बन राय की गोली मारकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर नौ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर ली गई है। आरोपितों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी तेज कर दी गई है। घटना में शामिल अपराधी जल्दी पुलिस गिरफ्त में होंगे। सनद हो कि शनिवार की रात शाहपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर नीतीश आहार स्थित घर से 400 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने बब्बन राय की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## पेपर लीक प्रतिभा के साथ एक जघन्य, संज्ञेय व संगठित अपराध : ओम

पटना। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सारथी" के सौजन्य से पेपर लीक : प्रतिभा के साथ जघन्य अपराध विषय पर रविवार को यशोदा भवन,पटना में आयोजित वर्चुअल जनसंवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् ओम नमः शिवाय सिंह ने कहा कि-युवा वर्तमान की बुनियाद तथा भविष्य का निमार्ता एवं नियंता है जो शिक्षा के क्षेत्र में महारत हासिल कर देश को एक नई बुलंदियों पर ले जाना चाहते हैं, किंतु विडंबना इस बात कि है कि यतिकिंचित मौद्रिक लाभ के लिए कुछ शिक्षा माफि या परीक्षा पेपर लीक कर देते हैं, जिसके कारण मेधावी, प्रज्ञावान व प्रतिभावान छात्रों को यथोचित सेवा का अवसर नहीं मिल पाता तथा वह गंभीर चिंता, निराशा, अवसाद व असुरक्षा के दौर से गुजरने लगते हैं। उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ता है तथा उनमें अपराध बोध की भावना का आविर्भाव होता है तथा उनका श्रम-साध्य प्रयास एवं उच्चाकांक्षा सब निरर्थक साबित होते हैं। संप्रति, नीट- यूजी 2026 परीक्षा पेपर लीक इसका ज्वलंत उदाहरण है जो लगभग 20-22 लाख युवाओं के भविष्य को लील गया। अतएव,यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पेपर लीक प्रतिभा के साथ एक जघन्य,संज्ञेय व संगठित अपराध है। यह एक ऐसी प्रशासनिक विफलता है जिसका उत्तरदायित्व हर हाल में सरकार एवं संबंधित महकमा को लेनी चाहिए साथ ही परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं समयबद्ध तंत्र के रूप में विकसित करनी चाहिए। सिंह ने यह भी कहा कि सरकार यदि समयानुकूल नीट-यूजी परीक्षा 2026 पेपर लीक मामलों की उच्च स्तरीय जांच सीबीआई को सौंप दी होती, सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की मंजूरी, फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन, एनटीए एवं शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव आदि को बर्खास्त कर दी होती साथ ही लोक परीक्षा संशोधन विधेयक- 2026 के साथ-साथ आउट सोर्सिंग नियमों में बदलाव की होती तो बहुतेरे युवा आज आत्महत्या के शिकार नहीं होते तथा कॉकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन से देश में व्यापक फलक पर जान-माल की क्षति न होती। श्री सिंह ने शिक्षा मंत्री आदरणीय धर्मेंद्र प्रधान जी के त्यागपत्र को विलंब से लिया गया निर्णय किंतु, स्वागत योग्य कदम बताते हुए कहा कि नए शिक्षा मंत्री आदरणीय प्रहलाद जोशी जी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को वर्तमान घटना-क्रम से नसीहत लेना चाहिए तथा अपने समस्त राजनीतिक पूर्वाग्रहों एवं दांव-पेंच को त्याग कर जनता के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए क्योंकि जम्हूरियत में जनता ही सर्वोपरि होता है।

# वोट से चोट करें : प्रेम कुमार

पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान बांकीपुर विधान सभा क्षेत्र में चलाया गया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है । स्वतंत्रता के बाद हमें वोट का अधिकार प्राप्त हुआ है हम अपने मनपसंद जन प्रतिनिधि चुनते है । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि शतप्रतिशत मतदान से ही हमारा लोकतंत्र मजबूत बनेगा । जिस तरह से हम दुर्गा पूजा, दीपावली, ईद मनाते है उसी तरह लोकतंत्र के इस महापर्व उपचुनाव में बिना किसी भय, दबाव,लालच के स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही अपना मत दे । आपका मत ही आपकी ताकत है । जात पात एवं धर्म के भावना से ऊपर उठकर मतदान करे । पहले मतदान करे फिर जलपान करे । उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के पाँच सौ से अधिक स्वयंसेवक घर घर जाकर लोगो को मतदान करने के लिए अपील कर रहे है । मौके पर अशोक दास, आफताब अहमद, सुजीत कुमार, सूफी खातून, प्रिया सिंह, मोना कुमारी , चांदनी कुमारी ने भी अपना विचार प्रकट किया ।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को किया गया सम्मानित, देशभक्ति के रंग में रंगे लोग

औरंगाबाद। जनेश्वर विकास केंद्र एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में शहर स्थित अधिवक्ता संघ सभागार में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भव्य कारगिल विजय दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा के लिए अपने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष टी.के. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, सेवानिवृत्त अधिकारी विनोद सिंह, वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद, खेल कौशल के संयोजक वीरेंद्र सिंह एवं संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद लोक गायक धर्मेंद्र यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में "कारगिल विजय : देशभक्ति की अमर गाथा" विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के जवानों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश के वीर सैनिकों के त्याग और पराक्रम के कारण ही आज हम सुरक्षित वातावरण में जीवन जी रहे हैं। कारगिल विजय भारत के सैन्य इतिहास का ऐसा गौरवशाली अध्याय है, जिसे देशवासी हमेशा श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करते रहेंगे। विषय प्रवेश कराते हुए पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष टी.के. सिंह ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 1996 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे और वर्ष 1999 में जब कारगिल युद्ध हुआ, उस समय उन्हें भी अपनी बटालियन के साथ युद्ध क्षेत्र में जाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करना प्रत्येक सैनिक के लिए गौरव की बात है और भारतीय सेना के जवानों ने कारगिल की दुर्गम चोटियों पर जिस साहस और शौर्य का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# ‘मन की बात’ जनभागीदारी का सशक्त माध्यम, विकसित भारत के संकल्प को मिल रही नई ऊर्जा: नितिन

- बांकीपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं संग नितिन नवीन ने सुना मन की बात

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के कदमकुआं मंडल स्थित बरनवाल भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ह्यमन की बातह्व देश के करोड़ों लोगों को एक साझा उद्देश्य से जोड़ने वाला सशक्त जन-आंदोलन बन चुका है, जो प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य संजय मयूख, विधान परिषद सदस्य तरुण कुमार, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, वार्ड पार्षद आशीष सिन्हा, मंडल अध्यक्ष अनिकेत कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, खेल और शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं की उपलब्धियों, विज्ञान एवं अंतरिक्ष में भारत की प्रगति, ह्यवोकल फॉर लोकलह्व, पारंपरिक हस्तशिल्प एवं खादी के संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण जैसे विभिन्न विषयों पर देशवासियों से संवाद किया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ह्यमन की बातह्व के माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे नवाचारों, स्थानीय प्रतिभाओं और जनभागीदारी से जुड़े प्रेरणादायी प्रयासों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने कैच द रेन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया, उसी प्रकार इस बार खादी और हैंडलूम को बढ़ावा देने का उनका आह्वान देश के पारंपरिक उद्योगों और कारीगरों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में खादी और हथकरघा भारत की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक मजबूत करेंगे।

नितिन नवीन ने कहा कि बिहार सरकार के 100 दिन पूरे हो चुके हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में खादी, हथकरघा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बांकीपुर के अपने परिवार, अभिभावकों और लोहानीपुर क्षेत्र के लोगों के बीच बैठकर ह्यमन की बातह्व सुनना उनके लिए भावनात्मक और सुखद अनुभव रहा, क्योंकि इसी क्षेत्र में उनका बचपन बीता है। उन्होंने कहा कि अपने पुराने क्षेत्र के लोगों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

नितिन नवीन ने कहा कि आज भारत खेल, संस्कृति, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। ह्यवोकल फॉर लोकलह्व की भावना और युवाओं की ऊर्जा देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत का युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता बनेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# नीतीश कुमार ने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

- भगवान बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत : नीतीश कुमार

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। रविवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैशाली गढ़ पहुँचे, जहाँ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस यात्रा में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी नीतीश कुमार के साथ थे।इस दौरान नीतीश कुमार ने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की तथा विश्वस्तरीय बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थलों एवं उनकी स्मृतियों का दर्शन कर संग्रहालय में संरक्षित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी भी प्राप्त की। नीतीश कुमार के आगमन से कार्यकताओं एवं समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यकताओं से आत्मीय संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनकी शिक्षाएँ हमें सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि वैशाली की यह पावन धरती भगवान बुद्ध की अमूल्य विरासत की साक्षी रही है और इस धरोहर का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

## नीतीश कुमार का वैशाली से विशेष जुड़ाव, उनके नेतृत्व में इस क्षेत्र का हुआ सर्वांगीण विकास : उमेश

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार का वैशाली की धरती से हमेशा एक विशेष जुड़ाव रहा है। वे समय-समय पर यहाँ आते हैं और इस क्षेत्र के विकास पर लगातार ध्यान देते रहे हैं। उनके नेतृत्व में वैशाली के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिनसे इस इलाके की तस्वीर बदली है और पर्यटन को भी नई पहचान मिली है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के करकमलों से ही गत वर्ष लगभग 550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का लोकार्पण किया गया था। लगभग 72 एकड़ में विस्तृत यह भव्य परिसर आज वैशाली की नई पहचान बन चुका है। भगवान बुद्ध की विरासत को समर्पित यह विश्वस्तरीय परिसर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, शोधकताओं एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन चुका है। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ पटेल, जदयू वैशाली के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह, विक्की कुशवाहा, दीपक कुमार, प्रेम निषाद, भगवान सिंह, अनूपलाल सिंह, अविनाश कुमार, राम सिंह, प्रिंस कुमार, इन्द्रजीत सिंह, बलिराम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहीदों के सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : मंत्री

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कारगिल विजय की 27वीं वर्षगांठ पर कहा कि हम उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इन वीरों ने देश की आन-बान-शान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 26 जुलाई 1999 का दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है।

उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कारगिल के शहीदों का साहस आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और कर्तव्य का पाठ पढ़ाता रहेगा। सेना पर गर्व हमारे जवान हर मौसम,हर परिस्थिति में सीमा की रक्षा कर रहे हैं। पूरा देश उनके साथ है। शहीदों के परिवारों की देखभाल करना सरकार और समाज दोनों का कर्तव्य है। उनके बच्चों की शिक्षा और परिवार के कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम सब मिलकर एक सशक्त, एकजुट और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें। उक्त बातें माननीय मंत्री ने बिहारशरीफ में रविवार को 38वीं बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से कारगिल पार्क में आयोजित 27वें विजय दिवस समारोह में कहीं। यहां मंत्री के साथ सांसदकौशलेंद्र कुमार और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बाहरी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रृद्धांजलि दी।

**सैनिकों के अद्वितीय साहस से देश की सीमाएं सुरक्षित:** कारगिल युद्ध में हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति देने वाले नालंदा जिला के वीर सपूत अमर शहीद हरदेव प्रसाद को विशेष रूप से याद करते हुए माननीय मंत्री श्री कुमार ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उनका त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए हरदेव प्रसाद की पत्नी वीरांगना मुन्नी देवी को एवं एनसीसी बटालियन में पदस्थापित आर्मी के जवानों को अंगवस्त्र भेंट कर मंत्री ने सम्मानित किया। सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम का पर्व है। उन्होंने कहा कि देशवासियों का कर्तव्य है कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

## देश की एकता शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि: कर्नल

38 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने कहा कि सैनिकों को समाज में मान और सम्मान मिले। देश की एकता और अखंडता शांति, सद्भाव, प्रेम और मिल्लत बनायें रखना चाहिए, यही शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। शहीद जवान के परिजनों को हर संभव मदद करना चाहिए उनके सुख-दुख में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर 38 बिहार बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर ललिनद्र टिग्गा, विशाल पाण्डेय, सुबेदार मदन सिंह मेहतासहित दर्जनों एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

# बांकीपुर में भारी बहुमत से जीतेगा एनडीए, विपक्ष हताश होकर बेबुनियाद आरोप लगा रहा : रविशंकर



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब से सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को दावा किया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है और भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा भारी मतों से विजई होंगे। उन्होंने विपक्ष पर हताशा में चुनाव आयोग, प्रशासन और जीविका दीदियों को लेकर निराधार आरोप लगाने का भी आरोप लगाया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। बांकीपुर के हर मोहल्ले और घर-घर में भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सीट भाजपा के लिए गौरव की सीट है, क्योंकि पांच बार के विधायक रहे नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं और पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय दायित्व दिया है। विपक्ष के उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है, लेकिन राजनीतिक मयार्दा बनाए रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पटना और बांकीपुर में विकास कार्य जनता के सामने हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता विकास के आधार पर एक बार फिर एनडीए के पक्ष में मतदान करेगी।इस मौके पर जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से चुनाव प्रचार के दौरान उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिहार की जनता को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने जीविका दीदियों पर की गई टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि यह दलित, अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं का अपमान है। भाजपा विधान पार्षद नवल किशोर यादव ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, शिक्षा और महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर मतदान करेगी तथा विपक्ष के दुष्प्रचार को खारिज कर देगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

## अब राज्य के पेट्रोल पंपों पर भी मिलेंगे सुधा के उत्पाद

पटना। अब बिहार के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर सुधा के उत्पाद मिलेंगे। बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में राज्य के डेयरी क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में इसको महत्वपूर्ण पहल की गई है। बीते शनिवार को हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों की उपस्थिति में बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ (कॉमफेड), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच बहुआयामी समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। समझौता ज्ञापन का हस्तांतरण बिहार सरकार की ओर से डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव तथा कॉमफेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने किया। एचपीसीएल की ओर से कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार सामंत्रय और आईओसीएल की ओर से जोनल प्रमुख सुमंत झा ने समझौते का आदान-प्रदान किया। इस साझेदारी के तहत राज्य में पेट्रोल पंपों के साथ-साथ सुधा कैफेटेरिया भी स्थापित किए जाएंगे।

## बांकीपुर में भाजपा रिकार्ड मत से जीतेगी : रणबीर



पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधान सभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी नीरज सिन्हा रिकार्ड मतो से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है और भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा बड़े मार्जिन से चुनाव जीत रहे हैं। इसमें हमें केवल प्रयास कर उनके मार्जिन को और बढ़ाना है। प्रो. नंदन बांकीपुर विधान सभा उपचुनाव के लिए वार्ड 22 में मनोज कुमार सिन्हा के स्कूल में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज लोक नायक जयप्रकाश नारायण और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को अपना आदर्श मानता है और यह समाज किसी भी परिस्थिति में जेपी और शास्त्री जी के हत्यारी कांग्रेस के सहयोगी पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि इस बांकीपुर विधानसभा से विधायक रहे नीतिन नवीन विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकताओं से आग्रह किया वे चुनाव प्रबंधन के तहत हर दिन 10 कार्यकताओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें और एनडीए सरकार के दौरान हुए विकास कार्यो के बारे में बतायें।

## छात्र जदयू का प्रभारी बनाए जाने पर रुहेल रंजन ने नीतीश कुमार का जताया आभार

पटना। इस्लामपुर के विधायक रुहेल रंजन ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें छात्र जदयू का प्रभारी बनाए जाने पर हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने नीतीश कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रुहेल रंजन ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्र जदयू के माध्यम से युवाओं को पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी नीतियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर विधान परिषद में पार्टी के उपनेता ललन कुमार सर्राफ मौजूद रहे।

## छात्र-युवा आंदोलन की ऐतिहासिक जीत, मुकदमों की वापसी तक संघर्ष रहेगा जारी : आइसा

पटना। हालिया छात्र-युवा आंदोलन के दबाव के आगे सरकार के झुकने को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और इंकलाबी नौजवान सभा ने एक ऐतिहासिक जीत करार दिया है। संगठन ने इस साझा संघर्ष में शामिल तमाम छात्र-युवाओं और आम जनता का क्रांतिकारी अभिनंदन किया है। हालांकि, नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है; जब तक दर्ज किए गए सभी मुकदमे पूरी तरह वापस नहीं ले लिए जाते, तब तक संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। पुलिसिया दमन और तानाशाही का पुरजोर विरोधः आज पटना में आयोजित एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, शिवप्रकाश रंजन, के पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार, सबीर कुमार समेत अन्य छात्र-युवा नेताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन के अड़ियल रव...

## बांकीपुर उप चुनाव : तेजस्वी महागठबंधन प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में आज करेंगे रोड शो : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज यानि सोमवार को महागठबंधन प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। बताया कि रोड शो का शुभारंभ 1:00 दिन से प्रधान चुनाव कार्यालय मीठापुर से करेंगे। इसके बाद चांदपुर बेला, सिपारा, बिग्रहपुर, पोस्टल पार्क, चिरैया ट्रांड पुल, गोरिया टोली, लालजी टोला, पीर मुहानी (उमा सिनेमा), आयुर्वैदिक कॉलेज से लोहानीपुर, साहित्य सम्मेलन, दरियापुर, खेतान मार्केट, बिरला मंदिर, सब्जी बाग चौराहा पर समापन होगा। बताया कि रोड शो में विभिन्न जगहों पर लोगों से मिलेंगे और रेखा गुप्ता की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए लोगों से अपील करेंगे।


## ऋषिकांत सिंह के सिल्वर मेडल जीतने पर सभापति ने शुभकामना दी

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह चनामबम को देश के लिए दूसरा मेडल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल मुकाबले में कुल 264 किलोग्राम (स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों मिलाकर) वजन उठाकर सिल्वर मेडल हासिल किया। ऋषिकांत सिंह की इस उपलब्धि से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।

# छात्रों की रिहाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन : तेजस्वी

- कहा- पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र की समाप्ति के बाद रविवार को पटना लौटे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि गिरफ्तार छात्रों को जल्द रिहा नहीं किया गया तो महागठबंधन बड़ा आंदोलन करेगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्रों का वह धन्यवाद करते हैं। इस आंदोलन को महागठबंधन समेत विपक्ष के सभी दलों का समर्थन मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे बिहार में हजारों छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है और उनके खिलाफ गलत धाराएं लगाई गई हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस ने कई जगहों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया। सीवान में तीन छात्र गोली लगने से घायल हुए हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि उन्हें जानकारी मिली है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गलत तरीके से कार्रवाई की, लाठीचार्ज किया और फर्जी मुकदमे दर्ज किए।

उन्होंने कहा कि यदि गिरफ्तार छात्रों को सोमवार तक रिहा नहीं किया गया और उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापस नहीं लिया गया, तो विपक्ष राज्यव्यापी बड़ा आंदोलन शुरू करेगा। सरकार को यह समझना होगा कि छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि पिछले 21 वर्षों में राज्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितताएं और पेपर लीक की घटनाएं सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि चाहे सिपाही भर्ती परीक्षा हो, बीपीएससी की परीक्षा, नीट या अन्य कोई प्रतियोगी परीक्षा, हर जगह बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि यह केवल पेपर लीक नहीं, बल्कि ह्यसरकारी लीकह्व है, जिसके लिए सरकार जवाबदेह है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और अपराध को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में भ्रष्टाचारियों और अपराधियों का बोलबाला है। उन्होंने दावा किया कि जब तक मौजूदा सरकार सत्ता में रहेगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। उन्होंने सरकार के खिलाफ विपक्ष के संघर्ष को और तेज करने का संकेत देते हुए कहा कि छात्रहितों और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री पर तेजस्वी की अमर्यादित टिप्पणी घोर निंदनीय, जनता नहीं करेगी स्वीकार : उमेश

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। जनता दयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अपनी लगातार राजनीतिक विफलताओं से बौखलाए तेजस्वी यादव अब मयार्दा की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के विरुद्ध की गई उनकी अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी घोर निंदनीय तथा लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विपरीत है। प्रदेश अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष को अपनी भाषा पर लगाम रखने की नसीहत देते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के प्रति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी किसी भी परिस्थिति में सूबे की प्रबुद्ध एवं जागरूक जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में महज 25 सीटों पर सिमटने के गहरे राजनीतिक आघात से तेजस्वी यादव अब तक उबर नहीं पाए हैं। इसी हताशा और निराशा के कारण वह भाषाई रूप से बेलगाम हो चुके हैं तथा व्यक्तिगत और स्तरहीन बयानबाजी के माध्यम से अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों पर अनाप-शनाप टिप्पणी करने के बजाय तेजस्वी यादव को अपने अंधकारमय राजनीतिक भविष्य और रसातल की ओर जाती अपनी पार्टी की स्थिति पर आत्मचिंतन करना चाहिए। आज उनकी राजनीतिक साख और विश्वसनीयता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। स्थिति यह है कि उनकी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक भी उन्हें अब सीरियसली नहीं लेते।

# बांकीपुर उपचुनाव : सिपारा में एनडीए की विशाल जनसभा

- संजय झा, निशांत, श्रवण कुमार समेत कई बड़े नेता हुए शामिल

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। बांकीपुर की जीत के संकल्प के साथ एसआर गार्डन, सिपारा में एनडीए की संयुक्त चुनावी जनसभा हुई, जिसमें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सुनील कुमार, मंत्री ई. शैलेन्द्र कुमार, विधायक अरुण मांझी, विधायक बशिष्ठ सिंह, विधायक राहुल सिंह, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक समृद्ध वर्मा, विधायक रुहेल रंजन, विधानपार्षद भारती मेहता, विधानपार्षद शिवरानी प्रजापति आदि ने बांकीपुर विधानसभा के मतदाताओं को संबोधित किया। इस सभा में एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा समेत बड़ी संख्या में एनडीए के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं बांकीपुर विधानसभा के मतदातागण मौजूद रहे। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि पिछले 20 साल में दिन-रात एक करके बिहार के विकास के लिए काम किया। आज आप राजधानी पटना समेत बिहार के किसी भी कोने में जाएं, वहाँ आपको विकास के इतने कार्य मिलेंगे कि आप उस जगह को पहचान नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे नेता हैं, वो जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ऐसे भी लोग हैं जो कहते थे कि विधानसभा चुनाव में जदयू को 25 से ज्यादा सीट आने पर वे राजनीति छोड़ देंगे, लेकिन जब जदयू 85 सीटें लेकर आ जाती है, तब वे अपना कहा भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत बहुत बड़े अंतर से होगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ विकसित बिहार और आत्मनिर्भर भारत का विजन और पिछले 20 वर्षों का सुशासन है तो दूसरी तरफ झूठ और भ्रम का बाजार लगाने वाले और समाज को बांटने वाले लोग हैं। आपको चुनाव करना है कि आप किस तरफ हैं। नेताओं ने एक स्वर से कहा कि बांकीपुर की जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद एनडीए समर्थित प्रत्याशी श्री नीरज कुमार सिन्हा जी के साथ है। एनडीए अपनी एकजुटता और विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण प्रचंड विजय की ओर अग्रसर है।

# मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम योजना से संवर रहा युवाओं का भविष्य

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। आर्थिक अभाव अब पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के सपनों की राह में बाधा नहीं बन रहे हैं। उन्हें देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन, विधि एवं उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजना प्रभावी साबित हो रही है।

योजना के तहत विद्यार्थियों को कैट, मैट, क्लैट, न्यायिक सेवा, नेट, गेट, सीएसआईआर-जेआरएफ, पीएचडी एवं एमफिल जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

विद्यार्थियों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी के साथ अध्ययन सामग्री के लिए एकमुश्त 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। वर्तमान में राज्य के 10 केंद्रों पर 1,025 छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ लेकर अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। पटना के चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान एवं ललित नारायण मिश्र प्रबंधन संस्थान में कैट मैट की तैयारी कराई जा रही है, जबकि चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटना में क्लैट और न्यायिक सेवा परीक्षा की कोचिंग दी जा रही है।

इसके अलावा राज्य के पांच विभिन्न विश्वविद्यालयों में नेट, गेट, सीएसआईआर-जेआरएफ, पीएचडी एवं एमफिल की निशुल्क तैयारी की व्यवस्था की गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की प्रबंधन, विधि तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक भागीदारी बढ़ाना है।

राज्य सरकार का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उच्च शिक्षा और बेहतर करियर के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

## बांकीपुर उपचुनाव को लेकर नीतीश कुमार ने लिया फीडबैक

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित अपने आवास, 7 सर्कुलर रोड पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर चुनावी गतिविधियों, संगठनात्मक तैयारियों तथा जनसंपर्क अभियान की विस्तृत समीक्षा की एवं फीडबैक लिया। बैठक में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा, उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चैधरी, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री अशोक चैधरी, मंत्री जमा खान, मंत्री सुनील कुमार, विधान परिषद में पार्टी के माननीय उपनेता लालन सर्राफ, विधायक सह बांकीपुर विधानसभा उप-चुनाव में जदयू से प्रभारी अरुण मांझी तथा मो. इरशाद अली आजाद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने सभी नेताओं से क्रमवार विस्तृत चर्चा की और प्रत्येक नेता से बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे चुनाव प्रचार अभियान, संगठन की सक्रियता, विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रमों, मतदाताओं के रुझान तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो रहे जनसमर्थन की जानकारी ली।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें



## संक्षिप्त खबरें

### विभूतिपुर की 29 पंचायतों में पंचायत विकास दिवस आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार विभूतिपुर प्रखंड की सभी 29 ग्राम पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक चले इस कार्यक्रम की मुख्य थीम सुशासन युक्त पंचायत रखी गई थी, जिसके तहत प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सरकारी योजनाओं के सुलभ क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने गहन विचार-विमर्श किया। विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन और मनरेगा भवन में किया गया। इसके सफल संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों, कार्यपालक सहायकों और तकनीकी सहायकों को सौंपी गई थी। बैठक में जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, विकास मित्र और रोजगार सेवकों ने भी भाग लिया। डिजिटल मॉनिटरिंग के लिए कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो पंचायत निर्णय ऐप तथा ह्निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर अपलोड किए गए।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर जयनगर में युवा संवाद युवाओं ने लिया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

मधुबनी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जयनगर के कमला रोड स्थित एक निजी विद्यालय के सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक नागरिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों का पालन, स्वबोध, स्वाभिमान, मातृभाषा का सम्मान, सामाजिक समरसता, स्वदेशी अपनाने, सेवा, सहयोग, अनुशासन और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव, वरिष्ठजनों के सम्मान, नागरिक दायित्वों के निर्वहन तथा ह्राष्ट्र प्रथमह्न की भावना के साथ देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने, पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। युवा संवाद के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### खरांटी रजवाहा माइनर से 10 वर्षीय बालक का पुलिस ने शव को किया बरामद

ओबरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के अमिलौना पंचायत के सदा बीघा गांव के रितेश कुमार यादव के 10 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार का शव गांव से पूरब खरांटी रजवाहा माइनर से रविवार की सुबह 7:00 बजे बरामद हुई है। मृतक विक्की कुमार शनिवार की शाम लगभग 7:00 बजे अपने घर से खेलने के लिए निकाला था, जब देर शाम हुआ वह अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजन आसपास मोहल्ले में खोजबीन करना शुरू कर दिया। लेकिन पूरे रात नहीं मिला। हालांकि ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सिंचाई विभाग के संबंधित पदाधिकारी को संपर्क कर माइनर में तेज पानी छोड़े जाने को लेकर बंद करने की मांग की। पदाधिकारी ने भी माइनर को बंद शाम को ही कर दिया था। इधर सूचना मिलते जम्होर थाना अध्यक्ष सूर्य वीर कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर रविवार की सुबह पहुंच कर विक्की का शव जोगी बिघा गांव जाने वाले रास्ते में रजवाहा माइनर से बरामद की है। पंचायत के मुखिया दिनेश राम एवं ग्रामीण सरोज कुमार ने बताया कि मृतक के पिता दिल्ली में मजदूरी का कार्य करता है। घटना के समय वह दिल्ली में ही रह रहा था, हालांकि अत्यंत गरीब परिवार है मृतक दो भाई में सबसे छोटे भाई है। वहीं मृतक की मां मंजू देवी को जैसे ही मौत की सूचना मिला, वैसे ही दहाड़ मारना शुरू कर दिया वही गांव के लोग इकट्ठा हो गए तथा परिजनों को सांत्वना देने के लिए जुट गए थे। इधर जम्होर थाने के पुलिस ने शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए औरंगाबाद भेज दी इधर पंचायत के मुखिया ने अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष से मांग करते हुए कहा कि मृतक अत्यंत गरीब से आता है हर हाल में सरकार के द्वारा मिलने वाला सहायता राशि मुहैया कराया जाए मुखिया ने भरोसा देते हुए परिजनों को कहा कि विषम परिस्थिति में हर संभव सहायता किया जाएगा इधर घर में मातम का माहौल कायम है। इधर इस संबंध में अंचल अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरा होने के बाद तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के परिजनों को सरकार के द्वारा 400000 मुहैया कराया जाएगा

# टीबी मुक्त भारत अभियान व आयुष्मान कार्ड निर्माण को तेज करने के लिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

● वीडियो कॉन्फ्रेंस में गुणवत्तापूर्ण स्क्रीनिंग, समयबद्ध जांच एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को मिशन मोड में सफल बनाने तथा आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण में तेजी लाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिलाधिकारी ने अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि टीबी उन्मूलन अभियान एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन मोड में संचालित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की प्रत्येक टीम पूरी सक्रियता एवं समन्वय के साथ कार्य करे, ताकि जिले में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन 20,000 लोगों की गुणवत्तापूर्ण स्क्रीनिंग, एक्स-रे तथा आवश्यकतानुसार सीबीएनएएटी जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी जांचों एवं अभियान की दैनिक प्रगति को समय पर निक्षय पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिससे अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल स्क्रीनिंग की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक स्क्रीनिंग गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक एवं प्रभावी होनी चाहिए, ताकि संभावित टीबी मरीजों की सही पहचान कर समय पर उनका उपचार प्रारंभ कराया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा अभियान को विशेष गति प्रदान की जाए। अभियान की सतत निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें, क्षेत्र भ्रमण करें तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य टीमों का मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने स्क्रीनिंग की गति बढ़ाने तथा अभियान को पूरी गंभीरता के साथ मिशन मोड में संचालित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अरुण कुमार, सत्येंद्र प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एस डी आर रवि कुमार एवं सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मिथिला हस्तकला प्रदर्शनी का सांसद ने किया उद्घाटन, स्टालों का किया अवलोकन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। मिथिला पेंटिंग हस्तकला के माध्यम से पेंटिंग बनाने वाले शिल्पकारों के रोजगार एवं प्रोत्साहन के लिए सरकार एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्तर पर अनेकों पहल किए जा रहे हैं। मिथिला पेंटिंग के पढ़ाई, प्रशिक्षण तथा इसके माध्यम से विभिन्न तरह के स्टार्टअप एवं नवाचार को विकसित किए जाने के लिए एनडीए सरकार संकल्पित हैं।चेतना समिति द्वारा पटना स्थित विद्यापति भवनमे आयोजित भव्य मिथिला हस्तकला प्रदर्शनीक का शुभारंभ करते हुए भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने पटना की महापौर श्रीमती सीता देवी साहू चेतना समिति के अध्यक्ष विवेकानंद झा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों तथा मिथिला पेंटिंग से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा इस प्रदर्शनीक में लगाए गए स्टॉलो पर मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक हस्तशिल्प तथा लोककलाओ का का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम मे चेतना समिति के अध्यक्ष विवेकानंद झा तथा समितिक के अन्य पदाधिकारीयों द्वारा मिथिलाक की गौरवशाली परंपराक के अनुरूप सांसद डा ठाकुर, महापौर सहित अन्य अतिथियों का पाग-चादर देकर सम्मानित भी किया गया। सांसद ने पटना की महापौर श्रीमती सीता देवी साहू से बिहार की राजधानी पटनाक के किसी प्रमुख चौक-चौराहे पर महाकवि कोकिल बाबा विद्यापति की भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का अनुरोध किया ताकि मिथिला की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर तथा महाकवि विद्यापति की साहित्यिक एवं आध्यात्मिक योगदानक को स्थायी सम्मान प्राप्त हो सके तथा सांसद के अनुरोध पर महापौर श्रीमती साहु के द्वारा इस प्रस्तावक का स्वागत करते हुए नगर निगमक के सदन से इसके लिए शीघ्र प्रस्ताव पारित किए जाने के लिए आश्वस्त किया गया। सांसद डा ठाकुर ने कार्यक्रम के क्रम में चेतना समिति के सदस्यों कार्यक्रम में उपस्थित मिथिलावासियों, कलाकारों तथा हस्तशिल्पियों से पटना के बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से जीत दिलाकर बिहार के सीएम नसम्राट चौधरी सरकार को मजबूत बनाने की अपील भी की।

# बिरौल प्रखंड के पटनिया पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर बिरौल प्रखंड अंतर्गत पटनिया पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता बैजू साहू ने लोगों को बच्चों के गोद लेने की प्रक्रिया,बाल विवाह, मजदूरी से संबंधित नियम कानून, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण योजनाओं, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निःसंतान दंपति अनाथ बच्चों को गोद लेकर उन्हें माता-पिता की खुशियां दे सकते हैं। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाज के लिए कलंक बताते हुए उसे समाप्त करने का आह्वान किया।समाज में शांति और भाईचारे के लिए छोटे छोटे विवादों को लोक अदालत एवं मध्यस्थता के जरिए निपटाने की सलाह दी। गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा का लाभ उठाने की बात कही। पारा विधिक स्वयंसेवक इम्तियाज अहमद खान ने 12 सितंबर को बिरौल न्यायालय परिसर में होने वाले वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। मौके पर पंचायत के माननीय मुखिया रीता देवी, सरपंच मेराज अहमद, पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद इजहार आलम, स्वच्छता पर्यवेक्षक मनमोहन कुमार, राजीव रंजन रमण, बेचन सदा, आलोक कुमार, किरण देवी, ममता देवी, चन्द्रा देवी, गीता देवी, विमल देवी, आरती देवी, विरेंद्र मुखिया, किशोर प्रसाद साह, अशोक पोद्दार, चंद्रमोहन कुमर, केशव कुमार चौधरी, रंजीत साहू आदि मौजूद थे।

# जयनगर में एसएसबी की अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

● पूर्णिया और बेतिया की टीम बनी चैंपियन, वरिष्ठ अधिकारियों ने भी खिलाड़ी बनकर बढ़ाया खिलाड़ियो का उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी। जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर में क्षेत्रक मुख्यालय मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में शनिवार को अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पटना सीमांत के अंतर्गत क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, गया, सीमांत मुख्यालय पटना तथा कम्पोजिट हॉस्पिटल बथनाहा की टीमों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक हरि प्रकाश ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी खिलाड़ी के रूप में विभिन्न स्पधाओं में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने कहा कि खेल संगठन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी समन्वय को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है।बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में क्षेत्रक मुख्यालय पूर्णिया विजेता तथा मुजफ्फरपुर उपविजेता रहा। वहीं टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया ने खिताब अपने नाम किया, जबकि गया की टीम उपविजेता रही। अधिकारी वर्ग की 50+ डबल्स स्पर्धा में हरि प्रकाश एवं मधुकर अमिताभ की जोड़ी विजेता रही, जबकि 55+ सिंगल्स में कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने खिताब जीता। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों और टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का गरिमामय समापन हुआ।

# मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा आयोजित

मुजफ्फरपुर।नवयुवक समिति ट्रस्ट,छोटी सरैयागंज के प्रांगण में श्री नटवर साहित्य परिषद् के तत्वावधान में रविवार को मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री डॉक्टर उषा किरण श्रीवास्तव तथा संचालन उमेश राज ने किया। कवि गोष्ठी का शुभारंभ आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री के गीत से हुआ जिसको अपने मधुर स्वर में डॉक्टर उषा किरण श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। हास्य व्यंग की रचनाओं के सशक्त हस्ताक्षर डॉक्टर जगदीश शर्मा की रचना तुम पत्थर हम पे फेको,चोट हम खाते रहे हैं.. कवि ओम प्रकाश गुप्ता की रचना रिश्ता निभाना आसान हो जाता,रूठना मनाना आसान हो जाता, कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं कवियित्री डॉक्टर ऊषा किरण श्रीवास्तव की रचना उन शहीदों को शत शत नमन चाहिए,देश भक्ति में डूबा वतन चाहिए.., कवि गोष्ठी का संचालन कर रहे कवि उमेश राज की रचना मेरे जीवन की समीक्षा हो तुम...,कवि डॉक्टर हरि किशोर प्रसाद सिंह की रचना आपकी जिंदगी में,खुशियों का रंग भरना चाहता हूँ,कवयित्री माधवी लता की रचना वसुधैव कुटुंबकम की बात कैसे करूं,अपने सारे पराए नजर आते हैं,कवियित्री डॉक्टर संगीता सागर की रचना दोपहर लौट आई शाम के पास, शाम लौट आई रात के पास..लेकिन तेरह बरस की बच्ची घर नहीं लौटी,कवियित्री मुस्कान केशरी की रचना बड़ा गर्व होता अगर वो ये कहता,वो मेरी मोहब्बत नहीं कोई खिलौना.., कवयित्री डॉक्टर सुप्रिया सोनी की रचना मौसम है आशिकाना,मेरा दिल हुआ दीवाना कवि अरुण कुमार तुलसी की रचना हमसे सच की सुनो कहानी,जिससे मरे झूठ की नानी, कवि रामवृक्ष राम चकपुरी की रचना .सत्ता की जिद ए इस्तीफा,अतः का पन्ना खुल गई किताब.,कवि डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा की रचना उसकी आँखों से ताउम्र पिता रहा...., डॉक्टर बी.के मल्लिक की मैथिली रचना ओ पहुना,जाईछी कहां, कवि डॉक्टर प्रवीण कुमार मिश्र की रचना अहं शरण में आएल छी भिखरिया एवं कवि परशुराम प्रसाद ब्याहुत की रचना ने श्रोताओं की भरपूर तालियां बटोरी।आज की कवि गोष्ठी में श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु,नागरिक मोर्चा के महासचिव मोहन सिन्हा,पप्पू निशात,नंदकिशोर पोद्दार,सुरेंद्र कुमार,हीरालाल गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत मे मासिक कवि गोष्ठी के संयोजक डॉक्टर जगदीश शर्मा ने कवियों एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शहीद किशोर कुणाल की स्मृति में एसएसबी का गरिमामय आयोजन श्रद्धांजलि, पौधारोपण और चिकित्सा शिविर आयोजित

**कंकड़बाग स्थित स्मारक पर स्मृति परेड, परिजनो की मौजूदगी में जवानो ने दी सलामी**

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सीमांत मुख्यालय, पटना एवं 40वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा रविवार को कंकड़बाग स्थित किशोर कुणाल पार्क में शहीद सहायक कमांडेंट किशोर कुणाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एसएसबी के अधिकारियों, जवानों तथा स्थानीय नागरिकों ने शहीद के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान स्मृति परेड आयोजित कर शहीद अधिकारी को सलामी दी गई। इस भावुक क्षण में शहीद किशोर कुणाल के माता-पिता एवं अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। उन्होने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी।ज्ञात हो कि पटना निवासी सहायक कमांडेंट किशोर कुणाल ने 26 जुलाई 2010 को असम के बोंगाईगांव स्थित 15वीं वाहिनी एसएसबी के कार्यक्षेत्र में पानबाड़ी क्षेत्र में गश्ती के दौरान एनडीएफबी उग्रवादियों से मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।इस अवसर पर एसएसबी सीमांत मुख्यालय, पटना के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्ज्वल (भा.पु.से.) ने जवानों को संबोधित करते हुए शहीद किशोर कुणाल के राष्ट्र एवं बल के प्रति समर्पण और उनके सर्वोच्च बलिदान को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने शहीद के माता-पिता से मुलाकात कर परिवार की खुशहाली एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक तथा शहीद के माता-पिता ने संयुक्त रूप से पौधारोपण भी किया।सामाजिक सरोकार के तहत सीमांत मुख्यालय पटना की ओर से निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में एसएसबी के चिकित्सकों ने स्थानीय लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम में उप महानिरीक्षक के. रंजीत, उप महानिरीक्षक मुकेश कुमार, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) डॉ. एस. के. राय, अन्य अधिकारी, जवान एवं शहीद के परिजन उपस्थित रहे।

# पंचायत विकास दिवस पर हुई बैठक, ग्रामीणों ने विकास योजनाओं पर रखे सुझाव

प्रात : किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा(दरभंगा)। सिंहवाड़ा प्रखंड की कटासा पंचायत के पंचायत भवन परिसर में रविवार को पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा का आयोजन मुखिया रमेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पंचायत के विकास कार्यों, जन समस्याओं और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न सुनने के साथ हुई। मुखिया रमेश कुमार ने पंचायत विकास दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम ग्रामीणों को पंचायत की योजनाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है। उन्होंने लोगों से ग्राम सभा में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक के दौरान उप मुखिया शेख पानबाबू ने ब्रह्मपुरा गांव में नाला निर्माण की आवश्यकता बताते हुए इसे पंचायत की प्राथमिकता वाली योजना में शामिल करने का प्रस्ताव रखा। वहीं, अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में लगे कर्मियों ने छह माह से मानदेय भुगतान नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने कचरा संग्रहण में प्रयुक्त डस्टबिन के टूटने तथा ठेला की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीण सुशील साह ने वार्ड संख्या 10 में सड़क ढलाई और वार्ड संख्या 11 में नाला निर्माण कार्य शुरू कराने का प्रस्ताव रखा। शकीला खातून ने वार्ड संख्या 6 में बने नाले के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित होने की समस्या उठाते हुए अतिक्रमण हटाकर नाले को व्यवस्थित कराने की मांग की। मौके पर रोजगार सेवक मृत्युंजय, कार्यपालक सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक ऋतिक कुमार, वंशु चौपाल, हजारी सहनी, छोटेलाल पासवान, संजय शर्मा, मो. आजाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कचरा प्रोसेसिंग प्लांट से दो दर्जन गांवों को मिलेगी राहत : विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के मड़वन प्रखंड स्थित कपूरी भवन में रविवार को रौतिनिया एवं आसपास के ग्रामीणों की बैठक जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कांटी विधायक ई. अजीत कुमार ने कचरा प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना के निर्णय एवं आगामी एक अगस्त को होने वाले उद्घाटन पर सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के बल पर किसी भी लड़ाई को जीता जा सकता है और कचरा प्रोसेसिंग प्लांट इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। विधायक ने कहा कि प्लांट के शुरू होने से रौतिनिया समेत आसपास के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को वर्षों से चली आ रही समस्या से निजात मिलेगी। यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने लोगों से उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाने की अपील करते हुए कहा कि मड़वन प्रखंड के कोने-कोने से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जदयू नेताओं एवं ग्रामीणों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में जदयू नेता जयकिशन चौहान, सुधीर सिंह, अजय चौधरी, अरुण राय, अंकेश ओझा, दिनेश पासवान, पप्पू मिश्रा, रंजू देवी, प्रेम सिंह, नवल सिंह, अवधेश सिंह, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुनील महतो, विनोद शर्मा, सुमन श्रीवास्तव, विजय साह, राजीव महतो, पूर्व मुखिया मोतिउर रहमान, कामेश्वर राय, रामभू राम, संजय राय, सुनील राम एवं कन्हाई पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्र आंदोलन की बड़ी जीत, झुकी सरकार : डीवाईएफआई

विभूतिपुर/समस्तीपुर। जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलन के आगे आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा है। डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष महेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छात्रों की वाजिब मांगों के आगे सरकार का अहंकार टूट गया है और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा है।संगठन ने कहा कि सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए लाठी, गोली, आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन देश के छात्र-युवाओं ने इस तानाशाही का बहादुरी से सामना किया।डीवाईएफआई जिला अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक जीत पर संघर्ष में शामिल सभी युवाओं और समर्थकों को बधाई दी है।और सरकार से छात्रों के साथ किए गए सभी समझौतों को तुरंत लागू करने की मांग की है।

# एलएनएमयू में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं को तार्किक व जिम्मेदार बनने का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) के स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के सेमिनार हॉल में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा शाखा द्वारा चयनित स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एन. के. अग्रवाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और देश का भविष्य उनकी शिक्षा, तार्किक सोच, संवेदनशीलता तथा जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए तथा स्वस्थ बहस समाज के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस का उल्लेख करते हुए शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा शाखा के अध्यक्ष विनोद कुमार सरावगी ने की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दरभंगा के 30 स्नातकोत्तर विभागों एवं पीजी संचालित कॉलेजों के 60 प्रतिभागी 32 विभिन्न विषयों पर पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचानने के साथ उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराना है। सम्मानित अतिथि चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। संचालन राजेश बोहरा और प्रतियोगिता संचालन मनमोहन सरावगी ने किया। अंत में शाखा मंत्री मनोज कुमार डोकानिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मनीगाछी में गन्ना पंजीयन अभियान को मिली रफ्तार दो दिनों में 1,249 किसानों का हुआ पंजीकरण

मनीगाछी (दरभंगा)। गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे तीन दिवसीय विशेष पंजीयन अभियान के दूसरे दिन शनिवार को भी प्रखंड की सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। पंचायत भवनों पर लगे शिविरों में किसान सलाहकार, पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मियों की तैनाती की गई थी। दूसरे दिन 614 किसानों का पंजीकरण किया गया, जबकि दो दिनों में कुल 1,249 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संदीप कुमार पाण्डेय ने कृषि पदाधिकारी रजनीश, सहकारिता पदाधिकारी रूपेश तथा केन पदाधिकारी प्रह्लाद के साथ ब्रह्मपुर, नेहरा पूर्वी, राघोपुर पश्चिमी, जतुका पैकटोल, ब्रह्मपुरा भट्टपुरा समेत विभिन्न पंचायतों में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के साथ बैठक कर गन्ना खेती के लाभ बताए और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों से पंजीकरण कराने की अपील की। बीडीओ ने बताया कि किसानों ने सरकार द्वारा गन्ने की खरीद और समय पर भुगतान की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान कम से कम 4,000 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन को उम्मीद है कि अंतिम दिन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभियान में और तेजी आएगी।

# ग्रामीण चिकित्सकों के लिए सीएमई कार्यक्रम आयोजित



दरभंगा। एसवी. हॉस्पिटल, बेंता ईदगाह रोड द्वारा रविवार को सरकार क्लासेस, कल्याणपुर में लगभग 55 ग्रामीण चिकित्सकों की सहभागिता के साथ सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सड़क दुर्घटना के घायलों का प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधनह्न रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के प्राथमिक उपचार, समय पर उचित चिकित्सकीय निर्णय तथा वैज्ञानिक तरीके से आपातकालीन प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इस दौरान घायल को सही प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। डॉ. झा ने हाथ एवं जांघ में इंट्रामस्क्युलर (आईएम) इंजेक्शन लगाने की सुरक्षित तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। साथ ही अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में घाव पर टांके लगाने की सही विधि और आवश्यक सावधानियों से भी चिकित्सकों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम दयाल महतो, ग्रामीण चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र महतो, कल्याणपुर प्रखंड अध्यक्ष तथा प्रखंड कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के सहयोग से संपन्न हुआ। इसमें नीरज कुमार, राजेश कुमार राय, विवेकानंद कुमार, पांडव चौधरी, उदय कुमार साह, राघवेंद्र शर्मा, शंकर राय, संजय कुमार राय और राजेश कुमार त्रिवेदी सहित अनेक ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न चिकित्सकीय विषयों पर चर्चा कर अपने ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को समृद्ध किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एस.वी. हॉस्पिटल की ओर से स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में दीपेश, संजय दास, जितेंद्र पंडित, आशुतोष सेतु एवं अविनाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मासिक विकास शिविर में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखण्ड में सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक विकास शिविर का पंचायत सरकार भवन, बेरुआ के सभागार में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मियों एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम म्मन की बात का सामूहिक रूप से श्रवण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, जनभागीदारी तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया उषा देवी, पंचायत सचिव सुभाष कुमार, किसान सलाहकार सुनील कुमार, कचहरी सचिव राखी कुमारी, संदीप कुमार कर्ण, राहुल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विकास शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं संबंधित विभागों से संपर्क स्थापित करने की प्रक्रिया भी बताई गई। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने पंचायत के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा गांव के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सावन में बाबा गरीबनाथ की भक्ति से गुलजार होगा मुजफ्फरपुर, 150 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भगवान शिव के पवित्र माह सावन की शुरुआत में अब कुछ ही दिन शेष हैं। 30 जुलाई से शुरू हो रहे सावन में बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों के पहुंचने की संभावना है। पहली सोमवारी 3 अगस्त को पड़ेगी। सावन को लेकर धार्मिक उत्साह चरम पर है और इसका असर शहर के बाजारों में भी साफ दिखाई देने लगा है। कपड़ा, फल, खाद्यान्न, पूजा सामग्री और प्रसाद की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है। व्यापारियों का अनुमान है कि इस बार पूरे सावन माह में करीब 150 करोड़ रुपये का कारोबार होगा। व्यापारियों के अनुसार पिछले दो वर्षों में सावन के कारोबार में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और शिवभक्तों की तैयारियों को देखते हुए इस वर्ष भी बाजार में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। शहर का सूतापट्टी होलसेल बाजार गेरुए कपड़ों, केसरिया साड़ियों, टी-शर्ट और हाफ पैंट की खरीदारी से गुलजार है। यहां से उत्तर बिहार के साथ-साथ नेपाल तक बड़ी मात्रा में सामान भेजा जा रहा है। अकेले कपड़ा बाजार में करीब 50 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया गया है। सावन में लगने वाले भंडारों और शिविरों के कारण फल और खाद्यान्न की मांग भी काफी बढ़ गई है। फल मंडी में प्रतिदिन करीब दो करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है, जो पूरे महीने में लगभग 60 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। वहीं भंडारों के लिए करीब 16 करोड़ रुपये के खाद्यान्न की बिक्री का अनुमान है। प्रसाद और मिष्ठान बाजार भी पूरी तरह तैयार है। इलायचीदाना, चूड़ा और पेड़ा की मांग तेजी से बढ़ रही है। दुकानदार प्रतिदिन करीब 15 क्विंटल इलायचीदाना तैयार कर रहे हैं। इस श्रेणी में करीब छह करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद जताई जा रही है। पूजा सामग्री की दुकानों पर इंडोनेशियाई रुद्राक्ष, अष्टगंध चंदन, पीतल और तांबे के लोटों की खरीदारी भी जोरों पर है। इस क्षेत्र में करीब चार करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान है। इसके अलावा लहठी के कारोबार से करीब पांच करोड़ रुपये और श्रृंगार प्रसाधनों की बिक्री से लगभग दो करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। सावन के आगमन के साथ मुजफ्फरपुर में एक ओर जहां बाबा गरीबनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर का बाजार भी पूरी तरह शिवमय हो चुका है। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार सावन का सीजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्थानीय कारोबार के लिए भी बेहद लाभदायक साबित होगा।

# बाया नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत, एक ने तैरकर बचाई जान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में बाया नदी में नहाने गए चार बच्चों में से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक बच्चा किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहा। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, महावीर स्थान इलाके के चार बच्चे वैद्यनाथपुर स्थित बाया नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान सभी बच्चे गहरे पानी में चले गए। इनमें से एक बच्चे ने साहस दिखाते हुए तैरकर बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जबकि तीन बच्चे नदी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद तीनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला। हालांकि करीब डेढ़ घंटे तक पानी में रहने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में मनोज साह के 12 वर्षीय पुत्र साहिल, गुड्डू साह के 12 वर्षीय पुत्र अमृत तथा मो. ऐनुल के 14 वर्षीय पुत्र मो. रेहान उर्फ छोटू की मौत हो गई। वहीं मो. मुन्ना के 13 वर्षीय पुत्र मो. गुड्डू ने तैरकर बाहर निकलते हुए अपनी जान बचाई। घटना के बाद सभी बच्चों को साहेबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग जुट गए और परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलने पर साहेबगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-57 पर बखरी चौक के समीप शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान बखरी टरमा निवासी रोशन कुमार राम के रूप में हुई है, जो गणेशाराम के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि रोशन रोज की तरह मजदूरी का काम समाप्त कर देर रात अपने घर लौट रहे थे। रात करीब एक बजे जब वह बखरी चौक के समीप सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि रोशन कुमार राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, मजदूर की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है।

# पान विकास योजना में मुजफ्फरपुर जिला हुआ शामिल, 11,750 रुपये तक मिलेगा अनुदान

मुजफ्फरपुर। जिले के किसानों के लिए कृषि क्षेत्र से बड़ी राहत भरी खबर आई है। बिहार सरकार की पान विकास योजना में अब मुजफ्फरपुर जिले को भी आधिकारिक रूप से शामिल कर लिया गया है। इस योजना के तहत जिले में क्लस्टर आधारित पान की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और पान उत्पादन को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्यान विभाग ने योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसानों का चयन पूरी तरह पारदर्शी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। जिले के सभी 16 प्रखंडों से पात्र किसानों का चयन किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर के अलावा औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा, सारण, भागलपुर, समस्तीपुर, मुंगेर और दरभंगा जिलों में भी यह योजना लागू की गई है। योजना के तहत मगही और देसी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत किसानों के साथ-साथ किसान उत्पादक संगठन से जुड़े किसानों को भी अनुदान का लाभ मिलेगा। योजना के तहत 100 वर्गमीटर क्षेत्र में पान की खेती के लिए प्रति इकाई 11,750 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इस अनुदान का मुख्य उद्देश्य पान की खेती के लिए बरेजा यानी विशेष संरक्षित ढांचे का निर्माण कराना है, जिससे फसल सुरक्षित रहे और उत्पादन बेहतर हो सके। उद्यान विभाग ने पूरे बिहार में इस योजना के तहत 30 हजार इकाइयां स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर, कटरा, मीनापुर और कांटी प्रखंडों में पहले से ही परंपरागत रूप से पान की खेती होती रही है। अब इस योजना के विस्तार से अन्य प्रखंडों के किसानों को भी पान उत्पादन से जोड़ने और आधुनिक तकनीक के साथ खेती करने का अवसर मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि क्लस्टर आधारित खेती और सरकारी अनुदान मिलने से जिले में पान उत्पादन को नई पहचान मिलेगी। साथ ही किसानों की लागत कम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है।

# जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा विकल्प की मालीघाट इकाई का 19वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

मुजफ्फरपुर। जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा विकल्प का 19 वां वार्षिक सम्मेलन आज सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के प्रथम सत्र के खुले अधिवेशन में संगठन द्वारा, सम्मेलन के सफल होने एवं नई कमिटी को बधाई प्रेषित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से एआईडीएसओ के शिव कुमार, राजनीतिज्ञ तथा सामाजिक कार्यकर्ता भूपनारायण सिंह, शहर के बहुचर्चित कवि उमेश राज, विकल्प मुजफ्फरपुर के जिला सचिव विभाकर तथा विकल्प नवोदित इकाई की सचिव पूनम कुमारी आदि उपस्थित थीं। दूसरे सत्र में सचिव पूजा द्वारा संगठन के कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने प्रस्तुत प्रतिवेदन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए और वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण सुझाव दिया और संगठन को और मजबूत व धारदार बनाने की बात कही। इसके लिए ज्वलंत समस्याओं पर संगठन को महीने में एक नुक्कड़ सभा, मोहल्लों व कस्बों में जनसभा के साथ-साथ जन गीतों के माध्यम से संगठन का विस्तार करना आज के समय की माँग बताया व इसकी जिम्मेदारी अग्रिम कमिटी को सौंपी गई।सम्मेलन में बढ़ती महंगाई, महंगी शिक्षा व बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, खराब स्वास्थ्य व्यवस्था, महिला उत्पीड़न और शहर में बढ़ती गंदगी व जाम की समस्या के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन के अंत में संवैधानिक ढांचे के अनुसार, अध्यक्ष - अरुण कुमार वर्मा ,सचिव - पूजा कुमारी ,उपसचिव - रणधीर कुमार ,कोषाध्यक्ष - आनंद कुमार ,कार्यकारिणी सदस्य - कामेश्वर प्रसाद दिनेश ,धीरेन्द्र धीरु ,बैजू कुमार ,सुनील कुमार एवं अमन कुमार निर्वाचित किए गया।

# 16 महीने तक जिंदगी से लड़ते रहे चंद्रकिशोर सड़क हादसे के जख्म ने आखिर ले ली जान

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मनियारी थाना क्षेत्र के रामदयालु-कांटी हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होकर पिछले 16 महीनों से कोमा में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हरपुर बलड़ा पंचायत के माधोपुर चिकनी निवासी चंद्रकिशोर पंडित (38 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, चंद्रकिशोर पंडित अपने बेटे को बाइक से मैट्रिक परीक्षा दिलाने जा रहे थे। इसी दौरान रामदयालु-कांटी हाईवे पर एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और तब से लगातार कोमा में थे। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गौरी शंकर शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद उनका कई महीनों तक पटना में इलाज कराया गया। बाद में परिजन उन्हें घर ले आए और लगातार उपचार कराते रहे, लेकिन 16 महीने तक संघर्ष करने के बाद रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। इस लंबे इलाज ने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इलाज पर भारी खर्च होने के कारण परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। चंद्रकिशोर की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का पीड़ित परिवार के घर पहुंचना शुरू हो गया। प्रभारी मुखिया रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार सहनी, सरपंच प्रतिनिधि गौरव सिंह, पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा समेत कई सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर कदम उठाने और पीड़ित परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# गायघाट में अग्निकांड,एक घर जलकर राख

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड के जमालपुर कोदई पंचायत अंतर्गत डीह कोदई गांव के वार्ड संख्या-5 में रविवार को भीषण अग्निकांड की घटना में एक घर जलकर राख हो गया। आग लगने से पीड़ित राजकुमार साह के घर में रखा घरेलू सामान, कपड़े, अनाज एवं अन्य जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। साथ ही मामले की जानकारी बेनीबाद थाना एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। सूचना के बाद प्रशासन द्वारा घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।मौके पर डायल 112 की टीम भी पहुंची। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुटा है।

# पूर्व सांसद अर्जुन राय ने राजद से दिया इस्तीफा,थामेंगे भाजपा का दामन

मुजफ्फरपुर। बिहार की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम के तहत राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं सीतामढ़ी के पूर्व सांसद अर्जुन राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपने इस्तीफे की घोषणा की और बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा तथा ज्ञापन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सौंप दिया है। अर्जुन राय ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से यह निर्णय लिया है। हालांकि उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान अपने अगले राजनीतिक कदम की भी घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# एनएच किनारे मिला अज्ञात महिला का शव ,हत्या की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी थाना क्षेत्र में रविवार को एनएच किनारे नेता चौक के समीप एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर कांटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस मृतका की पहचान करने के साथ-साथ मौत के कारणों की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर नेता चौक के पास से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़े महिला के शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कांटी थाना पुलिस को दी। मृतका की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। कई लोगों ने आशंका जताई कि महिला की हत्या कहीं और करने के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को नेता चौक के पास लाकर फेंका गया है। हालांकि पुलिस ने फिलहाल इस संबंध में किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव बाहर से लाकर यहां फेंका गया या घटना स्थल पर ही महिला की मौत हुई। कांटी थानाध्यक्ष ने बताया कि नेता चौक के समीप से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मृतका की पहचान कराने के लिए उसके हुलिये के आधार पर आसपास के थानों से संपर्क कर रही है। साथ ही हाल के दिनों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा गरीबनाथ जलाभिषेक : मुजफ्फरपुर में 48 घंटे का विशेष ट्रैफिक प्लान लागू, भारी वाहनों की नो-एंट्री

मुजफ्फरपुर। सावन की सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने विस्तृत ट्रैफिक प्लान जारी किया है। डीएम और एसएसपी की स्वीकृति के बाद तैयार इस विशेष योजना के तहत शनिवार दोपहर 2 बजे से सोमवार दोपहर 2 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रशासन की ओर से जारी नक्शे के अनुसार, पहलेजा घाट से जल लेकर आने वाले कांवड़िया रामदयालु गुमटी, अघोरिया बाजार, हरिसभा चौक, पानी टंकी चौक, छोटी कल्याणी, साहु पोखर और माखन साह चौक होते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर तक पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला स्कूल मैदान में जिगजैग व्यवस्था बनाई गई है। कांवड़िया हरिसभा चौक और पानी टंकी चौक से जिला स्कूल पहुंचेंगे, जहां से जिगजैग मार्ग के जरिए अमर सिनेमा चौक और छोटी कल्याणी होते हुए मंदिर तक पहुंचेंगे। भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए महिला और पुरुष कांवड़ियों के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। वहीं, शहर के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों और महत्वपूर्ण गलियों के मुहानों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। बाइक से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आरडीएस कॉलेज और एलएस कॉलेज परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही, कांवड़ियों को सही दिशा दिखाने के लिए प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड भी लगाए गए हैं। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं की वापसी छाता बाजार मार्ग से कराई जाएगी। इस दौरान सरैयागंज टावर, गांधी चौक, छाता चौक और पुरानी बाजार चौक तक सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी।

# नीट प्रदर्शन के उपद्रवियों पर पुलिस का शिकंजा

- 100 से अधिक पर एफआईआर सरकारी नुकसान की होगी वसूली

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नीट पेपर लीक मामले को लेकर समाहरणालय परिसर में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस ने उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में 100 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रदर्शन में शामिल लोगों की पहचान कर रही है। अब तक आठ प्रमुख आरोपियों की तस्वीरें सार्वजनिक की गई हैं। इनकी पहचान बताने और गिरफ्तारी में सहयोग करने वालों के लिए इनाम की भी घोषणा की गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष पुलिस टीम ने कांटी, मुशहरी, अहियापुर, बोचहां, मनियारी के अलावा शहर के भगवानपुर, मिठनपुरा और चंदवारा समेत कई इलाकों में देर रात तक छापेमारी की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मिठनपुरा स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली एक छात्रा भी प्रदर्शन में शामिल थी। पुलिस टीम जब हॉस्टल पहुंची तो वह पहले ही वहां से फरार हो चुकी थी। उसकी तलाश जारी है और पुलिस उससे जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। प्राथमिकी दर्ज होने और तस्वीरें सार्वजनिक होने के बाद कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं। नगर पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि जिन लोगों की पहचान होगी, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इसके साथ ही समाहरणालय और अन्य सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का पूरा हर्जाना भी आरोपियों से ही वसूला जाएगा। प्रशासन ने दोहराया है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और हिंसा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी और सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं समेत 11 समाजसेवी हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड स्थित लक्ष्मी राजदेव इंटर कॉलेज, पियर में शनिवार को सपोर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में राजदेव प्रसाद ठाकुर स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह सह राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का विषय ,कृषि एवं खाद्य प्रणाली का सुदृढ़ीकरणः स्थानीय से वैश्विक अवसरों का नया द्वार रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल कुमार ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. रत्नेश कुमार झा तथा जिला कृषि पदाधिकारी भारत भूषण उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुधाकर प्रसाद लाल, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार एवं प्रो. अरुण कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसायटी, बिहार के उपाध्यक्ष उदय शंकर प्रसाद सिंह ने की। समारोह में बंदरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 सामाजिक कार्यकताओं को भी सम्मान से नवाजा गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार ने किसानों से मौसम के अनुरूप फसल चयन और वैज्ञानिक तकनीक आधारित खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक ही किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने का प्रभावी माध्यम है। वक्ताओं ने किसानों को बिचौलियों से बचते हुए सीधे बाजार से जुड़ने की सलाह दी, ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बान चुका है और अब गुणवत्ता, प्रसंस्करण तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ. रत्नेश कुमार झा ने खाद्य पदार्थों की शुद्धता पर बल देते हुए कहा कि भारत की पारंपरिक कृषि प्रणाली को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और देश की कृषि को नई पहचान मिलेगी। वहीं अनिल कुमार ठाकुर ने किसानों से नवाचार अपनाने, जोखिम उठाने और आधुनिक तकनीक के साथ आत्मविश्वास एवं संगठन की शक्ति को जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सपोर्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रंगीश ठाकुर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुशवाहा ने किया।

# मुजफ्फरपुर में बनेंगे 50 आधुनिक फूड कियोस्क चार जगह विकसित होंगे मिनी स्ट्रीट फूड हब

मुजफ्फरपुर। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत मुजफ्फरपुर शहर को अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक बनाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। शहर में चार प्रमुख स्थानों पर मिनी स्ट्रीट फूड हब विकसित किए जाएंगे, जहां कुल 50 आधुनिक कियोस्क (स्टॉल) स्थापित होंगे। इसके लिए स्मार्ट सिटी कंपनी ने टेंडर जारी कर दिया है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त निर्धारित की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य शहर में स्ट्रीट फूड संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ सड़कों पर बेतरतीब लगने वाले ठेलों को व्यवस्थित करना है। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी सुधार आने की उम्मीद है। स्मार्ट सिटी कंपनी इन कियोस्कों का आवंटन सीधे दुकानदारों को नहीं करेगी। इसके बजाय टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से चुनी जाने वाली निजी एजेंसी को कियोस्कों के संचालन और आवंटन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कंपनी ने प्रत्येक कियोस्क का न्यूनतम मासिक किराया 6,000 रुपये तय किया है। इस आधार पर कंपनी को हर महीने कम से कम 3 लाख रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है। टेंडर में सबसे अधिक राजस्व का प्रस्ताव देने वाली एजेंसी का चयन किया जाएगा। योजना के तहत लक्ष्मी चौक से एमआईटी गेट, बैरिया रोड तक 12 कियोस्क लगाए जाएंगे। लक्ष्मी चौक से पुलिस लाइन ,एमआईटी मेन गेट रोड पर भी 12 कियोस्क स्थापित होंगे। मिठनपुरा क्लब रोड पर पानी टंकी से मिठनपुरा चौक लेन तक 12 कियोस्क बनाए जाएंगे, जबकि एमडीडीएम कॉलेज के आसपास मिठनपुरा से पानी टंकी लेन तक 14 कियोस्क स्थापित किए जाएंगे। शहर के छात्र-बहुल इलाकों में इन मिनी फूड हब के विकसित होने से विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खान-पान की सुविधा मिलेगी। साथ ही, फुटपाथों और सड़कों पर अनियोजित तरीके से लगने वाले ठेलों को व्यवस्थित स्थान मिलने से अतिक्रमण की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है। स्मार्ट सिटी की यह पहल शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी नई गति देने वाली मानी जा रही है।

# फूस के घर से नकदी-जेवर समेत लाखों की चोरी पंचायत सरकार भवन में पंखा चुराते चोर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के करजा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वन प्रखंड के बथना गांव में देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी, जेवर और अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही करजा थाना की डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, बथना गांव निवासी दीपक कुमार के फूस के घर का दरवाजा हटाकर चोर अंदर घुस गए। उस समय घर में दो महिलाएं सो रही थीं। चोर महिलाओं के सिरहाने से तीन मोबाइल फोन और एक पेटी-बक्सा लेकर फरार हो गए। परिजनों ने बताया कि बक्से में मकान निर्माण के लिए एलआईसी से निकाले गए करीब 70 हजार रुपये नकद, चार थान सोने-चांदी के जेवर, कपड़े तथा अन्य कीमती सामान रखा हुआ था। चोरी की जानकारी सुबह होने पर मिली, जिसके बाद परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने घर से करीब 500 मीटर दूर एक खाली बक्सा पड़ा देखा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान अपने बक्से के रूप में की। बताया गया कि चोर नकदी और कीमती सामान निकालने के बाद खाली बक्सा वहीं फेंककर फरार हो गए। मामले में करजा थानाध्यक्ष ई. राम एकबाल प्रसाद ने बताया कि पीड़ित परिवार से प्राप्त आवेदन के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और चोरों की पहचान के प्रयास जारी हैं। इधर, करजा थाना क्षेत्र के बड़कागांव उत्तरी पंचायत सरकार भवन से पंखा चोरी कर भाग रहे एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान देवरिया थाना क्षेत्र के बुढानपुर निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पंचायत सचिव अर्चना कुमारी ने गिरफ्तार चोर और उसके एक साथी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। करजा थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

# नैतिकता नहीं, भारी युवा आक्रोश के चलते हुआ शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

तनवीर जाफरी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहा छात्रों व युवाओं का आंदोलन अभी लगभग पूरे देश में फैलता ही जा रहा था कि गत शनिवार सरकार को उन्हें पद से हटाना ही पड़ गया। आंदोलित छात्रों को केवल विपक्ष या अन्य तमाम सेलेब्रिटीज का ही समर्थन नहीं मिला बल्कि उन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी का भी समर्थन हासिल हुआ। जोशी ने छात्र आंदोलन को अपना समर्थन देते हुये कहा था कि ह्यमहिलाओं और कम उम्र की लड़कियों के साथ बेरहमी से बुरा व्यवहार किया गया, जिससे उन्हें गहरा दुख हुआ। उन्होंने कहा कि छात्र कई दिनों से नई दिल्ली की सड़कों पर हैं और उनकी चिंताएँ वाजिब हैं, जिनका समाधान सहानुभूति और संवाद के माध्यम से होना चाहिए था, न कि केवल कानून-व्यवस्था का मामला मानकर बल प्रयोग सेह्व। परन्तु अहंकारी सत्ता ने समय रहते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की उनकी मांग पूरी करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग कर उन्हें भयभीत करने की रणनीति अपनाई। और आखिरकार पुलिस की दमनकारी नीति सरकार को और भारी पड़ गयी। सवाल यह है कि जिस धर्मेंद्र प्रधान के जुलाई 2021 से जुलाई 2026 तक के शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के दौरान देश में अलग-अलग स्तरों पर लगभग 70 से 80 बार पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। जिस धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री मंत्री रहते विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (विशेषकर नीट और यूजीसी-नेट) में हुई पेपर लीक की घटनाओं और उनके मानसिक तनाव के कारण और उसके बाद उनके भविष्य को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता के चलते पिछले कुछ हफ़्तों में ही 21 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। और देश के करोड़ों छात्रों का भविष्य सीधे तौर पर प्रभावित हुआ, केवल नीट परीक्षा के पेपर लीक, परिणाम रद्द होने और री-टेस्ट के कारण अकेले 22 लाख से अधिक (2.2 मिलियन) छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया और उन्हें दोबारा भीषण मानसिक तनाव में परीक्षा की तैयारी करनी पड़ी। इसी तरह यूजीसी-नेट परीक्षा, डार्क नेट पर पेपर लीक होने की वजह से रातों-रात परीक्षा रद्द होने के कारण 9 लाख से अधिक छात्रों का कैरियर सीधे प्रभावित हुआ। ऐसे शिक्षा मंत्री को हटाने में सरकार को आखिर इतना समय क्यों लगा ? दरअसल धर्मेंद्र प्रधान बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से गहराई से जुड़े रहे हैं। उनका पूरा राजनीतिक और सामाजिक आधार संघ से ही प्रेरित रहा है। धर्मेंद्र प्रधान के पिता डॉ. देबेंद्र प्रधान ओडिशा में भाजपा के शुरूआती नेताओं में से थे और स्वयं संघ के आजीवन कार्यकर्ता रहे। डॉ. देबेंद्र प्रधान 1998-2004 के मध्य वाजपेयी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे । जुलाई 2021 में जब धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद की जिम्मेदारी दी गई, तो उन्होंने देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को लागू करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान उन्होंने पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा कर भारतीय महापुरुषों और स्वदेशी इतिहास को प्रमुखता से शामिल करने का कार्य किया, जिसे संघ के सांस्कृतिक और शैक्षिक दृष्टिकोण के अनुकूल माना जाता है। धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) और नए नेशनल करिकुलम फ्रेम वर्क (एनसीएफ-एसई 2023) के तहत स्कूली पाठ्यक्रमों (विशेषकर एनसीईआरटी किताबों) में व्यापक बदलाव किए गए। इसमें वेदों, प्राचीन भारतीय ग्रंथों, पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन खगोल विज्ञान और भारत की समृद्ध गणितीय विरासत (जैसे प्राचीन गणितज्ञों के योगदान) से जुड़े संदर्भों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। कक्षा 6 से ही कोडिंग, वित्तीय साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और स्थानीय शिल्पकला (जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना, बागबानी आदि) जैसे व्यावहारिक विषयों को मुख्य पाठ्यक्रम में जोड़ा गया। स्कूली स्तर पर स्वास्थ्य, कल्याण और योग को शारीरिक शिक्षा के अनिवार्य और मुख्य मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया। इसी तरह एनसीईआरटी की कक्षा 6 से 12वीं तक की किताबों से पाठ्यक्रम का लगभग 30% हिस्सा हटा दिया गया, जिसे लेकर काफी विवाद भी हुआ। इतिहास की किताबों (विशेषकर कक्षा 12वीं) से ह्यमुगल दरबारह्व, मुगल शासकों के इतिहास और उनके प्रशासनिक तौर-तरीकों से जुड़े कुछ विस्तृत अध्यायों और अंशों को हटाया या छोटा किया गया।

# भारत के मिसाइल मैन और युवाओं के प्रेरणास्रोत

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और दूरदर्शी चिंतक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और युवा शक्ति को एक सूत्र में पिरोकर भारत को नई दिशा देने का कार्य किया। उनकी पुण्यतिथि 27 जुलाई हमें उनके आदर्शों, संघर्षों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करने का अवसर प्रदान करती है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का पूरा नाम अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम था। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम् द्वीप स्थित धनुषकोडी क्षेत्र के एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता जैनुलाब्दीन नाव चलाने का कार्य करते थे और माता आशियम्मा धार्मिक एवं करुणामयी स्वभाव की थीं। आर्थिक परिस्थितियाँ साधारण होने के बावजूद परिवार ने बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का अमूल्य धन प्रदान किया। बालक कलाम बचपन से ही परिश्रमी, जिज्ञासु और स्वप्नदर्शी थे। अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वे समाचार पत्र वितरित करते थे। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। यही संघर्ष आगे चलकर उन्हें विश्व के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की श्रेणी में ले गया। प्रारंभिक शिक्षा रामेश्वरम् में प्राप्त करने के बाद उन्होंने सेंट जोसेफ कॉलेज, तिरुचिरापल्ली से भौतिक विज्ञान में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उनका सपना वायुसेना में पायलट बनने का था, किंतु चयन न हो पाने के बाद उन्होंने निराश होने के बजाय विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाया। वर्ष 1958 में उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक के रूप में अपना कार्य आरंभ किया। बाद में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से जुड़े और भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 परियोजना के परियोजना निदेशक बने। उनके नेतृत्व में 1980 में रोहिणी उपग्रह को सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया, जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की ऐतिहासिक उपलब्धि थी। डॉ. कलाम का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारत के स्वदेशी मिसाइल कार्यक्रम में रहा। उन्होंने समेकित निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विकास कार्यक्रम इंटिग्रेटेड गाईडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल नेतृत्व किया। उनके मार्गदर्शन में पृथ्वी, अग्नि, आकाश, त्रिशूल और नाग जैसी मिसाइलों का विकास हुआ। इसी असाधारण योगदान के कारण उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से विश्वभर में पहचान मिली। वर्ष 1992 से 1999 तक वे भारत सरकार के रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव रहे। भारत की सामरिक क्षमता को सुदृढ़ बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण की सफलता में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। वर्ष 2002 में वे भारत के 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। वे देश के पहले ऐसे राष्ट्रपति थे जो एक वैज्ञानिक पृष्ठभूमि से आए और जिन्होंने राजनीति से सीधे जुड़े बिना सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की यात्रा तय की। राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत लोकप्रिय रहा। वे स्वयं को ह्लजनता का राष्ट्रपतिह्व मानते थे। बच्चों और युवाओं से उनका विशेष लगाव था। वे विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते थे तथा उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करते थे। उनका विश्वास था कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। डॉ. कलाम केवल वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील लेखक और विचारक भी थे। उनकी पुस्तकें विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 और माय जर्नी आज भी युवाओं को प्रेरित करती हैं।

# नीट से शुरू, राजनीति पर खत्म

ऐसी स्थिति में सरकार से जवाब मांगना, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की अपेक्षा करना और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग करना पूरी तरह उचित है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की पहली जिम्मेदारी यही होती है कि वह नागरिकों, विशेषकर युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे। यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी पेपर लीक की घटना को केवल एक प्रशासनिक चूक कहकर टाला नहीं जा सकता। यह केवल प्रश्नपत्र की चोरी नहीं, बल्कि लाखों सपनों के साथ विश्वासघात है। ऐसे अपराधों में शामिल व्यक्तियों, गिरोहों अथवा अधिकारियों की निष्पक्ष जांच और शीघ्र दंड आवश्यक है। यदि व्यवस्था में कमियाँ हैं तो उन्हें दूर करना सरकार की जिम्मेदारी है। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, डिजिटल निगरानी बढ़ाना, उत्तरदायित्व तय करना और समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का एक दूसरा पक्ष भी सामने आया। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन बढ़े, अनेक स्थानों पर मूल मुद्दे की जगह राजनीतिक विमर्श ने ले ली। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और वैचारिक समूहों ने इस विषय को अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना शुरू किया।






**डॉ. प्रियंका सौरभ**
(लेखक)

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहाँ जनता को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार है। यही अधिकार लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखता है। जब किसी सरकारी व्यवस्था में कमी दिखाई देती है, जब किसी परीक्षा में गड़बड़ी होती है, जब युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग जाता है, तब विरोध केवल स्वाभाविक ही नहीं बल्कि आवश्यक भी होता है। किंतु लोकतंत्र की यही शक्ति तब कमजोर पड़ने लगती है जब किसी वास्तविक मुद्दे का केंद्र धीरे-धीरे बदलकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, वैचारिक ध्रुवीकरण और सत्ता संघर्ष में परिवर्तित हो जाता है। तब मूल प्रश्न पीछे छूट जाता है और राजनीतिक लाभ-हानि का गणित आगे आ जाता है। नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं ने पूरे देश को झकझोर दिया। लाखों विद्यार्थियों ने वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, परिवारों ने अपनी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक खर्च कर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया, लेकिन जब परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठे तो स्वाभाविक रूप से छात्रों और अभिभावकों का विश्वास डगमगाया। ऐसी स्थिति में सरकार से जवाब मांगना, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की अपेक्षा करना और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग करना पूरी तरह उचित है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की पहली जिम्मेदारी यही होती है कि वह नागरिकों, विशेषकर युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे। यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी पेपर लीक की घटना को केवल एक प्रशासनिक चूक कहकर टाला नहीं जा सकता। यह केवल प्रश्नपत्र की चोरी नहीं, बल्कि लाखों सपनों के साथ विश्वासघात है। ऐसे अपराधों में शामिल व्यक्तियों, गिरोहों अथवा अधिकारियों की निष्पक्ष जांच और शीघ्र दंड आवश्यक है। यदि व्यवस्था में कमियाँ हैं तो उन्हें दूर करना सरकार की जिम्मेदारी है। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, डिजिटल निगरानी बढ़ाना, उत्तरदायित्व तय करना और समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का एक दूसरा पक्ष भी सामने आया। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन बढ़े, अनेक स्थानों पर मूल मुद्दे की जगह राजनीतिक विमर्श ने ले ली। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और वैचारिक समूहों ने इस विषय को अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना शुरू किया। छात्रहित का प्रश्न धीरे-धीरे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का माध्यम बन गया। कुछ मंचों पर सरकार की नीतियों की आलोचना हुई, तो कहीं पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न लगाए गए। कहीं-कहीं भाषा की मर्यादा भी टूटती दिखाई दी। ऐसे में स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या आंदोलन का लक्ष्य छात्रों को न्याय दिलाना था या राजनीतिक लाभ अर्जित करना? लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विपक्ष सरकार से प्रश्न पूछता है, नीतियों की समीक्षा करता है और जनता की आवाज को संसद तथा सड़कों तक पहुँचाता है। इसी प्रकार सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी केवल अपनी उपलब्धियाँ गिनाना नहीं, बल्कि जनता की शंकाओं का उत्तर देना भी है। लोकतंत्र तब स्वस्थ रहता है जब दोनों पक्ष अपनी संवैधानिक भूमिका का सम्मान करें। किंतु यदि हर मुद्दा केवल राजनीतिक लाभ और हानि के तराजू पर तौला जाने लगे तो सबसे अधिक नुकसान आम नागरिक का होता है भारत का लोकतंत्र अनेक कठिन दौरों से गुजरा है। स्वतंत्रता के बाद देश ने राजनीतिक अस्थिरता भी देखी और आपातकाल जैसा दौर भी, जब नागरिक स्वतंत्रताओं पर व्यापक प्रतिबंध लगे। उसी इतिहास ने यह भी सिखाया कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान नहीं करता, बल्कि जागरूक नागरिक भी करते हैं। आज परिस्थितियाँ भिन्न हैं। सोशल मीडिया ने प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने का मंच दिया है। सरकारों की आलोचना पहले से कहीं अधिक खुलकर होती है। यह लोकतंत्र की शक्ति का परिचायक है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अभद्रता में अंतर बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। असहमति लोकतांत्रिक अधिकार है, किन्तु व्यक्तिगत अपमान, घृणा और दुष्प्रचार किसी भी स्वस्थ समाज को कमजोर करते हैं। आज सोशल मीडिया ने संवाद को जितना सरल बनाया है, उतना ही जटिल भी। अपुष्ट सूचनाएँ, आधे-अधूरे वीडियो, भावनात्मक पोस्ट और राजनीतिक प्रचार कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच जाते हैं। परिणामस्वरूप कई बार वास्तविक मुद्दा तथ्यों से अधिक भावनाओं के आधार पर तय होने लगता है। नीट विवाद के दौरान भी अनेक प्रकार की सूचनाएँ और दावे सामने आए। ऐसे समय में नागरिकों, मीडिया और राजनीतिक दलों–सभी की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे केवल सत्यापित तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर देश में अलग-अलग मत हैं। उनके समर्थक बुनियादी ढाँचे के विस्तार, डिजिटल शासन, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका और कई कल्याणकारी योजनाओं को उनकी उपलब्धियाँ मानते हैं। वहीं उनके आलोचक बेरोजगारी, महँगाई, सामाजिक तनाव और कुछ प्रशासनिक निर्णयों पर गंभीर प्रश्न उठाते हैं। लोकतंत्र की परिपक्वता इसी में है कि दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अधिकार मिले। किसी भी नेता का मूल्यांकन केवल लोकप्रियता से नहीं, बल्कि उसके निर्णयों, परिणामों और जवाबदेही से होना चाहिए।

# चाय की एक तस्वीर और लोकतंत्र की असली परीक्षा

सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने प्रस्तुत करता है, जबकि विपक्ष सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता भी है। लेकिन जब पूरा राजनीतिक विमर्श किसी एक तस्वीर, व्यक्तिगत घटना या भावनात्मक मुद्दे तक सीमित हो जाए और अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पीछे छूट जाएँ, तब चिंता होना स्वाभाविक है। राजनीति को अक्सर शतरंज या चौसर के खेल से तुलना करके देखा जाता है। इस खेल में प्रत्येक चाल सोच-समझकर चली जाती है। यदि एक रणनीति असफल होती है तो तुरंत दूसरी रणनीति तैयार कर ली जाती है। राजनीतिक दल भी समय और परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीतियाँ बदलते रहते हैं। यह लोकतंत्र का सामान्य हिस्सा है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अधिक प्रभावित वे लोग होते हैं जो किसी राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा नहीं होते, बल्कि केवल कार्यकर्ता, समर्थक या आम नागरिक होते हैं। वे भावनाओं के आधार पर संघर्ष करते हैं, समय लगाते हैं और कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन तथा भविष्य को भी प्रभावित कर लेते हैं। आज भारत केवल राजनीतिक चुनौतियों का सामना नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियाँ भी लगातार बदल रही हैं।



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)



राजनीति में कई बार एक तस्वीर, एक बयान या एक छोटी-सी घटना पूरे राजनीतिक विमर्श की दिशा बदल देती है। आज के डिजिटल युग में यह प्रक्रिया और भी तेज हो गई है। कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर लाखों लोगों तक पहुँच जाती है और उसके आधार पर अनेक तरह की राजनीतिक व्याख्याएँ शुरू हो जाती हैं। हाल के दिनों में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के आईसीयू से गर्म चाय पीते हुए एक प्रमुख नेता की तस्वीर सामने आने के बाद भी कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। तस्वीर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चचाओं का दौर तेज हो गया। समर्थकों और विरोधियों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से इस तस्वीर का अर्थ निकालना शुरू कर दिया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या भारतीय राजनीति अब वास्तविक मुद्दों से अधिक प्रतीकों और तस्वीरों के इर्द-गिर्द घूमने लगी है? लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है। सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने प्रस्तुत करता है, जबकि विपक्ष सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता भी है। लेकिन जब पूरा राजनीतिक विमर्श किसी एक तस्वीर, व्यक्तिगत घटना या भावनात्मक मुद्दे तक सीमित हो जाए और अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पीछे छूट जाएँ, तब चिंता होना स्वाभाविक है। राजनीति को अक्सर शतरंज या चौसर के खेल से तुलना करके देखा जाता है। इस खेल में प्रत्येक चाल सोच-समझकर चली जाती है। यदि एक रणनीति असफल होती है तो तुरंत दूसरी रणनीति तैयार कर ली जाती है। राजनीतिक दल भी समय और परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीतियाँ बदलते रहते हैं। यह लोकतंत्र का सामान्य हिस्सा है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अधिक प्रभावित वे लोग होते हैं जो किसी राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा नहीं होते, बल्कि केवल कार्यकर्ता, समर्थक या आम नागरिक होते हैं। वे भावनाओं के आधार पर संघर्ष करते हैं, समय लगाते हैं और कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन तथा भविष्य को भी प्रभावित कर लेते हैं। आज भारत केवल राजनीतिक चुनौतियों का सामना नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियाँ भी लगातार बदल रही हैं। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में जारी संघर्ष, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती अनिश्चितता, ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाएँ भारत सहित लगभग सभी देशों को प्रभावित कर रही हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है या वैश्विक व्यापारिक तनाव के कारण आयात महँगा होता है, तो उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि केवल वाहन चलाने वालों की समस्या नहीं होती। इसका प्रभाव परिवहन लागत पर पड़ता है, जिससे कृषि उत्पाद, खाद्य सामग्री, दवाइयाँ, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक की कीमतें बढ़ सकती हैं। जब परिवहन महँगा होता है तो लगभग हर वस्तु की लागत प्रभावित होती है। अंततः इसका बोझ आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। महँगाई केवल आर्थिक आँकड़ा नहीं होती, बल्कि हर परिवार के मासिक बजट को प्रभावित करने वाली वास्तविक चुनौती बन जाती है। इसी कारण राष्ट्रीय हितों से जुड़े आर्थिक विषयों पर व्यापक राजनीतिक सहमति की आवश्यकता महसूस होती है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वस्थ परंपरा है, लेकिन जब विषय देश की अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा या वैश्विक संकट से जुड़ा हो, तब सभी राजनीतिक दलों को कम-से-कम बुनियादी स्तर पर एकजुटता दिखानी चाहिए। जनता भी यही अपेक्षा करती है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपनी जगह रहे, लेकिन राष्ट्रीय हित सर्वोपरि बना रहे। संसद का मानसून सत्र भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह वह मंच है जहाँ सरकार अपनी नीतियों का पक्ष रखती है और विपक्ष उनसे जुड़े प्रश्न उठाता है। स्वस्थ लोकतंत्र में बहस, आलोचना और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक हैं। लेकिन जब संसद में सार्थक चर्चा की जगह केवल राजनीतिक टकराव अधिक दिखाई देने लगे, तब लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कमजोर पड़ सकता है। संसद केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थान है। आज देश के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में युवाओं का भविष्य भी शामिल है। भारत विश्व के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति भी है और सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के पर्याप्त अवसर मिलते हैं, तो भारत आने वाले दशकों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है। लेकिन यदि युवाओं की ऊर्जा केवल राजनीतिक संघर्षों और टकरावों में खर्च होने लगे, तो यह देश के दीर्घकालिक विकास के लिए चिंताजनक स्थिति होगी। छात्र जीवन विचारों के निर्माण का समय होता है। इसी दौरान युवा समाज, संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र के प्रति अपनी समझ विकसित करते हैं। इसलिए छात्रों का लोकतांत्रिक विमर्श में भाग लेना आवश्यक भी है और स्वाभाविक भी। लेकिन यह भागीदारी जागरूक नागरिक के रूप में होनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक दल के उपकरण के रूप में। शिक्षा का उद्देश्य स्वतंत्र सोच विकसित करना है, न कि अंधानुकरण। आज सोशल मीडिया ने राजनीति की प्रकृति को भी बदल दिया है। पहले राजनीतिक संदेश जनसभाओं, अखबारों और टेलीविजन तक सीमित रहते थे। अब कुछ ही सेकंड में कोई तस्वीर, वीडियो या संदेश करोड़ों लोगों तक पहुँच जाता है।

# क्या धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी?

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की शिक्षा व्यवस्था आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ समस्या किसी एक व्यक्ति या किसी एक मंत्रालय तक सीमित नहीं है। यह एक बहुस्तरीय संकट है, जिसमें नीतिगत अस्पष्टता, कार्यान्वयन की कमजोरी, संसाधनों की कमी, शिक्षक-प्रशिक्षण की चुनौती, परीक्षा-केंद्रित सोच और सामाजिक-आर्थिक असमानता–एक साथ मौजूद हैं। इसलिए जब यह सवाल उठता है कि क्या केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से शिक्षा व्यवस्था सुधर जाएगी, तो इसका उत्तर केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संस्थागत और संरचनात्मक भी होना चाहिए। सच यह है कि केवल मंत्री बदल देने से शिक्षा व्यवस्था अपने-आप नहीं सुधरती; सुधार तब होता है जब नीति, नीयत, निवेश और निष्पादन, चारों एक दिशा में काम करें। भारत में शिक्षा को लंबे समय से ह्लनीतिह्व से अधिक ह्लघोषणाह्व के स्तर पर देखा गया है। हर सरकार शिक्षा सुधार की बात करती है, लेकिन जमीन पर परिवर्तन की गति बहुत धीमी रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देने का वादा किया था–समग्र शिक्षा, मातृभाषा आधारित प्रारंभिक शिक्षा, कौशल-विकास, बहुविषयी अध्ययन, डिजिटल लर्निंग और शोध-उन्मुख उच्च शिक्षा। कागज पर यह नीति अत्यंत महत्त्वाकांक्षी है। परंतु महत्त्वाकांक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन के बीच अक्सर बहुत बड़ा अंतर रह जाता है। यही वह अंतर है, जहाँ किसी भी शिक्षा मंत्री की असली परीक्षा होती है। धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल को देखें तो यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने, बहुभाषी शिक्षा पर बल देने, कौशल विकास को प्राथमिकता देने, डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने और उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में कदम उठाए। यह कहना गलत होगा कि उनके कार्यकाल में कुछ नहीं हुआ। बहुत-सी योजनाएँ आगे बढ़ीं, संवाद बढ़ा, और शिक्षा पर राष्ट्रीय बहस तेज हुई। लेकिन साथ ही यह भी सच है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याएँ जस की तस बनी रहीं। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता का अंतर, ग्रामीण-शहरी असमानता, शिक्षकों की कमी, परीक्षा-प्रधान संस्कृति, और कोचिंग-निर्भरता–ये सभी समस्याएँ अब भी गहरी हैं। इसी संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि शिक्षा मंत्री की भूमिका क्या होती है। शिक्षा मंत्री न तो अकेले स्कूलों की गुणवत्ता सुधार सकता है, न ही विश्वविद्यालयों की शोध-क्षमता बढ़ा सकता है, और न ही एक झटके में करोड़ों विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति बदल सकता है। उसकी भूमिका मुख्यतः नीति-निर्माण, समन्वय, बजट प्राथमिकता, संस्थागत निगरानी और राज्यों के साथ सहयोग की होती है। यदि ये पाँचों काम बेहतर हों, तो शिक्षा में सुधार की संभावना बढ़ती है। लेकिन यदि केवल चेहरा बदल दिया जाए और नीतिगत ढाँचा वही रहे, तो परिणाम सीमित ही रहेंगे। भारत की शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह बराबरी का अवसर नहीं दे पाती। एक ओर महानगरों के निजी स्कूल और महंगे संस्थान हैं, जहाँ सुविधाएँ और अवसर अपेक्षाकृत अधिक हैं; दूसरी ओर सरकारी स्कूल और दूरस्थ ग्रामीण इलाके हैं, जहाँ बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित शिक्षकों और डिजिटल संसाधनों की भारी कमी है। इस असमानता को कोई एक मंत्री, चाहे वह धर्मेंद्र प्रधान हों या कोई और, अकेले समाप्त नहीं कर सकता। इसके लिए लंबे समय तक चलने वाली राज्य-नीति, केंद्र-राज्य समन्वय और सामाजिक निवेश की आवश्यकता होती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में शिक्षा सुधार का प्रश्न सिर्फ प्रशासनिक नहीं, वैचारिक भी है। दशकों से हमारी शिक्षा प्रणाली परीक्षा पास कराने वाली मशीन के रूप में देखी जाती रही है, न कि सोच विकसित करने वाले माध्यम के रूप में। रटंत शिक्षा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को सीमित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस प्रवृत्ति को बदलना चाहती है, लेकिन बदलाव केवल दस्तावेजों से नहीं आता। इसके लिए पाठ्यक्रम, मूल्यांकन, शिक्षक-प्रशिक्षण और कक्षा-स्तरीय व्यवहार में परिवर्तन चाहिए। यही वह बिंदु है जहाँ सुधारों का वास्तविक परीक्षण होता है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने वालों का तर्क यह हो सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन से जवाबदेही बढ़ती है और नई ऊर्जा आती है। यह तर्क आंशिक रूप से सही भी है। किसी भी मंत्रालय में नेतृत्व की शैली, प्राथमिकताएँ और कार्य-संस्कृति महत्वपूर्ण होती हैं। यदि किसी मंत्री के कार्यकाल में संवाद कमजोर हो, नीतियों के परिणाम धीमे हों, या जमीनी स्तर की शिकायतों पर अपेक्षित ध्यान न दिया जाए, तो बदलाव की आवश्यकता महसूस होती है। लेकिन यहाँ भी प्रश्न यही है कि क्या बदलाव व्यक्ति में चाहिए या व्यवस्था में।

# जनगणनाः फास्टेस्ट फिंगर क्विज से रोचक बना प्रशिक्षण

■ डीआईओ तारणी कुमार के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। जनगणना के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) निर्माण के लिए आयोजित क्षेत्र पदाधिकारियों के प्रशिक्षण को आधुनिक तकनीक और प्रश्नोत्तरी आधारित पद्धति से बेहद रोचक एवं जिज्ञासापूर्ण बनाया जा रहा है. प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निदेश पर डीआईओ तारणी कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष सत्र में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ह्यकौन बनेगा करोड़पतिह्न की तर्ज पर फास्टेस्ट फिंगर शैली की क्विज आधारित जांच परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है.

प्रशिक्षण सत्र समाप्ति और परीक्षा की शुरूआत में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी समेत क्षेत्र पदाधिकारी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से डीसीएचबी के लिए बने व्हाट्सऐप ग्रुप में जुड़े. इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने स्लाइडो ऐप के लिंक के माध्यम से लॉगइन कर अपना नाम एवं पद का विवरण दर्ज करते हुए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपना रजिस्ट्रेशन किया. इसके बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग अलग ग्रुप में क्विज प्रारंभ हुआ. डीसीएचबी प्रशिक्षण के दौरान चार सत्रों में बताए गए कुल नौ खंड के कंटेंट के आधार पर मल्टीपल चॉइस प्रश्नों का रोमांचक दौर चला. प्रत्येक प्रश्न प्रतिभागियों के मोबाइल स्क्रीन पर 40 सेकेंड तक प्रदर्शित किया गया. जिसके भीतर उन्हें सही उत्तर देना था. इस क्रम में कुल 30 प्रश्न एक-एक कर पूछे गए. हर प्रश्न के बाद स्क्रीन पर यह भी प्रदर्शित किया गया कि कितने प्रतिभागियों ने सही और कितनों ने गलत उत्तर दिया. जिससे प्रशिक्षण प्रतिस्पर्धात्मक और ज्ञानवर्धक बन गया.

क्विज समाप्त होने के बाद अंतिम परिणाम प्रदर्शित किया गया. जिसमें सबसे कम समय में सर्वाधिक सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों की क्रमवार सूची प्रदर्शित की गई. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर प्रतिभागियों के नाम मंच से घोषित किए गए तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया.

इससे पूर्व जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि डीसीएचबी ग्राम एवं नगर स्तर पर विकास योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है. उन्होंने क्षेत्र पदाधिकारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और सटीक आंकड़ों के संग्रहण पर विशेष ध्यान देने की अपील की. जनगणना निदेशालय की जिला नोडल अदिति आनंद और सहायक आयुषी सिंह ने नगर क्षेत्र और प्रशिक्षक शंकर शरण श्रीवास्तव व लक्ष्मी मिश्रा ने ग्रामीण चार्ज का सत्र का संचालन किया. उन्होंने बताया कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका में ग्राम स्तर पर लगभग 400 तथा नगर स्तर पर 420 प्रकार की जानकारियां एकत्र की जाती हैं. 1 अगस्त से 31 अगस्त तक क्षेत्र पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे।

भूमि सुधार उप समाहर्ता सह एसएलएमटी आलोक राज ने बताया कि पहली बार डीसीएचबी का कार्य पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगा और डेटा संग्रह मोबाइल ऐप के जरिए किया जाएगा. क्विज और प्रशिक्षण आयोजन में एनआईसी के प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, चंदन कुमार, एएसओ धर्मजय, सुधीर कुमार, कोषांग के डॉ. विनय प्रताप सिंह, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, विजयेंद्र विजय, राकेश कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, अरुण कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, अजीत सिंह समेत अन्य कर्मियों ने सहयोग किया.

# पू उ रे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा छपरा की मासिक बैठक आज रविवार को पराशर कम्प्लेक्स, भगवान बाजार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राउंड फ्लोर में सुबह 10 बजे, शाखा अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई। शाखा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे पेंशनर्स को मिलने वाले मानार्थ पास को पूर्ववत मैनुअली बनाना जारी रखा जाए। क्योंकि पेंशनर्स आन लाइन मानार्थ पास एच आर एम एस के माध्यम से लेने में असमर्थ है।

अतः भारत सरकार से पेंशनर्स विरोधी आदेश को वापस लेने की मांग की गई। ऐसा नहीं होता है तो पेंशनर्स आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। ुरेन्द्र सिंह ने आठवें वेतन आयोग कि रिपोर्ट शिध्र जारी करने।अंतरिम राहत की घोषणा करने। बकाया मंहगाई भत्ता का भुगतान शिध्र करने। उम्मीद कार्ड पर कैश लेश उपचार करने की मांग उठाई। रामा नंद महतो ने पेंशन में क्रमबद्ध बृद्धि 65,70,75, बर्ष होने पर क्रमशः 5%,10%,15% करने की मांग दुहराई। स्वास्थ्य संबंधी उपचार को सी जी एच एस, आर एच एल एस को एक समान करने की मांग उठाई एवं उम्मीद कार्ड पर पूरे भारत में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किए। सभा को संबोधित करने वालेक में पी के मांझी,राज कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कु मार श्रीवास्तव,विभय कुमार सिन्हा ।

कोषाध्यक्ष पी के मांझी ने जुलाई माह में जन्म दिन वाले साथियों को बर्थ डे कार्ड देकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। समापन भाषण अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विगत 24 घंटे में 16 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

छपरा सदर ।सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देष के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन , बिक्री,भण्डारण निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए 25 जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें :-शराब कारोबार में संलिप्त दिघवारा थाना क्षेत्र के बोधा छपरा निवासी बीनू कुमार,संजय कुमार,डोरीगंज थाना क्षेत्र पूर्वी बलुआ निवासी रौशन कुमार,भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नवीगंज निवासी श्रवण कुमार,मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महाराज गंज निवासी गंगा चौधरी,मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी चंदन साह,वारंट में पानापुर थाना क्षेत्र के सतजोड़ा पकड़ी निवासी राजकिशोर पाण्डेय, गड़खा थाना क्षेत्र के विशंभर पुर निवाड़ी कृष्णा सिंह,रिवीलगंज थाना क्षेत्र के भादपा निवासी हरिनारायण महतो,मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी निवासी ओमप्रकाश साह, पाकहा निवासी शिरोधन साह,शराब पीने के मामले में रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसंन निवासी मिंटू मांझी,दिघवारा थाना क्षेत्र के कनक पुर निवाड़ी देवनन्दन सहनी,दहेज हत्या कांड के अभियुक्त पानापुर थाना के बिजौली निवासी पारस महतो,डकैती कांड के अभियुक्त सुपौल थाना के भेलाई निवासी ब्रह्मदेव चौधरी, पुलिस पर हमला करने के मामले में मांझी थाना के टेनी चौधरी शामिल है ।साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 155 वाहनों से 1,76,200 रूपया जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-411.330 लीटर मोटरसाईकिल-03 एवं बोलेरो-01 बरामद किए गए है।

### बाँकीपुर में विकास और विश्वास की परंपरा को आगे बढ़ाएगी भाजपा : राकेश कुमार सिंह

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के पटना स्थित आवास पर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन बाँकीपुर विधानसभा उपचुनाव के जनसंपर्क अभियान के लिए प्रस्थान किए।इस दौरान भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने भी जनसंपर्क अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए कार्यकताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के शुभम वर्मा, वरुण सिंह, दियाँशु गौतम, नितेश दुबे, मोनू सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बाँकीपुर विधानसभा क्षेत्र का भारतीय जनता पार्टी से वर्षो पुराना आत्मीय और अटूट संबंध रहा है।

# सतत विकास लक्ष्यों की ओर बढ़ा सारण, सभी ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्वक मनाया गया 'पंचायत विकास दिवस'

■ ग्राम सभाओं में विकास योजनाओं पर बनी सहमति, 'मन की बात' के सामूहिक प्रसारण के साथ जनभागीदारी को मिला नया आयाम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति तथा ग्राम पंचायतों को अधिक सशक्त, सहभागी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निदेर्शानुसार रविवार को सारण जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ह्यपंचायत विकास दिवसह्न का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ वर्ष 2026-27 की विकास योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गई तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने पंचायत स्तरीय कर्मियों की उनके मूल ग्राम पंचायतों में प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करते हुए ग्रामीणों की अधिकतम सहभागिता पर विशेष बल दिया। ग्राम सभाओं में वर्ष 2030 तक निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आजीविका, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक लाइव प्रसारण रहा। जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने इसे एक साथ सुना और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी के संदेश को आत्मसात किया। उल्लेखनीय है कि सुशासनयुक्त ग्राम पंचायत के लक्ष्य के अंतर्गत निर्धारित 17 संकेतकों के आधार पर ग्राम सभा की सहभागिता से पंचायतों की विकास प्राथमिकताएं तय की जाती हैं।

इसका उद्देश्य पंचायतों को पारदर्शी, उत्तरदायी, सहभागी एवं समावेशी स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के रूप में विकसित करना है, ताकि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं, सरकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाएं तथा सतत आजीविका के अवसर उपलब्ध हो सकें। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से पंचायत प्रशासन में जनभागीदारी को और अधिक मजबूत करने, सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने, तकनीक आधारित सेवा वितरण को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर, समृद्ध और सतत विकासशील ग्राम समुदाय के निर्माण की दिशा में सारण जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया।

# 55 वीं केविएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता बालक अंडर 14 कबड्डी में मशरक बना उपविजेता

प्रात : किरण संवाददाता

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी , फगवाड़ा, पंजाब में 22 से 26 जुलाई तक आयोजित 55 वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक , सारण के छात्रों ने कबड्डी में ऐतिहासिक जीत हासिल की । बालक अंडर 14 आयु वर्ग में कबड्डी के फाइनल मुकाबला पटना एवं वाराणसी रीजन के बीच खेला गया। जिसमें पटना रीजन से खेलते हुए मशरक केंद्रीय विद्यालय की टीम ने काफी रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया जिसमें वाराणसी के पक्ष में 45 - 43 के स्कोर से मैच रहा। महज दो अंक से पिछड़ मशरक पटना उपविजेता बान ट्रॉफी एवं रजत पदक के साथ रविवार की सुबह को अपने नाम किया। जैसे ही पंजाब से यह खबर रविवार को मशरक अवस्थित स्कूल प्रशासन एवं खिलाड़ियों के परिजनों को मिली लोग



जश्न मनाने लगे। पटना संभाग से खेलते हुए मशरक के खिलाड़ियों ने लगातार 6 मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अनुशासन, फिटनेस और बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया।फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पटना क्षेत्र की टीम ने अंत तक कड़ा संघर्ष किया, लेकिन मात्र 2 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गई। इसके बावजूद खिलाड़ियों के जुझारूपन और शानदार खेल की सभी ने सराहना की। टीम कोच पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अंशु कुमार है , वही खिलाड़ी आशीष राज , डुग्गू कुमार , प्रिंस कुमार , अमरीश राय, नफीश मजहर, विवेक कुमार ,मुकेश कुमार , ऋषि हँस , आरिफ राजा , शिवम कुमार है। इनमें से तीन खिलाड़ियों का चयन एसजीएफआई नेशनल में भाग लेने वाली राष्ट्रीय केविएस टीम में हुआ है ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ गंभीर घायल

सीवान/दरौंदा छपराझसीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर दरौंदा बाजार के समीप रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दरौंदा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायल की पहचान दरौंदा थाना क्षेत्र के उजाय गांव निवासी रामपूजन सिंह के पुत्र बिरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिरेंद्र सिंह दरौंदा बाजार के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बहुजन नायक डॉ. धर्मनाथ राम



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण के बहुजन नायक, वंचितों शोषितों के मसीहा, डॉ बी आर अंबेडकर परिगणित जाति कल्याण संघ के संस्थापक अध्यक्ष व जिला के अम्बेडकरी गार्जियन डॉ धर्मनाथ राम पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए। मुख्य श्रद्धांजलि सभा अंबेडकर स्थल के सभागार में आयोजित की गई, जहां वक्ताओं व आगत अतिथियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धर्मनाथ राम सारण के ऐसे विभूति थे जिन्होंने दलित, शोषित, पिछड़े एवं गरीब समुदाय के लोगों के हक हकूक की रक्षा तथा सामाजिक एवं सामंती उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया. वे एक साहसी एवं निडर सामाजिक कार्यकर्ता थे जो जीवन भर तथागत बुद्ध, बाबासाहब आंबेडकर, रामस्वामी पेरियार तथा महात्मा ज्योतिबा राव फूले जैसे सामाजिक परिवर्तनकारी नायकों के विचारों को न सिर्फ सारण जिला बल्कि संपूर्ण बिहार में जन जन तक पहुंचाने का काम किया. उन्होंने यह भी कहा कि डॉ राम को सच्ची श्रद्धांजलि तभी प्रेषित हुई मानी जाएगी जब हम उनकी तरह मानवीय मूल्यों को अंगीकार कर संवेदनाओं के प्रखर स्तर पर जा जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहें तथा निस्वार्थ व निष्कपट भाव से पीड़ित मानवत की सेवा को प्राथमिकता देते हुए उसके लिए सदैव तैयार रहें। उन्होंने डॉ राम को प्रेरणाश्रोत मानकर बहुजन चिंतन के आयाम को व्यापक बनाने तथा वैचारिकी के स्तर पर सारण जिला को एक नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया. वक्ताओं ने समाज के नई पीढ़ी के युवकों खासकर वंचित समुदाय के युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ धर्मनाथ राम के विचारों को गरीबों के बीच लागू करने के लिए सामाजिक संघर्ष का अगुआ दस्ता बने. सभी ने उनके साथ की स्मृतियों को ताजा करते हुए अपने उदगार साझा किए और उनके विशाल व्यक्तित्व से सीख ले जीवन पथ पर आगे बढ़ने की सलाह दी.. आगत अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन करते हुए धर्मनाथ राम के पुत्र चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि भविष्य में स्व धर्मनाथ राम की स्मृति में मेमोरियल व्याख्यानमाला का आयोजन करना समीचीन होगा जिसमें देश के शीर्षस्थ बहुजन नायक आमंत्रित किये जायेंगे. मंच संचालन सुनील कुमार ने किया. श्रद्धांजलि सभा में प्रो डॉ लाल बाबू यादव, धर्मनाथ बैठा, सभापति बैठा, आशीष कुमार, संगीता कुमारी, डॉ शशि रंजन, शशि बैठा, आशुतोष कुमार, शमशेर बैठा, कृष्णा राम, मोहन राम, नवल बैठा, राजा लाल, ओम प्रकाश बैठा, मधु ब्याहुत, रुबीना सिंह, आकांक्षा मांझी, हिमांशु कुमार, प्रभु बैठा, रमेश चांद्र, सन्नी कुमार, मुकेश कुमार रजक, अशोक रजक, बलीराम, कुंदन कुमार आदि उपस्थित रहे.

# पोखर में डूबने से छात्रा की हुई मौत, मचा कोहराम



प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी। स्थानीय थाने के सरायबक्स पोखरा में रविवार की दोपहर डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई।मृतका प्रीति कुमारी(6) भेल्दी थाने के सरायबक्स टोला गांव के सुभाष राय की पुत्री है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के सरायबक्स टोला के सुभाष राय की पुत्री प्रीति कुमारी रविवार को अपनी के साथ सरायबक्स पोखरा पर शिव चर्चा में गई हुई थी।मां शिव चर्चा में ब्यस्त थी इसी बीच पुत्री पोखर में जा डूबी। देर बाद पोखर में बच्ची का शव तैरते हुए लोगों ने देखा और पोखर से शव को निकाला।मासूम छात्रा प्रीति कुमारी का शव देखते ही मां दहाड़ मारकर रोने लगी भाई करण कुमार, अंशु कुमार, प्रियांशु कुमार व सत्यम कुमार के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।छात्रा की मौत के बाद गांव वाले गम में डूब हुए हैं।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद प्रदेश पदाधिकारी की बैठक विधि मंडल छपरा में संपन्न हुई। बैठक के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया स्थानीय जिला इकाई द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया बैठक को संबोधित करते हुए बतोर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री धरनी धर सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सुलभ न्याय दिलाना भारतीय मूल्यों का पुनरुद्धार करना और अधिवक्ताओं के बीच राष्ट्रीय और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार करना है प्रदेश उपाध्यक्ष अमोद कुमार सिंह ने कहा कि देश के संविधान में भारतीय संस्कृति और नागरिकता के अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है प्रदेश उपाध्यक्ष विनय कुमार झा ने कहा कि वकीलों और न्यायपालिका के कार्यों में उच्च आदर्श और प्रदेश सीता स्थापित करना मुख्य उद्देश्य है बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर मिश्रा संचालन नित्यानंद तिवारी प्रदेश मंत्री महेश प्रसाद ने किया बैठक में सारण जिला कार्य समिति की नई घोषणा की गई नव निर्वाचित पदाधिकारी में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्याम किशोर मिश्रा उपाध्यक्ष रामकिशोर ठाकुर उपाध्यक्ष मुनमुन शर्मा कोषाध्यक्ष देवव्रत सिंह जिला महामंत्री चंद्रशेखर सिंह जिला संयोजक अभय कुमार मिश्रा जिला सहसंयोजक आशीष बच्चन महामंत्री बजरंगी सिंह सरोज कुमारी महिला शाखा जिला अध्यक्ष नित्यानंद तिवारी अध्यक्ष सिविल कोर्ट इकाई प्रिय रंजन सिंह विभाग संयोजक निर्वाचित किए गए बैठक में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से एडवोकेट प्रकाश रंजन निक्कू समीर मिश्रा कुमारी गुड्डी जायसवाल अनिल सिंह विनोद कुमार मिश्रा अखिलेश सिंह आदि प्रमुख है

# बुद्ध चेतना परिषद 21 विद्यार्थियों को देगा प्रतिमाह 500 की छात्रवृत्तिः डॉ मनोज संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बुद्ध चेतना परिषद, छपरा का वार्षिकोत्सव सह सम्मान-समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोबेशन पादाधिकारी सचिदानन्द सिंह, ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ उज्ज्वल कुमार वर्मा, प्लास्टिक सर्जन डॉ शशि कपूर, प्राध्यापक प्रो. डॉ दिनेश कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य रत्नेश भास्कर, डॉ अशोक कुशवाहा, जीतू कुशवाहा




सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर लगभग 100 से ज्यादा मैट्रिक इंटर एवं इंटर के प्रथम श्रेणी से उतीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । बीपीएससी द्वारा चयनित अल्पसंख्यक पदाधिकारी मोनू कुमार को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने बच्चों को काफी उत्साहित किया।

मैट्रिक उतीर्ण विद्यार्थियों के बीच एक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित किया जाएगा जिसमे सफल कम से कम 21 विद्यार्थियों को एक वर्ष तक प्रतिमाह 500 की छात्रवृत्ति दी जाएगी । परीक्षा नियंत्रक प्राचार्य डॉ शत्रुघ्न प्रसाद होंगें। सभी विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तक भी उपलब्ध कराई जाएगी । कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष डॉ मनीज कुमार वर्मा ह्यसंकल्पह्न ने किया, सचिव प्रतिवेदन सुशील कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष प्रतिवेदन मुकेश कुमार सिंह ने दिया जबकि मंच संचालन डॉ नागेंद्र कुमार ने किया । इस अवसर पर भैरो भक्त, रामेश्वर प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, राहुल मेहता, बिंदा प्रसाद, राजेश सिंह, मीनू कुमार, कविता सिंह, संजय सिंह, चुनमुन कुमार रौशन, नितेश कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सीवान जंक्शन पर स्वान दस्ते के साथ चला सघन सुरक्षा जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। यात्रियों की सुरक्षा, रेल संपत्ति की संरक्षा तथा स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट सीवान द्वारा स्वान दस्ता के साथ संयुक्त रूप से विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें स्वान दस्ता छपरा के सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव, अन्य आरपीएफ जवानों तथा स्वान *रैंबो* ने भाग लिया।

# मढ़ौरा में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा। मढ़ौरा में पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का इस्कॉन के संन्यासियों की अगुवाई में रविवार को निकाला गया। इस ऐतिहासिक धार्मिक रथयात्रा में रथ की रस्सी खिंचने वालो में अभय सिंह के अलावा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु जबरदस्त उत्साह के साथ शामिल हुए। यह रथयात्रा रविवार को दोपहर 1:30 बजे गढ़देवी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए बाजार स्थित महावीर भवन परिसर में संपन्न हुई। इस्कॉन के संन्यासी धीर दशरथ दास ने बताया कि रथयात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। र

थयात्रा के दौरान गढदेवी चौक पर श्रद्धालु सच्चिदानंद ओझा,कुणाल सोनी ने अन्य श्रद्धालुओं के साथ जबकि मार्टन गेट के पास बिलु




सिंह,प्रमोद सिंह व सुबोध सिंह की अगुआई में नीरू देवी,पुरानी गोला में प्रमोद पप्पू की अगुवाई में भगवान जगन्नाथ के रथ का स्वागत आरती व पूजन किया गया। यात्रा के दौरान कई श्रद्धालु व नगर के सफाईकर्मी रथयात्रा के मार्ग की सफाई कर रहे थे और गर्मी से राहत के लिए स्प्रिंकलर मशीन से पानी फौवारे छीटे जा रहे थे। इस यात्रा का समापन महावीर भवन परिसर में हुआ जहा भारद्वाज ऑयल इंडस्ट्री के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। समापन के मौके पर कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इशरत यात्रा में पिंटू सेन भानु सिंह बिल्लू सिंह विष्णु गुप्ता प्रमोद कुमार पप्पू अरुण कुमार कुणाल सोनी इस्कॉन के सन्यासी धार दशरथ दास गढ़ देवी मंदिर न्यास समिति के दीप नारायण सिंह सहित अन्य कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। पूरे नगर में पहली बार निकलने वाली इस रथयात्रा को लेकर भक्तिभाव का वातावरण बना हुआ है।

# जनगणना प्रशिक्षण में 'फास्टेस्ट फिंगर क्विज' से बढ़ी प्रतिभागियों की रुचि

■ मोबाइल ऐप से होगा डीसीएचबी डेटा संग्रह, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) निर्माण के लिए आयोजित क्षेत्र पदाधिकारियों के प्रशिक्षण को इस बार तकनीक और क्विज आधारित पद्धति से अधिक रोचक बनाया गया। प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर डीआईओ तारणी कुमार के नेतृत्व में ह्यकौन बनेगा करोड़पतिह्न की तर्ज पर फास्टेस्ट फिंगर क्विज आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने मोबाइल के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों ने स्लाइडो ऐप पर पंजीकरण



कर ऑनलाइन परीक्षा दी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग समूह बनाकर डीसीएचबी के नौ खंडों पर आधारित 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए 40 सेकेंड का समय दिया गया। हर प्रश्न के बाद सही एवं गलत उत्तर देने वाले प्रतिभागियों की संख्या भी प्रदर्शित की गई, जिससे प्रशिक्षण अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और ज्ञानवर्धक बना। अंतिम परिणाम में सबसे कम समय में सर्वाधिक सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को टॉपर घोषित कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार ने प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए कहा कि डीसीएचबी ग्राम एवं नगर स्तर की विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों के संग्रह पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 400 तथा शहरी क्षेत्रों से 420 प्रकार की सूचनाएं एकत्र की जाएंगी। भूमि सुधार उप समाहर्ता सह एसएलएमटी आलोक राज ने जानकारी दी कि 1 अगस्त से 31 अगस्त तक क्षेत्र पदाधिकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल तरीके से डेटा संग्रह का कार्य करेंगे।

# बखोरापुर को जिले का आदर्श पंचायत बनाने का लक्ष्य : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा (आरा)। प्रखंड के बखोरापुर पंचायत में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में बिहार सरकार एवं पंचायती राज संस्थाओं की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, पात्र लाभार्थियों के चयन तथा योजनाओं का समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस सुशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। प्रशासन का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से बखोरापुर पंचायत को राज्य ही नहीं, बल्कि देश की आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जायेगा। पंचायत में आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में योजनाबद्ध विकास कर इसे मॉडल पंचायत बनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का सामूहिक श्रवण किया और जनभागीदारी के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बखोरापुर काली मंदिर में 27 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे दर्शन-पूजन, स्वागत की तैयारी तेज

प्रात : किरण संवाददाता



आरा (भोजपुर)। भोजपुर जिले के प्रसिद्ध जय मां काली बखोरापुर वाली मंदिर में 27 जुलाई को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री लगभग सुबह 11:00 बजे मां काली के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचेंगे। उनके आगमन की सूचना मिलने के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा जिला प्रशासन को प्राप्त हो चुकी है और मंदिर ट्रस्ट को भी उनके आगमन की आधिकारिक जानकारी मिल गई है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय बनाकर तैयारियों में जुट गए हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं होटल मौर्या, पटना के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के नेतृत्व में स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं होटल गायत्री के एमडी अजीत सिंह एवं संरचना इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सुशील सिंह अतिथियों के आतिथ्य की व्यवस्था में लगे हुए हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री के साथ भोजपुर निवासी हरेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, सह मुख्य संरक्षक रविशंकर सिंह, कमल किशोर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण तिवारी, प्रशासक कंचन कुमार, पर्यवेक्षक राजेश कुमार सिंह सहित ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा बड़हरा थाना अध्यक्ष चुनमुन कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार, अंचलाधिकारी अंशु प्रसून, बखोरापुर पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मां काली के श्रद्धालु स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे। मंदिर ट्रस्ट ने समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कार्यक्रम की जानकारी ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने साझा की है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आरा। भोजपुर साइबर थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले का उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के बीबीगंज निवासी मुकेश सिंह उर्फ मुकेश कुमार तथा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बीबीगंज निवासी जयराम चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के अनुसार शनिवार को अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले विनोद राम द्वारा साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया था कि साइबर अपराधियों ने जालसाजी कर उनके नाम पर एयरटेल पेमेंट बैंक और एनएसडीएल इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाकर अवैध रूप से पैसों का जमा-निकासी किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजपुर के निर्देश पर साइबर थाना अध्यक्ष पुनीत कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन और एक बायोमेट्रिक थंब इम्प्रेशन मशीन बरामद की है।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन

आरा। शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप फिजियोहील एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान 30 मरीजों का आधुनिक तकनीक से निःशुल्क जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। वही 13 रेगुलर एवं पुराने मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी दिया गया। कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ईलाज में विशेष लाभ दिया गया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि फिजियोहिल-एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर शहर का एकमात्र स्पेशलाइज्ड इन आथोर्पेडिक एंड न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन सेंटर है। उन्होंने बताया कि आज मरीज पोस्ट स्पाइन सर्जरी, घूटना सर्जरी, एंकल सर्जरी के बाद फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन और स्ट्रोक पेशेंट्स, बैक पेन में डिस्क प्रोलेप्स, साइटिका, एसआईज्वाइंटस, थिस्फंक्शन के केस देखे। उन्होंने बताया गया कि अब यहां एडवांस इक्विपमेंट से आर्थो केस जैसे एसीएल/पीसीएल, लिगामेंट की सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन, साइंटिफिक एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट और सीपीएम जैसे इक्विपमेंट और स्पोट्र्स तक ट्रेनिंग के लिए रिहैब किया जाता है।

### बेहोशी की हालत में मिली चंडीगढ़ की महिला

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पावरगंज अंडरपास के पास झाड़ी से रविवार की शाम बेहोशी के हालात में चंडीगढ़ निवासी महिला मिली। रास्ते से पैदल गुजर रहे अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर नवादा थाना की पेट्रोलिंग पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पूर्व विधायक एवं पुलिस के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार महिला के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान पंजाब के लुधियाना जिले के चंडीगढ़ रोड शहरी क्षेत्र पुलिस कॉलोनी सेक्टर नंबर 32 (ए) निवासी सुमित रंजन के 32 वर्षीया पत्नी शिवानी सिंह के रूप में हो पाई है। इधर, पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने बताया कि वह पैदल पावरगंज स्थित अंडरपास के नीचे से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि एक महिला अंडरपास के बगल झाड़ी में बेहोशी के हालात में पड़ी है। वहीं पर उसका पर्स पड़ा हुआ है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत

पीरो (भोजपुर)। पीरो-विहिया स्टेट हाईवे 102 पर रविवार को धोबी घटवा (सावन टोला) के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव निवासी प्रदीप सिंह (40) तथा दूसरी बाइक पर सवार विहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी चाचा-भतीजा शक्ति मुसहर (25) और गोलू मुसहर (20) की मौत हुई है।बताया जाता है कि प्रदीप सिंह स्व. ललन सिंह के पुत्र थे। वे स्टील के दरवाजा खिडकी बनाने का कार्य करते थे इसी सिलसिले मे वे अपने हिरो स्पेलन्डर बाइक से तेंदूनी से पीरो स्थित अपने रिश्तेदार के यहां दरवाजा-खिड़की की मापी लेने जा रहे थे। इसी दौरान धोबी घटवा के समीप उनकी हीरो स्प्लेंडर बाइक सामने से आ रही दूसरी फ्लसर बाइक के आमने सामने टक्कर हो गई ।दूसरी बाइक पर सवार शक्ति मुसहर और गोलू मुसहर के बारे में परिजनों ने बताया कि दोनों चाचा-भतीजा गोलू की ससुराल काराकाट से अपने गांव धरहरा लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवारो की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे की सूचना मिलते ही पीरो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा,शहर के शुभ नारायण नगर ह्मझौंवा स्थित शान्ति स्मृतिह्न सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सिंह, मुख्य अतिथि कर्नल पुनीत श्रीवास्तव कमांडिंग ऑफिसर 5 बिहार बटालियन एनसीसी भोजपुर कर्नल राणा प्रताप सिंह अध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड भोजपुर संभावना स्कूल के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र किरण एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संचालन शैक्षणिक प्रभारी अरविन्द ओझा ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा कारगिल शहीद स्मारक की प्रतिकृति पर पुष्प अर्पित कर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात आगत अतिथियों निदेशक एवं प्राचार्या द्वारा पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। देशभक्ति समूह गान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्घाटनकर्ता लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सिंह ने कहा कि संभावना विद्यालय से मेरा दिल से लगाव है। बच्चों के चरित्र विश्व बनाने में इस विद्यालय का योगदान अनुकरणीय है। मैं पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के सहयोग के लिए हमेशा खड़ा हूँ पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं की जो भी समस्या है।

# अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होंगी बीएड की कक्षाएं, तीसरी मेरिट सूची के बाद पूरा होगा नामांकन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीकेएसयू से संबद्ध बीएड कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। तीसरी मेरिट सूची जारी होने के बाद नामांकन पूरा कर अगस्त के पहले सप्ताह से नियमित कक्षाओं का संचालन शुरू करने की तैयारी की जा रही है ।विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन का मानना है कि सभी सीटों पर नामांकन सुनिश्चित होने के बाद ही कक्षाएं प्रारंभ करना छात्रों के हित में होगा। अभ्यर्थियों का नामांकन 27 एवं 28 जुलाई तक कराया जाएगा। इसके बाद कॉलेजों में रिक्त सीटों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और नए सत्र की पढ़ाई नियमित रूप से शुरू कर दी जाएगी। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में कई संस्थानों में अभी भी कुछ सीटें खाली हैं। यदि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने से पहले कक्षाएं शुरू कर दी जाती हैं तो बाद में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसी कारण सभी छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नामांकन प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार किया जा रहा है। धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव सिद्धनाथ सिंह तथा प्रबंधक लाल बाबू सिंह ने बताया कि फिलहाल लगभग 19 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं। तीसरी मेरिट सूची के बाद इन सीटों के भी भर जाने की उम्मीद है। उनका कहना है कि सभी अभ्यर्थियों के नामांकन के बाद ही नियमित शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो। विश्वविद्यालय के नूतन परिसर स्थित बीएड कार्यालय के सहायक सुनील कुमार ने बताया कि अब तक करीब 81 प्रतिशत सीटों पर नामांकन हो चुका है। तीसरी मेरिट सूची जारी होने के बाद शेष सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। इसके बाद सभी बीएड कॉलेजों में एक साथ नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# आरा में उषा हॉस्पिटल का ओरल हेल्थ जागरूकता अभियान, छात्रों को बताए स्वस्थ दांतों के मंत्र

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दांतों और मुंह की सेहत के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उषा हॉस्पिटल की ओर से भोजपुर जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग सेंटरों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व हॉस्पिटल की डेंटल सर्जन डॉ. निधि प्रभाकर ने किया। जागरूकता सत्र के दौरान डॉ. निधि प्रभाकर ने छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दांतों की सही देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सही तरीके से ब्रश और फ्लॉस करने की विधि, नियमित दंत जांच का महत्व, कैविटी एवं मसूड़ों की बीमारियों की शुरूआती पहचान, खान-पान का दांतों पर प्रभाव तथा सामान्य दंत समस्याओं से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर दांतों की अधिकांश समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ ही, दांतों की देखभाल से जुड़ी कई भ्रांतियों को दूर करते हुए प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए ।कार्यक्रम में इंटरैक्टिव प्रेजेंटेशन, लाइव डेमो और प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को सही ब्रशिंग तकनीक का अभ्यास कराया गया तथा उनकी जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत सलाह दी गई। कम उम्र से ही अच्छी ओरल हाइजीन की आदत विकसित करने और किसी भी असामान्य लक्षण पर समय रहते दंत चिकित्सक से परामर्श लेने पर विशेष जोर दिया गया ।उषा हॉस्पिटल की इस पहल को छात्रों और शिक्षकों ने सराहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के ओरल हेल्थ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दांतों की देखभाल और नियमित दंत जांच के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

# धरना समाप्त हुआ है, संघर्ष नहीं,जनतंत्र, शिक्षा और युवाओं के भविष्य की लड़ाई जारी रहेगी

आरा देश भर में चल रहे छात्रों के संघर्षों के समर्थन में तथा शिक्षा की दुर्दशा, पेपर लीक, युवाओं के भविष्य, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असंवेदनशील व्यवस्था के खिलाफ सिविल सोसायटी, आरा (बिहार) के तत्वावधान में जयप्रकाश स्मारक, मुक्ताकाश मंच पर पिछले छह दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन रविवार को एक संकल्प सभा के साथ संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता किसान नेता यशवंत सिंह, संचालन समाजिक कार्यकर्ता व रंगकर्मी अशोक मानव और सभा की शुरूआत में समाजिक कार्यकर्ता विजय मेहता ने आंदोलन की शुरूआत से समापन तक कि पूरी रूप रेखा विस्तार से सभा के समक्ष रखी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह केवल कुछ परिवारों की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गंभीर चुनौतियों की याद दिलाने वाली घटना है।

# जगदीशपुर में तिरंगा यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ



प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर। भोजपुर के जगदीशपुर तिरंगा यात्रा को लेकर जगदीशपुर में आज दूसरी बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वायरल एंकर रितिक रौशन सिंह ने किया और संचालन हिमांशु केसरी ने किया इस बैठक में तिरंगा यात्रा कमिटी का गठन हुआ जिसके अध्यक्ष बने नवीन मौर्या तिरंगा यात्रा प्रभारी अध्यक्ष एम. डी. अकबर अली उपाध्यक्ष हिमांशु केसरी ,मोहित ठाकुर , महासचिव - साहिल खान, अंकित कुमार सचिव - रविशंकर यादव मोहित कुमार और ऋषभ कुमार मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सोनू कुमार एड नैतिक को दिया गया वही संगठन अध्यक्ष रितिक रौशन सिंह ने बताया कि हमारा संगठन का लगातार 5 साल पूरा होने पर 7 वां तिरंगा यात्रा बड़ी धूम धाम से मनाई जायेगी जिसमें देशभक्ति झांकियां भोजपुरी सुपर स्टार कलाकारों, वायरल ब्लॉगर, ढोला नगाड़ा, घोड़े और देशभक्ति गाने पर कुछ लड़के प्रोफेमेंस करेंगे इस साल के तिरंगा यात्रा के 10 हजार के करीब भीड़ की संभावना जताई गई है इस मौके पर शामिल सदस्य - धीरज कुमार यादव , रौशन कुमार, नैतिक कुमार, चंदन कुमार , प्रिंस कुमार, दीपक कुमार , एम. डी मेराज शाह , प्रिंस कुमार, सोहन कुमार, अभिनव गुप्ता, प्रिंस कुमार, रौशन कुमार, मुकेश यादव , गायक पंकज परिंदा यादव, अजय कुमार , रतीश कुमार, शमशेर जी सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे

# एसडीपीओ ने सिकरहटा थाने का किया निरीक्षण, लंबित कांडों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



तरारी (आरा)। पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने रविवार को सिकरहटा थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की विधि-व्यवस्था, लंबित कांडों, अनुसंधान की प्रगति और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष एवं उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने थाना के विभिन्न अभिलेखों और पुलिसिंग से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्ती करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा गंभीर मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने पर जोर दिया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क रहने को कहा। निरीक्षण के दौरान सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार, अपर थानाध्यक्ष ललितेश कुमार, पुलिस पदाधिकारी रामाशंकर बैठा, विवेका कुमार समेत थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर धीरज कुमार का भव्य स्वागत, प्रीतम कुशवाहा ने दी शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर धीरज कुमार के मनोनयन के बाद रविवार को आरा स्थित जदयू कार्यालय में उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर छात्र जदयू के नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा छात्रहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। भोजपुर छात्र जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम कुशवाहा ने धीरज कुमार का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र जदयू हमेशा से सकारात्मक राजनीति और छात्र हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संगठन ने समय-समय पर छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है और उनके समाधान के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि धीरज कुमार के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और राज्यभर के छात्रों को संगठन से जोड़ने का अभियान और तेज होगा। प्रीतम कुशवाहा ने कहा कि धीरज कुमार सरल, मिलनसार और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। वे संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की बात गंभीरता से सुनते हैं और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण उन्हें एक प्रभावी छात्र नेता के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र जदयू छात्रहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएगा तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने भी धीरज कुमार को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और सशक्त बनाने का भरोसा जताया।

# बड़ों का आदर करें और अच्छे संस्कार अपनाएं बच्चें: अयोध्या नाथ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया प्रांगण में रविवार को एक विशेष समाज सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों महादलित बच्चों के बीच मुफ्त स्कूल ड्रेस, पाठ्य सामग्री, छाता एवं अन्य दैनिक जरूरतों के सामान का वितरण किया गया। अध्यक्षता जीयर स्वामी जी महाराज के प्रधान शिष्य एवं बड़ी मठिया के महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने की। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित तथा नई आशा के संचालक भीम सिंह ह्यभवेशह्न एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व समझाते हुए एक प्रेरक कथा सुनाते हुए कहा कि एक दूरदराज के गाँव में एक गरीब बालक रहता था। उसके पास न तो पढ़ने के लिए किताबें थीं। और न ही पहनने को अच्छे कपड़े। लेकिन उसके मन में सीखने की एक गहरी लगन थी। वह रोज आश्रम के बाहर बैठकर गुरुजी की बातें चुपचाप सुनता और मिट्टी पर उंगलियों से अक्षर लिख-लिखकर अभ्यास करता था। उसकी इस निष्ठा और लगन को देखकर गुरुजी ने उसे आश्रम में बुला लिया और उसे शिक्षा दी।

# पंचायत विकास दिवस सुशासन का सशक्त माध्यम : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 26 जुलाई 2026 को बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बखोड़ापुर पंचायत में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर बिहार सरकार एवं पंचायती राज संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजनों को प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से भी लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि पंचायत विकास दिवस सुशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध लाभ पहुँचाना है। जिला पदाधिकारी महोदय ने बखोड़ापुर पंचायत को राज्य ही नहीं, बल्कि देश की आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के सामूहिक सहयोग से इस पंचायत का सर्वांगीण एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बखोड़ापुर पंचायत को आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं डिजिटल सेवाओं सहित सभी क्षेत्रों में विकसित कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल पंचायत के रूप में स्थापित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने माननीय प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्लमन की बातह्न का सामूहिक श्रवण किया तथा कार्यक्रम में व्यक्त विचारों एवं जनभागीदारी के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बखोड़ापुर पंचायत के मुखिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक, डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत विकास दिवस पर कोइलवर के पंचायतों में कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



कोइलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड की सभी पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विदित हो कि बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश पर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाता है। इस बार कार्यक्रम का विषय ह्लसुशासन के साथ पंचायतह्न रखा गया, जिसके तहत ग्रामीणों को पंचायत की कार्यप्रणाली, पारदर्शी प्रशासन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कुणाल राज ने बताया कि कोईलवर प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वयं नरबीरपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणों को पंचायतों की भूमिका, जवाबदेही और सुशासन की अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लोगों की भागीदारी बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। धनडीहा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत सचिव चंदन कुमार ने पंचायत विकास दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुशासन के साथ पंचायत विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामीणों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार योजनाओं का लाभ उठा सकें ।बीपीआरओ कुणाल राज ने कहा कि पंचायत विकास दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पंचायत और आम जनता के बीच संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से ग्रामसभा की बैठकों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

# सांसद पप्पू यादव ने शहीद भरत तिवारी के परिजनों से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता



शाहपुर, भोजपुर । पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौटी गांव पहुंचे और शहीद भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान सांसद ने परिजनों से न्यायालय में चल रहे मामले की विस्तार से जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि वे इस परिवार के साथ बेटे की तरह खड़े हैं और भरत तिवारी को हर हाल में न्याय दिलाकर रहेंगे। मौके पर सांसद पप्पू यादव ने शहीद के परिजनों को 1.5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी और कहा कि यह एक बेटे के रूप में परिवार के लिए सहयोग है। उन्होंने बताया कि भरत तिवारी जमुनिया गांव के कटाव पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। उनके सम्मान में सांसद ने उस गांव के लोगों के भोजन के लिए 40 हजार रुपये की मदद भी की। साथ ही कहा कि वे इस मुद्दे को कल लोकसभा में उठाएंगे* और न्यायालय में लड़ाई जारी रखेंगे। सांसद ने कहा कि भरत तिवारी पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं था और न ही वे गलत काम करते थे। फिर भी उनकी हत्या करने वालों को बिहार सरकार ने अब तक सजा क्यों नहीं दी? हत्या करने वाले डीएसपी और अन्य पुलिसकर्मियों पर 302 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। एसपी को किसने गोली मारने का आदेश दिया, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 48 घंटे में न्याय दिलाने की बात कही है। अभी 24 घंटे बाकी हैं। हम उम्मीद करते हैं कि दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज हो और कानूनी प्रक्रिया शुरू हो। इस देश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से बड़ा कोई नहीं है। अगर वे चाहें तो कोई अपराधी नहीं बच सकता। सांसद ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने चुनावी फायदे के लिए परिजनों को मुख्यमंत्री से मिलवाया लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।

# शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी बने सांसद प्रतिनिधि, कार्यकताओं में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री एवं गया लोकसभा क्षेत्र के सांसद जीतन राम मांझी ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस घोषणा के बाद पार्टी कार्यकताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। मनोज मांझी लंबे समय से शेरघाटी क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे सांसद और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे। मनोनयन की जानकारी मिलते ही शेरघाटी में पार्टी कार्यकताओं ने मनोज मांझी का स्वागत किया और उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि मनोज मांझी की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि मनोज मांझी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शेरघाटी अनुमंडल की जनसमस्याओं को सांसद और संबंधित अधिकारियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# भूपेश नगर के 20 परिवारों को अब तक नहीं मिला परिमाण, डीएम से कार्रवाई की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गया/नीमचक बथानी। नीमचक बथानी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मैइ के ग्राम भूपेश नगर में भूमि की नापी होने के बावजूद करीब 20 परिवारों को अब तक परिमाण (परवाना) निर्गत नहीं किया गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए माननीय जिला परिषद सदस्य गुलिस्ता खातून ने जिला पदाधिकारी, गया को आवेदन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि खाता संख्याझ्र508, प्लॉट संख्याझ्र3325, थाना संख्याझ्र215 की भूमि की नापी अंचल अधिकारी, नीमचक बथानी द्वारा कराई जा चुकी है, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी संबंधित लाभुकों को परिमाण उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे प्रभावित परिवारों को भूमि संबंधी कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में युवा जदयू प्रदेश महासचिव एवं जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि प्रशासन इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र जांच कर सभी पात्र लाभुकों को परिमाण उपलब्ध कराए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके। गुलिस्ता खातून एवं मोहम्मद औरंगजेब ने जिला प्रशासन से मामले का त्वरित निष्पादन कर संबंधित लोगों को न्याय दिलाने की मांग की है।

# मेडिवर्स आइ भी एफ हास्पिटैलिटी मे विश्व आईवीएफ दिवस मनाया गया

गया जी। विश्व आईवीएफ दिवस 25 जुलाई को मनाया जाता है, आज इस अवसर पर मेडिवर्स आइ भी एफ हास्पिटैलिटी अस्पताल में मनाया गया है।इसके बारे मे मेडिवर्स आइ भी एफ अस्पताल के डा तेजस्वी नंदन ने बताया कि आईवीएफ के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आईवीएफ ने बांझपन से जूझ रहे लाखों लोगों की जिंदगी बदली है।इसका मकसद लोगों को आईवीएफ के बारे में जागरूक करना है. बीते कुछ सालों में आईवीएफ कराने वालों की संख्या काफी बढ़ी है।मेडिवर्स आइ भी एफ हास्पिटैलिटी अस्पताल में बहुत ही आसान सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानपुर स्टेशन पर चोरी के दो मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन क्षेत्र में आरपीएफ ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत मानपुर रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ टीम अपराध निगरानी गश्त के दौरान रविवार को मानपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2-3 के दिल्ली छोर पर एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। उसने अपनी पहचान मोहित कुमार पिता जयनन्दन रविदास निवासी छोटी पाली थाना हिसुआ जिला नवादा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए जो लॉक अवस्था में थे। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि उसने रात में ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री का मोबाइल चोरी किया था। बरामद दोनों मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 28 हजार रुपये बताई गई है। इसके बाद आरपीएफ ने मोबाइल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जीआरपी थाना गया के हवाले कर दिया।

### उपसभापति सागर दीवान के निधन पर युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने जताया गहरा शोक

गया। रक्तवीर एवं टेकारी नगरपरिषद के उपसभापति सागर दीवान का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है, जिससे पूरे सामाजिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है ! उनके इस आकास्मिक निधन पर विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी सह गयाजी शहर के जाने-माने युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया है ! इस दौरान उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि सागर दीवान के निधन से समाज ने एक नेकदिल, मिलनसार और विचारवान व्यक्तित्व को हमेशा के लिए खो दिया है, जिसकी भरपाई करना बेहद कठिन है ! उन्होंने आगे कहा कि वे हमेशा जनहित के कार्यों और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे, उनका यूं चले जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है ! इस कठिन और दुखद परिस्थिति में ईश्वर से प्रार्थना है कि वे शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें !

### पंचायत विकास दिवस पर ग्रामसभा आयोजित

करपी। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा बिहार के प्रत्येक पंचायत को निर्देश दिया गया है कि महीना के अंतिम रविवार को अपने-अपने पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन करें इसी निर्देश के तहत करपी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत केयाल के पंचायत सरकार भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राम इकबाल साव ने किया। इस अवसर पर पंचायत स्तरीय सभी विभागों की कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें जी राम जी पंचायत सचिव, सुनील कुमार, इंदिरा आवास सहायक ,अनिल कुमार डाटा इंट्री ऑपरेटर, पवन कुमार विकास मित्र, कुसुम कुमारी, पंचायत कचहरी सचिव सरिता सिंधु, पंचायत स्वछता पर्यवेक्षक पिन्टु सहित कई लोगों उपस्थित थे। इन तमाम कर्मचारियों के द्वारा ग्राम सभा में आए हुए ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं को सुना एवं उसके निदान की बात कही, पंचायत सचिव सुनील कुमार ने बताया कि कबीर अंतर्दृष्टि योजना के तहत 6 आवेदन आए हैं। वहीं राशन कार्ड बनाने के लिए भी अनेक लोगों ने अपना आवेदन जमा किया इस ग्राम सभा में राजस्व कर्मचारी का नहीं आना चर्चा का विषय बना रहा । लोगों ने उनके प्रति काफी आक्रोश व्यक्त किया।आम लोगों का कहना था कि राजस्व कर्मचारी के ना आने से राजस्व से संबंधित है समस्याओं का निपटारा नहीं किया गया।ग्राम सभा के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सहित कई प्रकार के सरकारी कार्यक्रम की जानकारी आम लोगों को दी गई। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी का लोगों के द्वारा अंतिम अंतिम तक काफी इंतजार किया गया लेकिन उन लोगों की भागीदारी नहीं हो सकी।

# डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा में सूने घर से करीब 6 लाख की चोरी

गया। शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र स्थित छोटकी नवादा इलाके में एक सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने करीब 6 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना 24 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ने 26 जुलाई को डेल्हा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पीड़ित विद्युत विभाग का कर्मचारी पीड़ित विशाल कुमार, जो साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) में परिचारी के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि घटना वाली रात वे अपने परिवार के साथ डेल्हा स्थित अपने ससुराल गए हुए थे। घर में कोई मौजूद नहीं था। परिवार में पति-पत्नी और उनकी बहन रहते हैं। बर्थडे पार्टी और तेज डीजे का उठाया फायदा! पीड़ित परिवार का कहना है कि जिस रात चोरी हुई, उसी रात पड़ोस के एक घर में बर्थडे पार्टी चल रही थी। वहां तेज आवाज में डीजे बज रहा था। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने इसी शोर का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया, जिससे किसी को भनक नहीं लगी। क्या क्या चोरी हुए सोने-चांदी के गहने, नकदी, लैपटॉप समेत कई सामान चोरी थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार चोर घर से सोने के आभूषण, चांदी के सामान, नकद रुपये, गैस सिलेंडर, लैपटॉप, पीतल के बर्तन, कपड़े और सर्दियों के वस्त्र लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई गई है। पड़ोसी पर जताया शक पीड़ित ने अपने आवेदन में एक पड़ोसी पर संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने और विधि-सम्मत कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अब आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ी है और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग भी उठ रही है।

# शेरघाटी में नदी में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सगाही कॉलोनी निवासी हरदयाल पासवान के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, प्रिंस कुमार शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने चार दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया तथा शोर मचाया, लेकिन आसपास कोई मदद के लिए नहीं पहुंच सका। घबराए बच्चे डर के कारण घटना की जानकारी तुरंत किसी को नहीं दे सके और अपने-अपने घर लौट गए। शाम तक जब प्रिंस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान दोस्तों ने पूरी घटना बताई। यह सुनते ही परिवार के लोग और ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे। सूचना मिलने पर शेरघाटी एवं आमस थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से नदी में खोजबीन की गई, जिसके बाद प्रिंस का शव पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सगाही कॉलोनी और आसपास के इलाके में मातम का माहौल है। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते घटना की सूचना मिल जाती तो शायद प्रिंस की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चे नदी या अन्य जलाशयों में नहाने जाएं तो उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

# चेन्नई से घर लौट रहे युवक की रेल हादसे में दर्दनाक मौत, भटकुरहा गांव में पसरा मातम



प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के भटकुरहा गांव निवासी रितेश मांझी के पुत्र गौतम कुमार की चेन्नई से मजदूरी कर अपने घर लौटने के दौरान एक दर्दनाक रेल हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। परिजनों ने बताया कि गौतम कुमार करीब दो महीने पहले रोजगार की तलाश में चेन्नई गया था, जहां वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। 22 जुलाई को वह अपने घर लौटने के लिए चेन्नई रेलवे स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान ट्रेन पकड़ने के क्रम में अचानक दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि उसका आधा शरीर कट गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने बताया कि गौतम मेहनती और मिलनसार युवक था तथा परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बाहर मजदूरी करने गया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं परिजन शव के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। गौतम की असमय मौत से पूरे भटकुरहा गांव में गहरा शोक व्याप्त है और हर किसी की आंखें नम हैं।

# मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, गया जिला कार्यालय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण को कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से सुना गया है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया है। उन्होंने देशवासियों से वीर जवानों के त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेरणादायी जीवन, हस्तशिल्प एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने, जल संरक्षण के महत्व तथा ह्रहर बूंद पानी बचाने के अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही बच्चों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बनाए जा रहे नवाचारों और कीर्तिमानों की सराहना करते हुए उन्हें देश का उज्ज्वल भविष्य बताया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आगामी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का भी आह्वान किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि 15 अगस्त से पूर्व अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर पूरे सम्मान और गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दें एव आजादी के अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को और मजबूत करें। मन की बात सुनने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर राणा रणजीत सिंह एस राजेश आनंद अधिवक्ता प्रमोद कुमार डॉ जेड खान रामप्रवेश सिंह कुंदन सिंह बबलू गुप्ता सहित अन्य।

# पटना में आयोजित विभिन्न शिक्षक एवं कर्मचारी संघों की बैठक में शिक्षक संघ, जगजीवन कॉलेज के प्रतिनिधियों ने भी उठाई अपनी आवाज

गया जी। डॉ. ए. के. सेन भवन, कंकड़ बाग, पटना में आयोजित बैठक में जगजीवन कॉलेज के शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने फुटाब, फुस्टाब तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त विचारों पर अमल करने के आश्वासन के साथ सरकार से प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक- 2026 को वापस लेने की अपील की। बताते चलें कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 में प्रस्तावित संशोधन करके अंगीभूत डिग्री महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय से अलग कर बिहार सरकार के अधीन लाने के प्रस्ताव के विरोध में राज्य के अलग-अलग विश्वविद्यालयों में विरोध के स्वर उठने शुरू हो गए हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, सचिव डॉ. संगीता कुमारी, संयुक्त सचिव डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में शोध एवं नवाचार के तहत छात्र एवं शिक्षकों की रचनात्मक भूमिका को प्रमुखता दी गई है। एक ऐसे वातावरण के निर्माण पर जोर दिया गया है जिसमें छात्र-शिक्षक स्वतंत्र हवा में पठन-पाठन के जरिए बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त करके विश्वविद्यालय से महाविद्यालय को अलग करके नौकरशाहों के हाथों में दे देने से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाप्त हो जाएगा तथा उसकी संरचना समाप्त हो जाएगी। इस आयोजन में मंचासीन डॉ मदन मोहन झा, (विधान पार्षद) डॉ संजय कुमार सिंह (विधान पार्षद), डॉ अशोक कुमार (विधान पार्षद) डॉ गंगाधर झा एवं श्री ब्रजकिशोर सिंह (संरक्षक) बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना तथा वेंकटेश कुमार (अध्यक्ष महासंघ) श्री रोहित कुमार (महासचिव, महासंघ) सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार के द्वारा लाया जाना वाला इस संशोधन का हम सभी जोर शोर से विरोध करते है। बैठक में उपस्थित बिहार के सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय से आये शिक्षक तथा शिक्षकेतर गण इस विरोध का समर्थन किया और सभी ने अपना मत दिया कि हम सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी पटना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रोटेस्ट का समर्थन करते है और जल्द ही सारे विश्विद्यालय में भी जरूरत पड़ने पर प्रोटेस्ट किया जाएगा। संशोधित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 को किसी भी हाल में पारित नहीं होने देंगे।

# गया जंक्शन पर RPF की बहादुरी! चलती ट्रेन से उतरते समय गिरे यात्री की जान बचाई

● ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत 3 जवानों ने दिखाई सूझबूझ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पूर्व मध्य रेलवे डीडीयू मंडल के गया रेलवे स्टेशन पर आज आर पी एफ के जवानों ने एक यात्री की जान बचाकर बहादुरी का परिचय दिया हू। क्या हुआ पूरा मामला? आज सुबह 9:35 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर गाड़ी संख्या 13305 धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित ठहराव के बाद गंतव्य की ओर रवाना हो रही थी। इसी दौरान 56 वर्षीय रवि कुमार पिता दद्दू प्रसाद, निवासी सिवान बिहार, चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में लड़खड़ा गए और उनका संतुलन बिगड़ गया। यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गैप में गिरने ही वाला था। आर पी एफ ने ऐसे बाचाई जान उसी समय आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधि की निगरानी कर रहे सादे लिबास में तैनातः - सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार प्रधान आरक्षी वशिष्ठ यादव - आरक्षी राकेश कुमार सिंह तुरंत दौड़े और यात्री को प्लेटफार्म के गैप में जाने से पहले ही बाहर की तरफ खींचकर बचा लिया है। बचाए गए यात्री के पास पहाड़पुर से गया तक का टिकट संख्या अफ्ठ 74185766 था। RPF की अपील रेलवे सुरक्षा बल गया ने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन में चढ़ना और उतरना दोनों खतरनाक है। कृपया ट्रेन पूरी तरह रुकने के बाद ही चढ़ें/उतरें और सुरक्षित यात्रा करें। RPF गया ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत जवानों की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ की सराहना की है।

# उचौली शाखा में ज्ञान उत्सव प्रदर्शनी में युवा मस्तिष्कों और रचनात्मकता का प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। सीनियर दिल्ली स्कूल, उचौली शाखा द्वारा सफलतापूर्वक ज्ञान उत्सव नवाचार और रचनात्मकता की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कल्पनाशक्ति और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुरारपुर शाखा के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह आयोजन सीखने और ज्ञान का एक उत्सव बन गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 9:00 बजे अत्यंत उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। विभिन्न विषयों पर आधारित 50 से अधिक नवाचारी मॉडल प्रदर्शित किए गए, जो विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता को दर्शाते थे। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट्स की जानकारी आगंतुकों को दी है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उन्होंने अपने विचारों को कार्यशील मॉडलों में परिवर्तित किया है। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने प्रदर्शनी में भाग लिया और विद्यार्थियों के प्रयासों एवं आत्मविश्वास की सराहना की है। निदेशक आलोक राज एवं प्रधानाचार्या सिमरन ने स्टॉलों का भ्रमण किया, विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल की प्रशंसा की है।इस आयोजन ने विद्यालय के अनुभवात्मक शिक्षण और समग्र विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण को उजागर किया, जिससे ज्ञान उत्सव 2026 एक अविस्मरणीय सफलता बन गया।

# 14 किलो सोना लूट कांड में इमामगंज के चर्चित सोना व्यवसाय मनोज सोनार गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

इमामगंज (गया)। मध्य प्रदेश के बहुचर्चित जबलपुर सोना लूटकांड की जांच अब बिहार के गया जिले के इमामगंज तक पहुंच गई है। शनिवार को मध्य प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF), बिहार रळ्क्रतथा इमामगंज पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए रानीगंज बाजार स्थित प्रतिष्ठित प्रेम ज्वैलर्स में छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे रानीगंज बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देखते ही देखते बाड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं व्यापारी घटनास्थल के आसपास जुट गए। पुलिस टीम ने दुकान की गहन जांच की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक सामग्री अपने कब्जे में ले ली। इसके अलावा दुकान संचालक मनोज सोनार को भी पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाया गया। इस कार्रवाई की पुष्टि इमामगंज के डीएसपी धीरज कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई मध्य प्रदेश में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मामले की जांच के सिलसिले में की गई है और विभिन्न बिंदुओं पर जांच जारी है। दर्शकों को बता दें कि यह पूरा मामला 1 साल पूर्व 11 अगस्त 2025 को मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र के खितौला स्थित एरअक्रस्मॉल फाइनेंस बैंक में हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश बैंक में रखे करीब 14.87 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा 5.7 लाख नकद लेकर फरार हो गए थे। इस घटना ने पूरे मध्य प्रदेश में सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद मध्य प्रदेश पुलिस और रळ्क्र ने बड़े स्तर पर जांच शुरू की। जांच के दौरान इस लूटकांड के तार बिहार से जुड़े मिले। पुलिस के अनुसार अंतरराज्यीय दास गैंग के सरगना राजेश दास और उसके सहयोगियों की भूमिका सामने आने के बाद बिहार रळ्क्रएवं मध्य प्रदेश पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर गया जिले से कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान लगभग 3 किलोग्राम से अधिक सोना भी बरामद किया गया था। इमामगंज तक कैसे पहुंची जांच? जांच एजेंसियों के अनुसार लूटे गए सोने को कथित रूप से विभिन्न राज्यों में खपाने वाले नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश रळ्क्रलगातार गया जिले के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। पहले गुरुआ, आमस और मैगरा में कार्रवाई की गई, जिसके बाद अब जांच की कड़ी इमामगंज के रानीगंज बाजार तक पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार पुलिस अपने साथ पहले से गिरफ्तार एक व्यक्ति को भी लेकर पहुंची थी। उसी की निशानदेही पर प्रेम ज्वैलर्स में छापेमारी की गई। पुलिस को आशंका है कि लूटे गए सोने की खरीद-बिक्री या उसके संभावित लेन-देन से जुड़े कुछ अहम सुराग यहां मिल सकते हैं। हालांकि जांच एजेंसियों ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। रानीगंज बाजार में दिनभर रही हलचल प्रेम ज्वैलर्स में पुलिस कार्रवाई की खबर फैलते ही पूरे रानीगंज बाजार में चचाओं का दौर शुरू हो गया। व्यापारी वर्ग और स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। जैसे ही मनोज सोनार को पूछताछ के लिए पुलिस अपने साथ लेकर निकली, बड़ी संख्या में लोग इमामगंज थाना पहुंच गए। बाजार में पूरे दिन पुलिस कार्रवाई को लेकर उत्सुकता और चर्चा बनी रही।

# गया जिले के पीडीएस दुकानदारों को मिलेगी चार महीने की मार्जिन मनी

गया जी। गया जिले के सभी पीडीएस दुकानदारों के लिए राहत भरी खबर है। बिहार राज्य खाद्य निगम के माध्यम से फरवरी से मई माह तक की चार महीने की मार्जिन मनी की राशि 30 जुलाई से पहले सभी डीलरों के बैंक खातों में ऑनलाइन भेज दी जाएगी। भुगतान प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसकी लागातार मॉनिटरिंग जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। बिहार राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के जिला प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने बताया कि जिले के सभी पीडीएस डीलरों के बैंक खातों में 30 जुलाई से पहले मार्जिन मनी की राशि ऑनलाइन उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि डीलरों को समय पर भुगतान मिले ताकि राशन वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे और उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विभागीय सूत्रों ने बताया कि गया जिले में करीब 2046 पीडीएस डीलर कार्यरत हैं। इन डीलरों के बीच प्रत्येक माह लगभग दो करोड़ रुपये की राशि मार्जिन मनी के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। हाल ही में मार्जिन मनी की दर में वृद्धि होने के बाद डीलरों को पहले की तुलना में अधिक राशि देने की भी व्यवस्था विभाग द्वारा की जा रही है। पहले प्रति क्विंटल 90 किधर से मार्जिन मनी दी जाती थी सरकार ने इस मार्जिन मनी में 45 रुपए की बढ़ोतरी करते हुए 135 रुपए के हिसाब से मार्जिन मनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था में जुटी है। इससे डीलरों को राशन वितरण कार्य के संचालन में सुविधा होगी। मार्जिन मनी वह राशि है जो सरकार द्वारा जनवितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न वितरण करने के बदले डीलरों को भुगतान के रूप में दी जाती है। इसका उद्देश्य डीलरों के संचालन व्यय की आंशिक भरपाई करना तथा वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। जिला प्रशासन भी इस भुगतान प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह गंभीर है। डीएम शशांक शुभंकर स्वयं इसकी नियमित समीक्षा कर रहे हैं ताकि किसी भी पात्र डीलर का भुगतान लंबित न रहे। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी डीलरों के खातों में निर्धारित समय सीमा के भीतर राशि पहुंच जाए। मार्जिन मनी का समय पर भुगतान होने से जिले के पीडीएस डीलरों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी, जिससे अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के लाखों लाभुकों को भी समय पर राशन उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी।

# जगजीवन कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त स्टोर कीपर निधन पर महाविद्यालय के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया



गया जी। जगजीवन कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त स्टोर कीपर अर्जुन सिंह का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस हेतु महाविद्यालय के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य, प्रोफेसरों और कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्जित कर श्रद्धांजलि दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने बताया कि अर्जुन सिंह 11 मई, 1976 में स्टोर कीपर के पद पर तैनात किए गए थे। वह लंबे समय तक इस महाविद्यालय में रहते हुए वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने महाविद्यालय में रहते हुए अपने सहकर्मियों के साथ मधुर संबंध स्थापित करने के साथ दिए गए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया। महाविद्यालय उनके परिवार के कुशल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामना व्यक्त करता है। इस अवसर पर प्रो. डॉ. रतिकांत दास, प्रो. पूर्णेंदु कुमार, श्री रवि रंजन, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. निरुपमा कुमारी, डॉ. नारायण कुमार के अलावे शिक्षकेत्तर कर्मियों में राजीव कुमार भास्कर, मो. जफर, नगेंद्र कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

# विश्व हेड एंड नेक कैंसर दिवस पर आईएमए गया में नि :शुल्क जांच शिविर

गयाजी। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) मुख्यालय, नई दिल्ली के आह्वान पर विश्व सिर एवं गला (हेड एंड नेक) कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को आईएमए भवन, गया में कैंसर जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया, जिसमें कुल 52 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सिर एवं गला कैंसर से संबंधित जांच कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया है। शिविर में भारतीय चिकित्सा संघ गया जी के अध्यक्ष डॉ. विश्व विजय सिंह, सचिव डॉ. विमलेंदु विमल, डॉ. डी.के. सहाय, डॉ. आर.पी. ठाकुर, डॉ. उमेश वर्मा, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रांशु कुमार, डॉ. रामाधार तिवारी, डॉ. शिव बचन सिंह, डॉ. एल.एम. सिंह, डॉ. यू.एस. अरुण (दंत शल्य चिकित्सक), डॉ. करुणेश कुमार, डॉ. हर्षवर्धन तथा डॉ. राजीव कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं गई है ।

# ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों, ग्राम सभा के सदस्यों, महिलाओं, युवाओं एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके बीच विकास संबंधी मुद्दों पर सार्थक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पश्चिम चम्पारण जिले की सभी 303 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पंचायत कार्यालय यथा पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन, एवं सामुदायिक भवनों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे अपराह्न तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं से सभी ग्रामीणों को अवगत कराया गया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ई-ग्राम स्वराज, ई-पंचायत एवं अन्य ऑनलाइन पोर्टलों पर दर्ज योजनाओं, पंचायत की आय-व्यय, आगामी विकास कार्यों तथा पंचायत की आय के स्रोतों में वृद्धि के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात का 136 वां संस्करण का प्रसारण किया गया। जिसमें ग्राम सभा के द्वारा श्रवण किया गया। पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के जुलाई माह का थीम सुशासन युक्त पंचायत है, जिसमें सुशासन के माध्यम से ग्राम पंचायत के सभी निवासियों तक विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास के लाभों को उत्तरदायी सेवा एवं वितरण द्वारा पहुँचाना सुनिश्चित करना। सुशासन तंत्र सुनिश्चित करने और स्थापित करने के लिए पारदर्शिता, टीमवर्क, प्रौद्योगिकी, समयसीमा एवं परिवर्तन दृष्टिकोण जो प्रमुख सुधारों और विकास के परिणामों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों एवं अन्य हितधारकों से विकास संबंधी सुझाव एवं आकांक्षाएं प्राप्त की गई। इन सुझावों की सूची तैयार कर निश्चय पोर्टल पर अपलोड की जा रही है, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला पंचायती राज पदाधिकारी सौरव आलोक, द्वारा प्रखंड चनपटिया, ग्राम पंचायत लखौरा के पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा पंचायतों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम ग्रामीणों को विकास प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का प्रभावी मंच उपलब्ध कराता है। इससे पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ ग्रामीणों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शामिल करने में सहायता मिलती है। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार पेंशनधारियों के लिए जीवन प्रमाणीकरण एवं राशन कार्ड हेतु कैम्प का हुआ आयोजन भी किया गया।

# कारगिल विजय के सूत्रधार सैनिकों का अदम्य साहस और बलिदान हमारे महान राष्ट्र का गौरव: गरिमा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगर के शहीद पार्क में पूर्व सैनिक संघ द्वारा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कारगिल विजय दिवस पर आयोजित पूर्व सैनिक संघ की श्रद्धांजलि सभा महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि कारगिल विजय के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अपने अमर शहीदों को शत-शत नमन करती हूं। उनका अदम्य साहस और बलिदान भारतवर्ष जैसे हमारे महान राष्ट्र का गौरव है। आज के पुनीत दिवस पर मेरी अपनी युवा पीढ़ी से विशेष अपील है - कारगिल विजय के वीर शहीदों के त्याग से प्रेरणा लेकर नशा और भटकाव राष्ट्र विरोधी षड्यंत्रों से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा को अपना लक्ष्य बनाएं। जय हिंद समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए दुश्मनों को करारा जवाब दिया और देश की सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने कहा कि कारगिल के अमर वीरों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और देश सेवा की भावना के लिए प्रेरित करता रहेगा। महापौर गरिमा देवी सिकारिया के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम की पूर्व सैनिकों ने सराहना करते हुए इसको समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने वाली एक अत्यंत सराहनीय पहल बताया। जिलाभर से पहुंचे पूर्व सैनिक संघ ने महापौर के मूल्यवान सहयोग एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को देश के वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जय, वंदे मातरम् और वीर शहीद अमर रहें के नारों से पूरा शहीद पार्क गूंज उठा।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल में प्रश्नपत्र लीक से मचा बवाल, त्रिभुवन विश्वविद्यालय में हड़कंप

बगहा। नेपाल में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के बाद उच्च शिक्षा जगत में हलचल तेज हो गई है। देश के सबसे बड़े शिक्षण संस्थान त्रिभुवन विश्वविद्यालय (टीयू) में परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मामले में नेपाल पुलिस के साइबर क्राइम ब्यूरो ने जांच तेज कर दी है और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए प्रश्नपत्र लीक किए जाने की आशंका की पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसियों के अनुसार, तकनीकी विश्लेषण में सामने आया है कि कुछ संदिग्धों ने व्हाट्सएप और फेसबुक मैसेंजर जैसे सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र और उसके उत्तर साझा किए। साइबर ब्यूरो ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रश्नपत्र लीक की घटना के बाद त्रिभुवन विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा की गोपनीयता और डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने आईटी सुरक्षा को मजबूत करने, प्रश्नपत्र तैयार करने और वितरण प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित बनाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेषज्ञों की सहायता लेने की बात कही है। नेपाल पुलिस के साइबर क्राइम ब्यूरो का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन और ऑनलाइन चैट रिकॉर्ड की फोरेंसिक जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि प्रश्नपत्र किस स्तर से बाहर आया और इसमें कितने लोग शामिल थे। जांच के दायरे में परीक्षा से जुड़े अन्य व्यक्तियों को भी शामिल किया जा सकता है।

### मुखिया के माध्यम से ग्रामीणों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, जल-नल योजना की समस्याओं से कराया अवगत

बगहा। वाल्मीकिनगर पंचायत भवन में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में आयोजित इस ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में पंचायत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें सबसे प्रमुख मुद्दा जल-नल योजना की बदहाल स्थिति रहा। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने मुखिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत के कई वार्डों में जल-नल योजना के सुचारु रूप से संचालित नहीं होने की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने खराब पड़े पाइप, मोटर और अन्य तकनीकी खामियों को जल्द दूर कराने की मांग की। बैठक में पंचायत विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने सड़क, साफ-सफाई, जल निकासी, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य जनसमस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। मुखिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्राम सभा में उठाए गए सभी मुद्दों और मांगों से संबंधित ज्ञापन सक्षम अधिकारियों को भेज दिया गया है तथा समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। ग्राम सभा में यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, ताकि ग्रामीण सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सकें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा को लेकर कैंडल मार्च एवं विजय जूलूस

प्रात: किरण संवाददाता



मोतिहारी। मोतिहारी कांग्रेस कमिटी के बैनर तले शहर के जानपुल चौक से बंजरिया प्रजापति आश्रम बंजरिया पंडाल कांग्रेस कार्यालय से कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं एवं छात्र-युवा समर्थकों ने भाग लिया। कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए मोतिहारी जिलाध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल ने कहा कि अपने भविष्य और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने वाले युवाओं की आवाज को बल प्रयोग से दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देशभर के छात्रों के संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनदबाव की जीत है। उनके अनुसार शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आए प्रश्नपत्र लीक, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार ने करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है तथा सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से छात्रों की आवाज को अनसुना किया जाता रहा, लेकिन अंततः लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत हुई और सरकार को जवाबदेह होना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों के मुद्दे को पूरे देश में मजबूती से उठाया और स्पष्ट किया था कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस गंभीर मामले में जवाबदेही तय किए बिना कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित विपक्ष के अन्य नेताओं ने भी छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप सरकार पर नैतिक और राजनीतिक दबाव बना। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने इसे शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए छात्रों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव कुमार सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, मुमताज अहमद, देशबंधु तिवारी, डॉ परवेज, योगेन्द्र राम, बिकेश चन्द्रवंशी, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, दिलनवाज राशिद, उमर अंसारी, रौनक त्यागी, योगेन्द्र मिश्रा, सत्येन्द्र राम, असहाबुल होदा अंसारी, सद्दाम हुसैन, ई. आमिर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कुमार आशीष, अनुभव कुमार, कुन्दन कुमार, दीपक भारती, मनीष कुशवाहा, समेत सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

# टोस्ट ब्रेड की आड़ में 522.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, पिकअप मैजिक जब्त

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग और चौतरवा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में टोस्ट ब्रेड की आड़ में छिपाकर ले जाई जा रही 522.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब लदे पिकअप मैजिक वाहन को जब्त कर लिया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार को बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग पर चौतरवा थाना के समीप सेल टैक्स विभाग द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बिना आवश्यक कागजात के एक पिकअप मैजिक वाहन को जांच के लिए चौतरवा थाना लाया गया। थाना परिसर में उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान टोस्ट ब्रेड के कार्टनों के बीच बड़ी मात्रा में छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद हुई। सूचना मिलते ही उत्पाद थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार और बगहा-1 के अंचलाधिकारी रवि भूषण गौरव मौके पर पहुंचे। उनके नेतृत्व में वाहन की विस्तृत जांच की गई, जिसके बाद शराब की खेप को वाहन से उतारकर जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान पिकअप मैजिक को भी कब्जे में ले लिया गया। उत्पाद थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश की ओर से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप चौतरवा के रास्ते बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें यह बड़ी सफलता मिली। बरामद शराब में बीयर, रॉयल स्टैग, ब्लेंडर्स सहित विभिन्न ब्रांड की शराब शामिल है। फिलहाल पुलिस वाहन चालक एवं वाहन स्वामी की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# रक्सौल वासियों को बड़ी सौगात: एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल में ब्लड बैंक की शुरूआत, 3 अगस्त को होगा भव्य उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधा के लिए ब्लड बैंक की शुरूआत हो गई है। आगामी 3 अगस्त को इसका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इस सुविधा के बहाल होने से अब सीमावर्ती व आसपास के इलाकों के लोगों को आपात स्थिति में रक्त के लिए दूसरे शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ब्लड बैंक की शुरूआत को लेकर आज हॉस्पिटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार ने निरीक्षण करते हुए बताया कि इससे पहले गंभीर स्थिति में मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए मोतिहारी, डंकन अस्पताल या अन्य दूर-दराज के केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार समय पर ब्लड न मिलने से मरीजों की जान पर बन आती थी, लेकिन अब इस ब्लड बैंक के खुल जाने से न केवल एसआरपी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को, बल्कि रक्सौल और आसपास के अन्य अस्पतालों के मरीजों को भी काफी सहूलियत होगी। डॉ. सुजीत कुमार ने आगे बताया कि रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल में वर्तमान में डायलिसिस की प्रक्रिया चल रही है। डायलिसिस के मरीजों को अक्सर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। स्थानीय स्तर पर ब्लड बैंक उपलब्ध होने से अनुमंडलीय अस्पताल के डायलिसिस मरीजों को भी इसका सीधा और बड़ा फायदा मिलेगा। 3 अगस्त को होने वाले उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और स्वास्थ्य जगत से जुड़ी हस्तियां शामिल होंगी। स्थानीय स्तर पर ब्लड बैंक की यह सुविधा उपलब्ध होना रक्सौल के स्वास्थ्य ढांचे में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव माना जा रहा है।

# नेपाल की वैभवी सापकोटा ने अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो में लहराया परचम, एक स्वर्ण समेत जीते तीन पदक

बगहा। नेपाल की 10 वर्षीय उभरती ताइक्वांडो खिलाड़ी वैभवी सापकोटा ने थाईलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर नेपाल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद पूरे नेपाल में खेल प्रेमियों और ताइक्वांडो जगत में खुशी की लहर है। चैंपियनशिप में 27 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वैभवी ने स्पीड किक स्पर्धा में फिलीपींस और मेजबान थाईलैंड के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी तेज गति और बेहतरीन तकनीक की सभी ने सराहना की। इसके अलावा क्योरुगी (फाइटिंग) स्पर्धा में वैभवी सेमीफाइनल तक पहुंचीं, जहां उन्हें थाईलैंड की खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं पूमसे (तकनीकी प्रदर्शन) स्पर्धा में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक और कांस्य पदक जीता। इस तरह उन्होंने कुल तीन पदक अपने नाम किए। वैभवी की इस सफलता पर नेपाल ताइक्वांडो समुदाय, खेल अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा प्रदर्शन भविष्य में नेपाल के लिए बड़ी उपलब्धियों का संकेत है।

# जटाशंकर वन क्षेत्र से सखुआ पेड़ काटते एक व्यक्ति गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद

बगहा। वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के जटाशंकर वन परिसर में वन विभाग की टीम ने शाम की गश्ती के दौरान अवैध रूप से सखुआ का पेड़ काट रहे एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोल चौक स्थित कास्ट भंडार निवासी बल्ली मुखिया, पिता छेदी मुखिया के रूप में हुई है। फॉरेस्टर आशीष कुमार ने बताया कि नियमित शाम की गश्ती के दौरान वनकर्मियों ने जटाशंकर वन क्षेत्र में एक व्यक्ति को सखुआ का पेड़ काटते हुए देखा। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे मौके से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पेड़ काटने में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की गई। वन विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम एवं संबंधित वन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया। बतादें, वन प्रमंडल 2 के रेंजर सत्यम कुमार ने लोगों से अपील की है कि संरक्षित वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैध कटाई या वन संपदा को नुकसान पहुंचाने की गतिविधियों से दूर रहें। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# भपसा नाला में मगरमच्छ का हमला, ग्रामीणों की बहादुरी से बची महिला की जान

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के मदनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत भपसा नाला में शनिवार सुबह मगरमच्छ के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर साथ मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए कुदाल और डंडों से मगरमच्छ पर हमला कर दिया। लगातार शोर और हमले के बाद मगरमच्छ महिला का पैर छोड़कर गहरे पानी में भाग गया, जिससे उसकी जान बच सकी। जानकारी के अनुसार, सिरसिया क्षेत्र के गुलरिया सरेह के छह-सात ग्रामीण धान की फसल की सोहनी करने खेत जा रहे थे। रास्ते में पड़ने वाले भपसा नाला को पार करने के दौरान पानी में छिपे मगरमच्छ ने अचानक बासमती देवी पर हमला कर दिया और उनके पैर को अपने मजबूत जबड़ों में दबोच लिया। मगरमच्छ महिला को पानी की ओर खींचने लगा, लेकिन बासमती देवी ने साहस का परिचय देते हुए नाले किनारे की झाड़ियों को मजबूती से पकड़ लिया। महिला के पति जितेंद्र मांझी, रविंद्र यादव, कमरुद्दीन मियां समेत अन्य ग्रामीणों ने तत्काल शोर मचाते हुए कुदाल और डंडों से मगरमच्छ पर हमला शुरू कर दिया। ग्रामीणों के लगातार प्रयास के बाद मगरमच्छ महिला को छोड़कर पानी में भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण नाले में पानी कम था, जिससे महिला को बचाने में सफलता मिली। हमले में महिला के पैर और जांघ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

# शिकारियों के बिछाए करंट वाले तार की चपेट में आया वनकर्मी, हालत गंभीर, बेतिया जीएमसीएच रेफर

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के गनौली रेंज में वन्यजीवों के शिकार के लिए शिकारियों द्वारा बिछाए गए करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आने से गश्ती के दौरान एक वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वनकर्मी का इलाज बेतिया जीएमसीएच में चल रहा है। घटना के बाद वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है। गनौली रेंज के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वीटीआर के कक्ष संख्या-32 में वनकर्मियों की टीम नियमित गश्ती पर थी। इसी दौरान वन्यजीवों के शिकार के उद्देश्य से शिकारियों द्वारा बिछाए गए करंट वाले तार की चपेट में आने से नारायणपुर निवासी वनकर्मी रामा यादव गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद वन विभाग के कर्मियों ने घायल वनकर्मी को वाल्मीकिनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बगहा अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया, जहां उनका उपचार जारी है। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि हादसे के दौरान मची अफरा-तफरी का फायदा उठाकर घटना में शामिल संदिग्ध शिकारी अंधेरे का लाभ लेते हुए मौके से फरार हो गए। फरार अपराधी राजकुमार महतो भेरियारी लक्ष्मीपुर, मनोज महतो, बसहवा टोला भेरियारी और बभेरियारी बसहवा टोल के हरि प्रसाद महतो के रूप मे उनकी पहचान हुई है और गिरफ्तारी के लिए वन विभाग कार्रवाई कर रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकारी अक्सर जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल में बिजली के करंट वाले तार बिछा देते हैं। ऐसे अवैध जाल में फंसकर हर वर्ष कई वन्यजीवों की मौत हो जाती है।

# दोन में इंसानियत को झकझोर देने वाली तस्वीर बारिश में तिरपाल ओढ़कर हो रहा अंतिम संस्कार

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। पश्चिम चंपारण के दोन क्षेत्र से इंसानियत को झकझोर देने वाली एक तस्वीर सामने आई है। हरहा नदी के तट पर शवदाह गृह नहीं होने के कारण लोगों को बारिश के बीच तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बरसात के दौरान जलती चिताओं के ऊपर तिरपाल तानकर अंतिम संस्कार किए जाने का दृश्य क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था को उजागर कर रहा है। बताया जाता है कि जमुनापुर टड़वलिया पंचायत के लोगों के लिए हरहा नदी तट ही वर्षों से अंतिम संस्कार का मुख्य स्थल है। लेकिन यहां आज तक न तो शवदाह गृह का निर्माण कराया गया और न ही बारिश से बचाव के लिए कोई स्थायी शेड बनाया गया। ऐसे में बारिश होने पर परिजनों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शवदाह गृह के निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्य के दौरान भी लोगों को प्राकृतिक विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ रहा है, जो बेहद दुखद है। बतादें, ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से हरहा नदी तट पर शीघ्र आधुनिक शवदाह गृह, पक्का शेड, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बारिश और अन्य मौसम की कठिनाइयों के बीच लोगों को सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार की सुविधा मिल सके।

# मोहना मटियरिया गांव से अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू, वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा वन क्षेत्र के अंतर्गत मोहना मटियरिया गांव में शनिवार को एक अजगर सांप निकलने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद बगहा रेंज के रेंजर श्रीमान मलाकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फॉरेस्टर विक्की कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया। वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर रामअवतार राम के घर से अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया। काफी सावधानी के साथ अजगर को पकड़कर सुरक्षित कब्जे में लिया गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। रेंजर श्रीमान मलाकार ने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई, जिससे बिना किसी जनहानि के अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वन्यजीव दिखाई देने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें और स्वयं उसे पकड़ने का प्रयास न करें। रेस्क्यू अभियान में फॉरेस्टर विक्की कुमार, वनरक्षी सरोजा कुमारी, रविन्द्र कुमार तथा अन्य वनकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# भारत विकास परिषद् की मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं व महिलाओं ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा, किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत विकास परिषद, शाखाझ्ररक्सौल के तत्वावधान में संस्कृति सप्ताहझ्र2026 के अंतर्गत रविवार को श्री सत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर परिसर में भव्य मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। न्यू परिधान, गायत्री टाइल्स, छवि सैलून एवं सुहाना मेंहदी के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में रक्सौल नगर सहित आसपास के क्षेत्रों तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बीरगंज से आई छात्राओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अवर निबंधक आशीष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सुप्रिया ड्रोलिया, भारत विकास परिषद् शाखाझ्ररक्सौल के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, सचिव नरेश कुमार, महिला सहभागिता संयोजिका श्रीमती मेनका गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार, कैलाश चंद्र काबरा, सुश्री मोनिका आर्य एवं मीतू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। आगत अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में 70 छात्राओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। परिषद के सचिव नरेश कुमार ने स्वागत भाषण में परिषद की गतिविधियों एवं संस्कृति सप्ताह के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन का सशक्त माध्यम हैं। महिला सहभागिता संयोजिका श्रीमती मेनका गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार ने कहा कि भारत विकास परिषद अपने पंचसूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है। संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं में भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। सेवा संयोजक बिमल सर्राफ ने कहा कि ऐसे आयोजन से छिपी हुई प्रतिभा को आगे आने का मौका मिलता है एवं बच्चों में साथ ही महिलाओं में भी कुछ करने के उत्साह का संचार होता है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी हथेलियों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं कलात्मक मेंहदी डिजाइन उकेरकर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती मेनका गुप्ता, सुश्री मोनिका आर्य एवं श्रीमती बबली गुप्ता शामिल थीं। उनके निर्णय के आधार पर प्रथम स्थान मुस्कान गुप्ता, द्वितीय स्थान खुशी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर आराध्या गुप्ता का चयन किया गया। इन तीनों प्रतिभागियों को परिषद की ओर से मेडल, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं बालसन हर्बल का गिफ्ट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, जबकि प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में छवि सैलून की संचालिका सुश्री मोनिका आर्य एवं कैलाश चन्द काबरा को प्रतियोगिता के सफल आयोजन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि अवर निबंधक आशीष अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि सुप्रिया ड्रोलिया ने भारत विकास परिषद द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश कुमार, बिमल कुमार सर्राफ, अजय कुमार, नीतेश कुमार सिंह, अरविंद जायसवाल, उमेश सिकारिया, सीताराम गोयल, सुरेश धानोठिया, विनोद रौनियार, विनोद कुमार, , दिनेश प्रसाद, संतोष कुमार, अशोक कुमार (मुन्ना), प्रतीक कुमार, सुनील कुमार, बबली गुप्ता, सीमा गुप्ता, किरण गुप्ता, ममता गुप्ता एवं सोनी गुप्ता सहित परिषद के अनेक सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा। इसकी जानकारी परिषद के संपर्क संयोजक उमेश सिकारिया एवं सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने संयुक्त रूप से दी है।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के मूल्यांकन के लिए बनी जिला चयन समिति में मोहन प्रसाद श्रीवास्तव हुए शामिल



बगहा। राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलाशपुर ठाढ़ी हवाई अड्डा (बाल्मीकिनगर) से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद श्रीवास्तव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 की जिला चयन समिति (डीएससी) का सदस्य जिलापदाधिकारी द्वारा नामित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी पश्चिम चंपारण द्वारा जारी पत्र के अनुसार 25 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली जिला चयन समिति की बैठक में भाग लेंगे। मोहन प्रसाद श्रीवास्तव को वर्ष 2013-14 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें वर्ष 2016 में राज्य स्तरीय चयन समिति का सदस्य भी नामित किया गया था। उनके लंबे शैक्षणिक अनुभव और उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए उन्हें जिला स्तरीय चयन समिति में शामिल किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए जिले से प्राप्त 11 ऑनलाइन आवेदनों का मूल्यांकन जिला समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के अनुशंसा के आधार पर योग्य शिक्षकों के आवेदन राज्य स्तर पर अग्रसारित किए जाएंगे। मोहन प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि चयन समिति में शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है उन्होंने कहा की वह पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ योग्य शिक्षकों के आवेदनों का मूल्यांकन करेंगे। उनके जिला चयन समिति में शामिल होने पर शिक्षा जगत शिक्षकों तथा जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# अजगैविनाथ धाम में श्रावणी मेला को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम कुमार मीणा व डीएम अलंकृता पाण्डेय ने आला अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर रविवार को प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम कुमार मीणा,डीएम अलंकृता पाण्डेय , आईजी विवेक कुमार, ने जिला व प्रखंड के सभी आला अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर जायजा लिये/इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त,डीएम,आईजी,एसपी डीएसपी सहित सभी आला अधिकारियों के साथ नमामि गंगा घाट पहुंचकर उदघाटन स्थल, अजगैविनाथ मंदिर, हेलीपैड स्थल,का निरक्षण कर जायजा लेते हुए सभी अधिकारियों को समय पूर्ण सारी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिये /गौरतलब है कि 28 जुलाई को श्रावणी मेला का उदघाटन होना है, इसके लिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा होना है इस उदघाटन



समारोह में बिहार सरकार के कई दिग्गज मंत्री, सांसद, विधायक, जिला व प्रखंड के सभी आला अधिकारी मौजूद रहेंगे/ इसी को देखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम कुमार मीणा, डीएम अलंकृता पाण्डेय, आईजी विवेक कुमार ने सभी आला अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सारी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिये और कहा कि कोई भी परेशानी कांवड़ियों को न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं कांवड़ियों को देने का प्रयास करें, इसके लिए विभाग के सभी आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए/इस दौरान डीएम अलंकृता पाण्डेय ने मिडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 28 जुलाई को श्रावणी मेला का उदघाटन होना है, उदघाटन में कौन कौन आयेंगे इसके लिए आपको लोगों को सही समय बता दिया जाएगा/और कहा कि कांवड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है, इसबार कांवड़ियों को सारी सुविधाएं दिये जाएंगे,और कहा कि तपतपी धुप में भी पानी का छिड़काव सड़क और कांवड़िया पथ पर किया जाएगा/इस मौके पर,एसडीएम,सीटी एसपी , डीएसपी नवनीत कुमार, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार विडिओ संजीव कुमार,सीओ रमण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित सभी विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री बिहार के संभावित परिभ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर।मुख्यमंत्री बिहार के मुंगेर जिला अंतर्गत तारापुर अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों के संभावित परिभ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर के नेतृत्व में कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं युद्ध स्तर पर सुनिश्चित की जा रही हैं। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी वरीय पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सौंपे गए दायित्वों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में शनिवार को प्रमण्डलीय आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल प्रेम सिंह मीणा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मंच, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग, बैरिकेडिंग सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था समय पर पूर्ण करते हुए गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके। आयुक्त द्वारा कच्ची कांवरिया पथ पर कांवरियों के लिए की गई तैयारियों का भी जायजा लिया। आयुक्त ने कहा कि तैयारी संतोषजनक है तथा इसे नियमित रूप से बनाए रखा जाए। साथ ही मेला प्रारम्भ होने के बाद कांवरिया पथ का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा सभी व्यवस्थाओं को कांवरियों के हित के लिए बनाए रखें जाने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकताओं ने नगर के 32 बूथों पर सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हवेली खड़गपुर की ओर से रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 136वें मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण नगर के सभी 32 बूथों पर कार्यकताओं एवं आम लोगों ने सुना। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, युवा इनोवेशन, देश की उपलब्धियों और नए कीर्तिमानों सहित कई जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने, म्यूजियम एवं भारत की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण तथा ग्राम पंचायतों में तालाब के पानी की एक-एक बूंद को बचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर तारापुर विधानसभा संयोजक शंभू केसरी, जिला मंत्री रजनीश झा, नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, महामंत्री माधव ठाकुर एवं अजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, संजय मंडल, अशोक केसरी, गौतम कुमार, शशि भूषण राम, शैलेंद्र सिंह, चंदन पासवान, पन्ना केसरी, प्रदीप चौरसिया, सुभाष चंद्र शाह, संजीत चंद्र शाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रोड बना पोखर, जलजमाव से लोगों का जीना हुआ मुश्किल

मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-14 बजरंगबली नगर में बरसात के बाद सड़क जलजमाव के कारण तालाब में तब्दील हो गई है। पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। घरों के सामने जमा है गंदा पानी लगातार बारिश के बाद रोड पर जमा पानी की निकासी नहीं हो पाई, जिससे पूरे मोहल्ले में जलजमाव की स्थिति बन गई है। लोगों के दरवाजे तक पानी पहुंच गया है। गंदे पानी के कारण बीमारी फैलने का डर सताने लगा है और लोगों का खाना-पीना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि चलना तो दूर, घरों से बाहर निकलना भी संभव नहीं रहा। सही ढंग से नहीं बना हैं रोड ग्रामीण शुभम कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार और संजीत कुमार ने बताया कि रोड का निर्माण सही ढंग से नहीं होने के कारण हर बारिश में यहां जलजमाव हो जाता है। इसी वजह से हम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है और कई तरह की बीमारियों का डर लगा रहता है। जिला प्रशासन से मदद की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र से जलजमाव की समस्या का समाधान कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# डीएवी पब्लिक स्कूल महेशखूंट में अलंकरण सह प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, छात्र प्रतिनिधियों ने ली नेतृत्व की शपथ

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/खगड़िया (बिहार)। डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशखूंट में रविवार को अलंकरण समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बैज एवं सैश प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु नारायण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधियों के बैज और सैश केवल अधिकार के प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन, सेवा, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी का संदेश देते हैं।उन्होंने डीएवी संस्थानों के मूल मंत्र कृण्वन्तो विश्वमार्यम का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से श्रेष्ठ आचरण और सकारात्मक नेतृत्व का परिचय देने का आह्वान किया। साथ ही ऋग्वेद के प्रेरणादायक मंत्र संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् का उल्लेख करते हुए एकता, सहयोग, सम्मान और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बैज पद प्रदान करता है, लेकिन चरित्र ही वास्तविक सम्मान दिलाता है।इस दौरान विद्यालय के स्कूल हेड बॉय, स्कूल हेड गर्ल, स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन, जूनियर कैप्टन, कैंपस कैप्टन तथा विभिन्न क्लबों एवं गतिविधियों के कैप्टनों सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं दायित्व सौंपे गए। सभी पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह के दूसरे चरण में शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य हिमांशु नारायण ने विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए ज्ञान, चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। उन्होंने सभी नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों एवं सम्मानित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने अनुशासन, नेतृत्व और उपलब्धियों से विद्यालय का गौरव बढ़ाएं। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी वंदना कुमारी, विजय कुमार उपाध्याय, विनीत कुमार ठाकुर एवं मीतू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का समापन प्रेरणादायक वैदिक संदेश चरैवेति, चरैवेति अर्थात निरंतर आगे बढ़ते रहो के साथ हुआ। वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अभिभावकों एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके समर्पण, अनुशासन एवं टीम भावना के कारण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विनीत सिन्हा, प्रवीणा भारती, अशोक पंत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रांची में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुए सदानंद सिंह यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मां शारदे मंच साहित्यिक एवं सामाजिक निबंधित संस्था रांची के बैनर तले शनिवार को कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित वीर सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम में कवि, साहित्यकार एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव को पट्टिका एवं स्मृति चिन्ह देकर समाज गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची के चुटिया स्थित ब्लू शिवालिक होटल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा नीतू सिन्हा तरंग, कर्नल संजय सिंह तथा भारत- तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिव्यांशु महाराज सहित कई गणमान्य



अतिथियों ने यादव को यह सम्मान दिया। विदित हो कि सदानंद सिंह यादव हवेली खड़गपुर ,मुंगेर (बिहार) पश्चिम आजीमगंज के निवासी है जो वर्तमान में भारत सरकार के केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रांची में कार्यरत हैं। इस संदर्भ में श्री यादव ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मैंने शहीदों को नमन करते हुए चार पंक्तियों का मुक्तक- तिरंगा वीरों ने सर से, जो कफन जान बांधा है। अमरता को शहीदों की, दिया हमने भी कांधा है। शहादत को उन वीरों की, कभी भुला नहीं सकते कि संगीनों पर सर रखकर, निशाना जिन ने साधा है। तथा कारगिल सीमा पे देय दीलक जान हो, धन्य धन्य भारत माता देश के जवान हो की प्रस्तुति दी। जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया और श्रोताओं के बीच इस गीत ने समा बांध दिया। श्री यादव कि अगर बात करें तो ये बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी है इनकी खूबी यह है कि ये विलुप्त प्राय गीतों को तो गाते ही है साथ ही स्वरचित गीतों को भी स्वरबद्ध कर कई गीत गाए हैं। इन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनके आवाज में मिट्टी की खुशबू और गांव की सादगी झलकती है। ये लोक- संगीत परंपरा से जुड़े कलाकार है। समाज गौरव सम्मान मिलने पर दर्जनों साहित्यकारों एवं समाज सेवियों ने उन्हे बधाई देते हुए कहा कि आपने अपनी रचनाओं से शहीदों को अमर किया। लोक- संस्कृति को नई ऊंचाई दी। बहुत-बहुत बधाई आपको।

### श्रावणी मेला में इसबार जीवीका दीदी भोजनालय की हुई शुरूआत

भागलपुर सुल्तानगंज। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में इस बार जिला पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर नमामि गंगा घाट, कांवड़िया पथ पर कमराय चौक और धांधी बेलारी कांवड़िया धर्मशाला के पास जीवीका दीदी की रसोई भोजनालय स्टोल गया है/आपको बताते चलें कि इसबार कांवड़ियों को सरकारी दर पर 70 रुपये में प्रति प्लेट,चावल,दाल, सब्जी, पापड़ खाना खिलाया जाएगा,साथ ही स्तुति,सरबत,दुध ,चाय, लेमन टी चाय, नींबू चीनी पानी,दही,चुडा,पुरी सब्जी,छाछ,बिस्कुट,चिप्स, मिनरल वाटर, नमकीन भूजिया की व्यवस्था की गई है/ जिसकी तैयारी आज पदाधिकारी के द्वारा अंतिम रूप देते हुए 28 जुलाई से कांवड़िया की सेवा में जीवीका दीदी कार्य करेगी/इस मौके पर जीवीका पदाधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद थे।

# पंचायत विकास दिवस का आयोजन मुखिया ने दी योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित पंचायत के मुखिया ने की। नौवागढ़ी दक्षिणी समेत सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर नौवागढ़ी दक्षिणी में मुखिया प्रमिला देवी, जफर नगर मुखिया अरुण यादव की अध्यक्षता में, श्रीमतपुर मुखिया राबिया इमाम की अध्यक्षता में, शंकरपुर में मुखिया मोना भारती, महुली पंचायत में मुखिया संगीता कुमारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। प्रखंड की सभी पंचायतों में मुखियाओं की अध्यक्षता में कार्यक्रम



आयोजित किया गया और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नौवागढ़ी दक्षिण पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने विकास मित्र सीमा भारती, जीविका दीदी रूबी रानी शर्मा, सुषमा कुमारी, कंचन देवी को अंग वस्त्र देकर कार्यक्रम में सम्मानित किया। और कहे कि सभी लोगों के सहयोग से पंचायत में हर संभव विकास कर सकेंगे हम।इस कार्यक्रम में स्थानीयकृत सतत विकास के 9 लक्ष्यों - गरीबी मुक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ-हरित पंचायत, आत्मनिर्भर कुनियादी-डाक, सामाजिक न्याय, सुशासन युक्त पंचायत व महिला हितैषी पंचायत पर चर्चा हुई। इस मौके पूर्व उप प्रमुख नवल किशोर सिंह, पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल, पूर्व मुखिया दीपक कुमार मुन्ना, कनीय अभियंता नंदनी कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार, वार्ड सदस्य, कार्यपालक सहायक शुभम कुमार, अरुण कुमार, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जीविका दीदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बूथ संख्या 366 पर घर-घर जाकर वोटर पर्ची का वितरण, मतदाताओं से किया गया संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बांकीपुर उपचुनाव को लेकर जनसुराज पार्टी का प्रचार-प्रसार अब तेज हो गया है। रविवार को बूथ संख्या 366 पर बूथ अध्यक्ष के साथ घर-घर जाकर वोटर पर्ची वितरण अभियान चलाया गया है। जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद साहब मलिक ने एक दिवसीय मुंगेर प्रवास के क्रम में संवाददाताओं के साथ बातचीत में उक्त बातें कहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान मतदाताओं से आत्मीय संवाद स्थापित कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनसंपर्क के जरिए लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया ।जन सुराज पार्टी के मुंगेर जिला अध्यक्ष मोहम्मद साहब मलिक ने पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की जीत के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। वे स्वयं घर-घर जाकर लोगों से पार्टी के पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं ताकि बांकीपुर विधानसभा के इस उपचुनाव में अधिक मतदान हो जिससे कि पार्टी को जीत मिल सके।

# वैश्य समाज जम्होर की महत्वपूर्ण बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के वैश्य रत्न ललन बाबू के कमर्शियल कंपलेक्स के प्रांगण में वैश्य समाज जम्होर की महत्वपूर्ण बैठक संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एवं नवनीत कुमार के संयोजकत्व में आयोजित किया गया ।संचालन वैश्य समागम औरंगाबाद के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य समागम के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता एवं समाजसेवी ऋषि शेखर की गरिमामयी उपस्थिति रही ।सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए विभिन्न प्रस्ताव पारित किया ।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जितेंद्र गुप्ता ने संबोधन के क्रम में कहा कि वैश्य समाज कोई साधारण संस्था नहीं है यह विश्वास का प्रतीक है हम जिस समाज से ताल्लुकात रखते हैं, वह समाज विश्वसनीयता का परिचायक होता है और इसकी विश्वसनीयता हमेशा अक्षुण्ण रखें इसके लिए हमें ईमानदार प्रयास जरुर करना चाहिए। साथ ही साथ जम्होर बाजार में विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिसमें उन्होंने कहा कि समस्याओं का निदान जल्द ही किया जाएगा। मासिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया ।अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर राजू वर्मा,पन्नालाल गुप्ता,पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल,भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अनूप कुमार गुप्ता, सुभाष गुप्ता,रामध्यान प्रसाद, अशोक प्रसाद शौंडिक,सुनील कुमार गुप्ता, रंजीत प्रसाद, गुप्ता उमा स्वर्णकार,पारस प्रसाद,जय कुमार,जितेश्वर शौंडिक,पवन विश्वकर्मा,मुन्ना प्रसाद, बबलू कुमार गुप्तासहित अन्य उपस्थित थे।

# नीट पेपर लीक की वजह से जान गंवाने वाले छात्रों की स्मृति में आरा में निकाला गया कैंडल मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नीट पेपर लीक प्रकरण से उपजे गहरे आक्रोश एवं न्याय की मांग को लेकर आज आरा में कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर आरा रेलवे स्टेशन परिसर तक गया, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत छात्रों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित छात्र-युवाओं ने मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग की ।इस अवसर पर आइसा भोजपुर जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर हमला है। लगातार हो रहे पेपर लीक ने लाखों छात्रों के



भविष्य को असुरक्षित बना दिया है। मानसिक तनाव और निराशा के कारण कई छात्रों ने अपनी जान गंवाई है, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी सरकार की है। शिक्षा व्यवस्था को बचाने और दोषियों को कठोर सजा दिलाने के लिए छात्र-युवा आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। भीम आर्मी भोजपुर जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि देश के छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा सभी का अधिकार है और सरकार की जिम्मेदारी है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। पेपर लीक के कारण जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनके प्रति हमारी गहरी संवेदना है ।सरकार दोषियों पर अविलंब कठोर कार्रवाई करे तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित छात्र-युवाओं ने संकल्प लिया कि शिक्षा और छात्रों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। केंडल मार्च में शामिल थे। पिंटु पासवन, नंदलाल पासवान,पप्पू कुमार, विक्की कुमार,गोविंद कुमार,गोल्डन,सुधीर राम,राहुल कुमार,प्रदीप कुमार, विवेक ,अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों छात्र शामिल थे।

# रोहतास जिले के बिक्रमगंज में आभूषण दुकान से 10 लाख के आभूषण की लूट

सासाराम। रोहतास जिले में रविवार को बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के आरा रोड की बताई जाती है, जहां हीरा आभूषण भंडार नामक एक दुकान से चार हथियारबंद अपराधियों ने पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए लगभग 10 लाख रुपए के आभूषण लूट लिये और हथियार लहराते हुए आराम से फरार हो गए। दरअसल दिनदहाड़े लूट की इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है और व्यवसायियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुल चार नकाबपोश अपराधी दुकान में प्रवेश करते हैं और हथियार का भय दिखाकर दुकान के काउंटर व तिजोरी में रखें लगभग 10 लाख रुपए के आभूषण लूटकर फरार हो जाते हैं। हालांकि इस क्रम में आभूषण व्यवसाई ने विरोध करना चाहा, लेकिन जान से मारने की धमकी मिलते हीं सभी सहम गये। मिली जानकारी के अनुसार चारों अपराधियों ने हेलमेट और चेहरे पर मास्क लगा रखा था। इनके हाथों में बंदूक भी थी। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक चारों अपराधी लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। वहीं अपराधियों के भागते हीं घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मामले में हीरा आभूषण भंडार के प्रोपराइटर परमीत कुमार ने बताया कि फिलहाल लूटी गई ज्वेलरी का आकलन व गिनती किया जा रहा है और अनुमान है कि लगभग 10 लाख के आभूषण की लूट हुई है। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी 20 से 25 वर्ष की उम्र के थे, जिनके हाथों में हथियार था। वहीं दिनदहाड़े लूट की सूचना मिलते हीं तत्काल बिक्रमगंज थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की है। अपराधियों की पहचान के लिए दुकान और सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता का कैमूर में भव्य स्वागत, पर्यटन विकास पर जताया भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ। बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के करीबी नेता संजय मेहता का कैमूर जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। मोहनिया स्थित मुंडेश्वरी गेट-भभुआ रोड पर सैकड़ों लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं, अंगवस्त्र तथा भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया। मां मुंडेश्वरी धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल के लिए आभार व्यक्त करने तथा अपनी भावनाओं से उन्हें अवगत कराने के उद्देश्य से संजय मेहता को दो दिवसीय दौरे पर आमंत्रित किया गया। विभिन्न स्थानों का किया भ्रमण इसके बाद भभुआ जिला अतिथि गृह में आयोजित ह्यसेवा, समर्पण एवं संवादह्न कार्यक्रम में संजय मेहता ने आम लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास और पर्यटन को नई दिशा मिल रही है ।कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने तेलहार कुंड, करकटगढ़ तथा अधौरा स्थित बनवासी सेवा केंद्र का भ्रमण किया। तेलहार कुंड और करकटगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य कश्मीर की वादियों की याद दिलाता है तथा कैमूर की पहाड़ियां बिहार के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकती हैं। उन्होंने



कहा कि राज्य सरकार ग्लास ब्रिज सहित कई पर्यटन परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। अपने संबोधन में संजय मेहता ने शहीद जगदेव प्रसाद के प्रसिद्ध नारे—ह्वपहली पीढ़ी गोली खाएगी, दूसरी पीढ़ी संघर्ष करेगी और तीसरी पीढ़ी राज करेगीह्व—का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से गांवों के विकास और समृद्धि में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मां मुंडेश्वरी धाम के विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार तथा पटना से मुंडेश्वरी धाम तक 1100 में हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की पहल के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय नेताओं ने कहा कि संजय मेहता के इस दौरे से क्षेत्र में भाजपा संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है ।कार्यक्रम में सासाराम के युवा नेता ओम मेहता, अरुण सिंह कुशवाहा, सुशील सिंह कुशवाहा, राजू सिंह कुशवाहा, पूर्व मुखिया बेचन कुशवाहा, पूर्व सरपंच नागेंद्र कुशवाहा, अक्षय कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, हरेंद्र सिंह कुशवाहा, रविंद्र सिंह कुशवाहा, विजय सिंह कुशवाहा, संजय सिंह कुशवाहा, मदन सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार (राजू), देवनाथ सिंह कुशवाहा, भगत सिंह कुशवाहा, अमित कुमार मौर्य, रामप्रवेश सिंह कुशवाहा, प्रदीप कुमार मौर्य, अभय सिंह कुशवाहा, नंदलाल कुशवाहा, बिगाउ कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मौर्यवंशी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# देव में गुरु पूर्णिमा में होगा ब्यास पूजन

औरंगाबाद। जिले के प्रसिद्ध सूर्य नगरी देव में अवस्थीत राम लक्ष्मण जानकी गायत्री मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा व्यास पूजन समारोह हेतू ट्रस्ट के सदस्यों नें बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से 6.30 बजे से 7.30 बजे तक सामुहिक मानसिक जाप ध्यान सुबह एवं 8 बजे से व्यास पूजन, गायत्री हवन, यज्ञ संस्कार करने कार्यक्रम का प्रस्ताव पारित किया गया ।11.30 बजे से यज्ञ संस्कार के बाद महाप्रसाद का आयोजन रखने का निर्णय लिया गया है। संध्या 5 बजे से दीप यज्ञ और गुरु पूर्णिमा के महिमा पर संगोष्ठी होगा। 29 जुलाई 2026 दिन बुधवार को गुरू पूर्णिमा समारोह मनाया जाएगा। देव धाम के सूर्यकुण्ड पर अवस्थीत गायत्री मंदिर में राम लक्षुमण जानकी गायत्री मंदिर में नव बजे से दस बजे तक सामुहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन यज्ञ कार्यक्रम निरंतर जारी रहा। इस में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा गायत्री महिला मंडल अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ट्रस्टी रामसेवक जयसवाल, अमरेन्द्र चौरसिया, बलिंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष अपिश्वर सिंह, गायत्री परिवार बसंत प्रसाद गुप्ता, राखी कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, गीता देवी, मंजु पाठक महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। सूर्य धाम देव में गुरू शिष्य के महान पर्व को सफल बनाने में वरिष्ठ कार्यकर्ता विक्की कुमार शांति देवी, राजो कुंवर,पुष्पा देवी,सुनीता देवी रुबी देवी,गीता देवी, गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी जी को विशेष जिम्मेदारी दी गयी।

# छात्र बनकर आए और मचाया बवाल! कोलकाता हिंसा मामले में 11 गिरफ्तार, 70 की पहचान

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पुलिस ने शनिवार को 11 लोगों को गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारियां एक दिन पहले छात्रों और युवाओं के जुलूस के दौरान हुई अशांति के सिलसिले में की गईं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कोई भी छात्र नहीं था और दो आरोपी दूसरे राज्य भागने की योजना बना रहे थे। उन्हें पश्चिम बर्धवान जिले के अंडाल से गिरफ्तार किया गया।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता पुलिस ने 24 जुलाई को कोलकाता में छात्रों की रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल सीपी (क्राइम) कुणाल अग्रवाल ने कहा, 'कल हुई हिंसा और पत्रकारों पर हमलों के सिलसिले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कोई भी छात्र नहीं है। ये सभी उपद्रवी हैं जो कल सीजेपी की रैली में मौजूद थे और तोड़-फोड़ में शामिल थे।'

गिरफ्तार किए गए 11 लोगों के नाम हैं- इरफान खुर्शीद (30), अरशद अली उर्फ साजिद (50), मो. मोइनुद्दीन (26), मो. आलमगीर उर्फ राजू (48), इमरान अहमद उर्फ गोपी (19), खालिद रजा उर्फ रिंकू (47), जमीर अहमद उर्फ मिंकू (42), मोहसिन खान (30), दीपक भौमिक उर्फ विक्की (38), मो. आजाद और मो. अफरोज।

एडिशनल सीपी (क्राइम) कुणाल अग्रवाल ने बताया कि मो. आजाद और मो. अफरोज पश्चिम बंगाल से भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें अंडाल के पास दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर पकड़ लिया गया।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी द्वारा अशांति फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद अफरोज नाम का एक आरोपी भी शामिल है। वह कोलकाता के मेतियाब्रुज के राजाबागन इलाके का निवासी है।

पुलिस ने वीडियो फुटेज देखने के बाद उसकी पहचान कर ली। पुलिस शुक्रवार से ही उसकी तलाश कर रही थी। आखिरकार, पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक पश्चिम बर्धमान के अंडाल में है। इसके बाद, जांचकर्ताओं ने अंडाल के घर पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता के गार्डन रीच इलाके के निवासी मोहम्मद आजाद को भी अंडाल से गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार की रात को मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, जिसके बाद उन्होंने शनिवार की सुबह राज्य विधानसभा में एक बयान दिया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार की अशांति के संबंध में जिन पांच गुंडों का नाम लिया है, उनमें राजबागान के मोहम्मद अफरोज का नाम भी शामिल है, जिन्हें उन्होंने 'कुख्यात बदमाश' बताया है।

गिरफ्तार किए गए शेष लोगों में अरशद अली (50) भी शामिल है, जो कोलकाता के एमहर्स्ट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन क्षेत्र का निवासी है। जोरासांको पुलिस थाना क्षेत्र से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान इरफान खुर्शीद, मोहम्मद आलमगीर, इमरान अहमद और खालिद रजा के रूप में हुई है। इसके अलावा, तिलजाला से मोहम्मद मोइनुद्दीन, बेनियापुकुर से जमीर अहमद और कराया से मोहसिन खान और दीपक भौमिक को भी गिरफ्तार किया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के इस बयान पर विवाद, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने माफी मांगने को कहा

**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर यह आरोप लगा है कि उन्होंने आतंकवाद का हवाला देते हुए कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए बल प्रयोग या हिंसा को एक तरह से सही ठहराया है. इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है.

दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान महबूबा मुफ्ती ने कथित तौर पर कहा था कि कश्मीर में आतंकवाद और सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष की स्थिति होने के कारण वहां प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग कुछ हद तक समझ में आता है. अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती के साथ नई दिल्ली में जंतर-मंतर गईं मुफ्ती ने कॉकरोच जनता पार्टी (ष्ट्छ्क्क) को समर्थन देने के दौरान यह बात कही.

हालांकि, उसी वीडियो क्लिप में मुफ्ती बिना हथियार वाले स्टूडेंट्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की बुराई करती दिख रही हैं. मुफ्ती ने कहा, 'सिर्फ दिल्ली पुलिस ही नहीं, बल्कि दंगाई भी स्टूडेंट्स को पीटने में उनकी मदद कर रहे थे. हमने कश्मीर में कई सालों से यह देखा है, लेकिन वहां आतंकवाद है, जहां एक तरफ सुरक्षा बल हैं और दूसरी तरफ आतंकवादी हैं. इसलिए, यह कुछ हद तक समझ में आता है. लेकिन ये छात्र बिना हथियार



के, अहिंसक थे और उनके पास कोई पत्थर नहीं था. फिर भी, दिल्ली पुलिस और दंगाई उन्हें बेरहमी से पीट रहे थे. मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा.'

नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक ने मुफ्ती की टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की और पीडीपी से माफी की मांग की. उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि, क्या जम्मू-कश्मीर का हर नागरिक आतंकवादी है. क्या रिजर्वेशन के मुद्दे या दूसरे मुद्दों पर प्रदर्शन करने वाले आतंकी हैं. उन्होंने महबूबा की टिप्पणी को 'शर्मनाक' बताया.

तनवीर ने कहा कि कश्मीरी भी देश के नागरिक हैं, लेकिन मुफ्ती ने कश्मीर में हर प्रदर्शनकारियों को 'मिलिटेंट' कहा है. उन्होंने कहा, 'कश्मीरी छात्र या प्रदर्शनकारी का दर्द, इज्जत और हक किसी भी दूसरे भारतीय से कम नहीं हैं. दुख की बात है कि पीडीपी अक्सर कश्मीरियों के साथ खुलकर खड़ी होने के बजाय उनके दुख को सही ठहराती रही है. यह नेतृत्व नहीं, बल्कि पद छोड़ना है.'

यह तब हुआ जब मुफ्ती और दूसरी जम्मू कश्मीर पार्टियों ने जम्मू कश्मीर को अलग राज्य बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन में शामिल होने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निमंत्रण को ठुकरा दिया था. 20 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन इस प्रदर्शन को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लीड किया.

एनसी नेता ने दूसरे राजनीतिक पार्टियों पर निशाना साधते हुए उन पर चुप रहने का आरोप लगाया, जबकि, नेशनल कॉन्फ्रेंस लोगों के हक के लिए लड़ रही थी. तनवीर ने कहा, 'यह दुख की बात है कि यहां बैठे कई राजनीतिक नेता अपने घरों से ट्वीट कर रहे थे.

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों की संपत्ति होगी जब्त: सीएम योगी आदित्यनाथ

**फतेहपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पेपर लीक वाला नकल माफिया इन्हीं दलों की विरासत है, जिसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के लिए केवल दो ही जगह हैं- जेल या जहन्नुम।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नकल माफिया के खिलाफ ऐसा सख्त कानून ला रही है, जिसके तहत दोषियों को कम से कम 10 वर्ष की सजा और ?10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को फतेहपुर सदर और अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्रों के लिए ?489 करोड़ से अधिक लागत की 125 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही 'जय श्रीराम', 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, विभिन्न स्टॉल्स पर लोगों से बातचीत की तथा बच्चों को गोद में लेकर दुलार किया, उन्हें तिलक लगाया और खिलौने भेंट किए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने युवाओं का शोषण किया, छात्रों के



सामने अंधकारमय जीवन खड़ा किया, पूरी की पूरी पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, वही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज घड़ियाली आंसू बहाने का काम कर रही हैं। हम प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं, जिन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए पिछले तीन दिनों में बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं। ये नकल माफिया मिट्टी में मिलेंगे, कोई रोक नहीं सकता इन माफिया को मिट्टी में मिलने से। ये नकल माफिया कांग्रेस व सपा की विरासत हैं। इन्होंने ही माफिया को पाला-पोसा और संरक्षण दिया था।

**पेपर लीक पर पीएम मोदी जी ने उठाए कड़े कदम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट परीक्षा समय सीमा के भीतर कराई गई, ताकि छात्रों का पूरा वर्ष खराब न हो, और निर्धारित समय सीमा में उसका परिणाम भी घोषित कर दिया गया। कुछ माफिया ने प्रश्नपत्र लीक कराया था, उनकी गिरफ्तारी हुई और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के तमाम अधिकारियों को बर्खास्त किया गया। कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनकी संपत्तियां जब्त होंगी और उन्हें सजा मिलेगी। ये छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर पीएम मोदी जी द्वारा उठाए गए कड़े कदम हैं। मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी जी ने छात्रों व युवाओं के लिए पिछले 12 वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना और प्रधानमंत्री स्टैंडअप योजना के माध्यम से भारत के नौजवानों में आशा की नई किरण जगाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर नौजवानों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का अवसर दिया।

# कारगिल हीरो विक्रम बतरा समेत हिमाचल के 52 जवान हुए थे देश के लिए बलिदान

**शिमला, एजेंसी।** कारगिल विजय दिवस भारत की सैन्य जीत के साथ उन वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान का स्मरण है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर किए। 1999 के कारगिल युद्ध में हिमाचल प्रदेश के 52 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनका योगदान पूरे देश को गौरवान्वित करता है। ऑपरेशन विजय के दौरान कारगिल की दुर्गम और बर्फीली चोटियों पर दुश्मन को खदेड़ने में हिमाचल के सैनिकों ने असाधारण वीरता दिखाई।





सबसे अधिक 15 जवान कांगड़ा और 12 जवान मंडी जिले से बलिदान हुए। इसके अतिरिक्त हमीरपुर, बिलासपुर, शिमला, ऊना, सोलन, सिरमौर, चंबा और कुल्लू के वीरों ने भी शौर्य का परिचय दिया। विक्रम बतरा को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनका उद्घोष 'ये दिल मांगे मोर' आज भी भारतीय सेना के साहस का प्रतीक है। बिलासपुर के सूबेदार मेजर (तत्कालीन राइफलमैन) संजय कुमार को भी दुश्मन के बंकरों पर कब्जा करने में दिखाई गई वीरता के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**चीन से हुए युद्ध में भी दिखाया था जोश=** कारगिल युद्ध के रणनीतिकार रहे ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर का कहना है कि कारगिल ही नहीं, पाकिस्तान और चीन के साथ हुए युद्ध में भी हिमाचल के सैनिकों ने बहादुरी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की है। भारतीय सेना में हिमाचल के जवानों को उनके साहस और समर्पण के लिए विशेष सम्मान प्राप्त है। कैप्टन अमोल कालिया, स्व. हवलदार उद्धम सिंह, राइफलमैन श्याम सिंह, मेजर संजीव सिंह व राइफलमैन मेहर सिंह। स्व. नायक अश्विनी कुमार, स्व. कैप्टन दीपक गुलेरिया, स्व. हवलदार डोला राम, पूर्व नायक दलीप सिंह, मेजर जनरल कुलवीर सिंह, ब्रिगेडियर अनिल कायस्थ, पूर्व नायब सूबेदार श्रवण सिंह, नायक अजय पठानिया व पूर्व आनरेरी कैप्टन खूब राम।

## सक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में सेना का बढ़ा दबदबा: क्या शहबाज से छिनी सबसे बड़ी ताकत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अपने रक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए परमाणु हथियारों और रणनीतिक मिसाइल प्रणाली की ऑपरेशनल कमान सेना को सौंप दी है। नए कानून के तहत नेशनल स्ट्रैटेजिक कमांड (एनएससी) का गठन किया गया है, जिसकी कमान सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के पास होगी। 27वें संविधान संशोधन के बाद एनएससी का गठन किया गया है, जिसके तहत परमाणु हथियारों और अन्य महत्वपूर्ण रणनीतिक संसाधनों का संचालन अब सीधे केंद्रीय सैन्य कमान के अधीन होगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल आमिर रजा को फोर-स्टार जनरल के रूप में पदोन्नत कर इस नई कमान का पहला कमांडर नियुक्त किया है। नया ढांचा काफी हद तक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के मॉडल पर तैयार किया गया पहले पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम नेशनल कमांड अथॉरिटी (एनसीए) के अधीन था, जिसके अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री होते थे। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल या उनकी तैनाती का अंतिम फैसला प्रधानमंत्री करते थे। अब नए सैन्य पुनर्गठन के तहत गठित एनएससी ने वास्तविक कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री की भूमिका अब केवल सूचना प्राप्त करने तक सीमित रह गई है। निर्णय लेने की मुख्य शक्ति अब चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के पास है।

### चीन को पहले ही बताया जा चुका है सुरक्षा चुनौती

**बीजिंग, एजेंसी।** नाटो के 32 सदस्य देशों में कनाडा और बेल्जियम दोनों शामिल हैं। वर्ष 2021 में नाटो ने अपनी रणनीतिक समीक्षा में चीन को रूस और मध्य-पूर्व से जुड़े खतरों के साथ एक प्रमुख सुरक्षा चुनौती बताया था। जिस सैन्य मुख्यालय में यह मामला सामने आया, उसे सुप्रीम हेडक्वार्टर एलाइड पावर्स यूरोप कहा जाता है। वहीं, संगठन का राजनीतिक मुख्यालय ब्रुसेल्स में है, जहां सदस्य देशों के राजदूत रक्षा खर्च, ड्रोन घुसपैठ, साइबर सुरक्षा और अन्य रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। ऐसे संवेदनशील सैन्य केंद्र में कथित जासूसी का मामला सामने आने से नाटो की आंतरिक सुरक्षा, खुफिया निगरानी और सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को लेकर बहस तेज होने की संभावना है।

# कैस्पियन सागर में जहाज पर यूक्रेन के हमले से बौखलाया ईरान, जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका पर ईरान ने गंभीर आरोप लगाए हैं। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को (स्थानीय समय) कहा, अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में अनाधिकृत वैकल्पिक मार्ग स्थापित करके जून में हुए 'इस्लामाबाद समझौते' का जानबूझकर उल्लंघन कर रहा है। वाणिज्यिक जहाजों को तेहरान के निर्धारित गलियारों से दूर मोड़कर समझौते के अनुच्छेद 5 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया। ये वाशिंगटन की साधारण गलतफहमी से कहीं अधिक थी। ऐसा लगता है कि उन्होंने ईरान द्वारा निर्धारित जलमार्ग से इतर अन्य रास्ते को तैयार करने पर जोर दिया ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिकी सेना ने सक्रिय रूप से जहाजों को दूसरी दिशा में वैकल्पिक मार्ग पर जाने का निर्देश दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की योजनाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पश्चिम एशिया में कार्रवाई के लिए पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) के वायु रक्षा भंडारों में गंभीर कमी के कारण ये फैसला लिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा अधिकारियों की बढ़ती चेतावनियों के मद्देनजर व्यापक आक्रमण से बचने का विकल्प चुना है। न्यूयॉर्क



टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैट्रियट एंटीमिसाइल इंटरसेप्टर की आपूर्ति खतरनाक रूप से कम होने का खतरा है। ऐसा होने पर अमेरिकी सैनिकों, खाड़ी देशों में सहयोगियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर जवाबी हमले हो सकते हैं।

शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों और सैन्य कमांडरों के बीच निजी विचार-विमर्श में पैट्रियट इंटरसेप्टर और क्षेत्र में तैनात अन्य रक्षा प्रणालियों की घटती संख्या को लेकर चर्चा की गई। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा, जॉर्डन में ईरानी ड्रोन और मिसाइलों की बौछार के दौरान दुश्मन की एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी रक्षा पंक्ति को भेद डाला। यहां तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद चिंताएं और बढ़ गईं। अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने निजी तौर पर ट्रंप को हमले रोकने की सलाह दी है।

हालांकि डैन ने ये भी कहा है कि ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान चलाना संभव हैं, लेकिन इससे अमेरिकी सेंट्रल कमांड के सामने इंटरसेप्टर आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। इन बिंदुओं पर अमेरिकी प्रशासन के रुख के बारे में व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा से कहते रहे हैं कि वे राजनयिक समाधान को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में या सहयोगियों के खिलाफ हमले या आतंकी गतिविधियां जारी रखता है तो अमेरिका के सामने सभी विकल्प खुले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ नए हवाई हमलों पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। यह निर्णय 13 दिनों से जारी सैन्य कार्रवाई के बीच आया है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप का यह आदेश ओमान के एक प्रतिनिधिमंडल के तेहरान पहुंचने के कुछ घंटों बाद आया।

# यूपी में शिवालयों की सुरक्षा हुई हाईटेक, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़ में शिवालयों की सुरक्षा हाईटेक करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। खेरेश्वर, अचलेश्वर मंदिर व भूमियां बाबा आश्रम पर डीएम-एसएसपी ने व्यवस्थाएं देखीं। बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, सीसीटीवी का लिया जायजा लिया। यूपी के अलीगढ़ में श्रावण मास को लेकर पुलिस प्रशासन ने शासन के निर्देशानुसार तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले के सभी प्रमुख शिवालय जहां कांवड़ियों व भोले के भक्तों की भीड़ उमड़ती है। वह सभी सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे। मंदिरों में प्रवेश-निकास मार्ग बनाएं जाएंगे। शनिवार को डीएम व एसएसपी ने प्राचीन खेरेश्वर मंदिर, अचलेश्वर मंदिर व भूमियां बाबा आश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम अविनाश कुमार व एसएसपी नीरज कुमार जादौन शनिवार को श्रावण मास के दृष्टिगत खेरेश्वर एवं अचलेश्वर महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। इन दोनों मंदिरों पर श्रावण मास को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को यहां पर भोले के भक्तों का मेला लगता है। जलाभिषेक करने के लिए दूर-दराज से भक्त आते हैं। वहीं कावड़िए भी काफी संख्या में पहुंचते हैं। अधिकारियों को मंदिर प्रबंधन समिति से समन्वय करते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम व एसएसपी कांवड़ शिव भक्तों द्वारा किए जाने वाले जलाभिषेक को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से भूमियां बाबा मंदिर का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने निर्देश दिए कि श्रावण में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

# क्या भारत-नेपाल यात्रा के नियमों में होंगे बदलाव? बालेंद्र सरकार ने नई दिल्ली से किया ये अनुरोध

## अभी भारत-नेपाल यात्रा के लिए क्या नियम

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत और नेपाल के बीच लोगों की आवाजाही को और आसान बनाने की दिशा में एक नई पहल सामने आई है। नेपाल की बालेंद्र सरकार ने नई दिल्ली से अनुरोध किया है कि नेपाली नागरिकों के बायोमेट्रिक नेशनल आइडेंटिटी (एनआईडी) कार्ड को भी सीमा पार यात्रा के लिए आधिकारिक दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाए। अगर भारत इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है तो भविष्य में दोनों देशों के बीच यात्रा के नियमों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है और नेपाली नागरिकों के लिए भारत आना-जाना पहले से अधिक आसान हो जाएगा।

नेपाल सरकार ने यह प्रस्ताव कूटनीतिक माध्यम से भारत को भेज दिया है और अब नई दिल्ली के जवाब का इंतजार किया जा रहा है। नेपाल के आव्रजन विभाग के महानिदेशक रामचंद्र तिवारी ने कहा कि यह प्रस्ताव विदेश मंत्रालय के जरिए भारत को भेजा गया है। उनका कहना है कि सरकार भविष्य में नागरिकता प्रमाणपत्र की जगह केवल एक आधुनिक, सुरक्षित और तकनीक आधारित पहचान पत्र लागू करना चाहती है। इसी वजह से भारत से अनुरोध किया गया है कि एनआईडी कार्ड को हवाई और सड़क दोनों मार्गों से यात्रा के लिए मान्यता दी जाए। फिलहाल भारत आने वाले नेपाली नागरिकों को, खासकर हवाई यात्रा के दौरान, वैध पासपोर्ट या मूल नागरिकता प्रमाणपत्र दिखाना अनिवार्य होता है। दूसरी ओर नेपाल जाने वाले भारतीय नागरिकों को पासपोर्ट या फोटोयुक्त मूल मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना पड़ता है। दोनों देशों के नागरिकों को एक-दूसरे के यहां जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं होती, लेकिन यात्रा के दौरान तय पहचान दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है। नेपाल का मानना है कि एनआईडी कार्ड को मान्यता मिलने से यह प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

**नेपाल एनआईडी कार्ड को क्यों बनाना चाहता है यात्रा का आधार:** नेपाल सरकार धीरे-धीरे नेशनल आइडेंटिटी



कार्ड को सभी प्रमुख सरकारी सेवाओं के लिए अनिवार्य बना रही है। बैंकिंग, भूमि पंजीकरण, पासपोर्ट जारी करने और कई अन्य सरकारी सेवाओं में इस कार्ड का इस्तेमाल बढ़ाया जा रहा है। सरकार की योजना है कि भविष्य में नागरिकता प्रमाणपत्र की जगह यही एकमात्र आधिकारिक पहचान पत्र बने। रामचंद्र तिवारी ने कहा, 'लंबे समय में हमारे पास एक ही पहचान पत्र होगा, जो नागरिकता प्रमाणपत्र की जगह लेगा। यह पूरी तरह सत्यापित, सुरक्षित और तकनीक के अनुकूल है। इसलिए हमने भारत से अनुरोध किया है कि हवाई और सड़क दोनों मार्गों से यात्रा के दौरान इसका उपयोग स्वीकार किया जाए।'

**भारत की प्रतिक्रिया और आगे क्या हो सकता है:** नेपाल के वरिष्ठ आव्रजन अधिकारियों के अनुसार, इस सप्ताह भारत के दूतावास का एक प्रतिनिधिमंडल नेपाल के आव्रजन विभाग के अधिकारियों से मिला था। अधिकारियों का कहना है कि भारतीय पक्ष ने इस पहल पर सकारात्मक रुख दिखाया और बताया कि प्रस्ताव को नई दिल्ली में निर्णय लेने वाले स्तर तक भेज दिया गया है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीमा पार यात्रा का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने और लोगों की आवाजाही को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने पर भी चर्चा हुई है। हालांकि भारत की ओर से अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। नेपाल का बायोमेट्रिक नेशनल आइडेंटिटी कार्ड फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान और आंखों की पुतली की पहचान जैसी आधुनिक तकनीक से लैस है। इसकी शुरुआत वर्ष 2009 में पंचथर जिले और सरकारी कर्मचारियों के बीच पायलट परियोजना के रूप में हुई थी। अब तक 45 लाख से अधिक नेपाली नागरिकों को यह कार्ड जारी किया जा चुका है, जबकि करीब दो करोड़ लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है। रामचंद्र तिवारी ने कहा, 'भले ही अभी सभी नागरिकों को एनआईडी कार्ड नहीं मिला है, लेकिन यह सुरक्षित और तकनीक के अनुकूल है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496